माघ कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

मुरादाबाद
गुरुवार, 8 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 319, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



कुछ सालों में वैश्विक तापमान में $2^0$ बढ़ोतरी के आसार 16
सुजय बोले- श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत 15

## एक नजर

### आतंकी लांडा और रिंदा के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब में आतंकवादियों लखबीर सिंह लांडा और हरविंदर सिंह रिंदा के तीन गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बुधवार को कहा कि पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स ने उनके कब्जे से दो पिस्तौल एवं 10 कारतूस भी बरामद किए। लांडा फिलहाल कनाडा में रह रहा है जबकि रिंदा पाकिस्तान में है। गिरफ्तार लोगों में जोबनजीत सिंह उर्फ जोबन, बिक्रमजीत सिंह और कुलविंदर सिंह उर्फ काला है।

### हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत पांच दिन बढ़ी

**रांची।** भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) हिरासत बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन को दो फरवरी को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा गया था जो बुधवार को समाप्त हो गई।

### जजों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाना अव्यावहारिक

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद की एक समिति से कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु उनके कामकाज के आधार पर बढ़ाना व्यावहारिक नहीं हो सकता तथा इससे संसद के अधिकारों में और कटौती होगी। विधि एवं कार्मिक मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने पिछले साल हाईकोर्ट के न्यायाधीशों का कार्यकाल कामकाज के आधार पर मूल्यांकन की सिफारिश की थी।

### सीए फाउंडेशन परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार को चार्टर्ड अकॉउंटेंसी (फाउंडेशन कोर्स) परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। दिसंबर-जनवरी में यह परीक्षा 562 केंद्रों पर हुई थी। परीक्षा में 29 .99 प्रतिशत परीक्षार्थी ही पास हुए हैं। पुरुष वर्ग में जहां 30 .19 प्रतिशत( कुल 21728 परीक्षार्थी) अभ्यर्थियों ने पास किया, वहीं महिला वर्ग में 29 .77 प्रतिशत (कुल 19404 परीक्षार्थी) अभ्यर्थी ही परीक्षा पास कर पाई हैं।

## आतंकियों ने पंजाब के 2 श्रमिकों को गोली मारी, एक की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

**श्रीनगर में टारगेट किलिंग**

▶▶ हमलावरों की तलाश में पुलिस ने की इलाके की घेरेबंदी

आतंकवादियों ने बुधवार को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अमृतसर के रहने वाले अमृतपाल सिंह को शाम करीब सात बजे हब्बा कदल के शल्ला कदल इलाके में आतंकवादियों ने एके राइफल से नजदीक से गोली मार दी। उन्होंने कहा कि सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 वर्षीय रोहित नामक एक अन्य गैर-स्थानीय श्रमिक इस घटना में घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि रोहित भी अमृतसर निवासी है। उसके पेट में गोलियां लगी थीं और उसका यहां एसएमएचएस अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने हमलावरों का पता लगाने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है। इस साल कश्मीर में गैर स्थानीय पर आतंकियों का यह पहला हमला है। गत वर्ष आतंकियों ने अनंतनाग और शोपियां सहित घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों पर कई हमले किए थे।

## उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी विधेयक पास

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** विधानसभा में बुधवार को कई घंटे चली चर्चा के बाद बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पारित होते ही सदन जय श्रीराम, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान नागरिक संहिता बिल पेश किया था, जिसे दो दिन तक चली चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया।

### यूसीसी लाना देवभूमि का सौभाग्यः धामी



यूसीसी पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस विधेयक पर सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भारत में कई बड़े प्रदेश हैं, लेकिन यह अवसर उत्तराखंड को मिला है, यह देवभूमि का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण विधेयक नहीं है, बल्कि भारत की एकात्मा का सूत्र है। हमारे संविधान शिल्पियों ने जिस अवधारणा के साथ हमारा संविधान बनाया था, देवभूमि उत्तराखंड से वही अवधारणा धरातल पर उतरने जा रही है।

बुधवार को विधेयक पर दिन भर चली चर्चा के बाद सायं 5 बजे मुख्यमंत्री धामी ने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक पूरे देश को राह दिखाएगा। यह ऐतिहासिक पल देवभूमि को मिला और एक इतिहास रचा। इसके लिए जनता बधाई की हकदार है। सभी के सहयोग से समरस व आदर्श समाज का निर्माण किया जाएगा। कई लोगों की जिंदगी में बदलाव आएगा।

धामी ने विधेयक के मुख्य बिंदु विस्तार से सदन में रखे। उन्होंने कहा कि संहिता में जरूरी संशोधन भी किए जाएंगे।

▶▶ समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में समान नागरिक संहिता का निर्देश किया गया, लेकिन आंबेडकर के सिद्धांतों पर काम न होकर तुष्टिकरण की नीति अपनाई गई। हमने 2022 में कहा था कि नई सरकार का गठन होते ही समान नागरिक संहिता बनाएंगे। आज हमने उस वादे को पूरा कर दिया है। मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद विधेयक को ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

### ऐसे बनी संहिता

- पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने तैयार की यह संहिता
- समिति ने सुझाव लेने को 43 जनसंवाद कार्यक्रम किए
- समिति को मिले कुल 32 लाख 32 हजार 961 सुझाव
- 2 फरवरी को संहिता का प्रारूप मुख्यमंत्री को सौंपा
- 4 फरवरी को धामी मंत्रिमंडल ने इसे दी अपनी मंजूरी
- 6 फरवरी को विधानसभा में रखा गया यूसीसी विधेयक
- 7 फरवरी को दो दिन की चर्चा के बाद हो गया पारित
- 202 पृष्ठों की इस संहिता में हैं कुल 392 धाराएं

# महाभारत न हो इसलिए अयोध्या, मथुरा, काशी ही चाहा

## विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन धर्म स्थलों का मुद्दा उठाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ बोले, 5 हजार साल पहले जो अन्याय पांडवों के साथ हुआ वही आज बहुसंख्यक समाज के साथ हो रहा

▶▶ कृष्ण के सिर्फ पांच गांव मांगने पर दुर्योधन ने नहीं दिया फिर महाभारत हुई और कौरव हुए खत्म

▶▶ राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के तर्क के बाद नेता सदन ने दिया जवाब

▶▶ विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में अयोध्या, काशी, मथुरा विवाद पर अपनी बात रखते हुए विपक्ष को महाभारत का कारण समझाया। योगी ने यह कहते हुए अपना मंतव्य स्पष्ट किया कि, पांच हजार साल पहले पांडवों के साथ जो अन्याय हुआ था वही आज बहुसंख्यकों के साथ हो रहा है। योगी ने कहा, उस वक्त युद्ध टालने के लिए कृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, हमने भी केवल तीन धार्मिक स्थल ही चाहा है। उस काल में कृष्ण की मांग न पूरी होने पर महाभारत हुआ और कौरव स्वाहा हो गए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय क्षण बताया। इसी कड़ी में उन्होंने विपक्षी दल सपा और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को घेरा। योगी ने अयोध्या के साथ-साथ काशी और मथुरा विवाद को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने दुर्योधन से पांच गांव मांगे थे, उसी तरह सिर्फ तीन स्थलों की बात की गई है। ये तीनों ईश्वर के अवतरण की धरती हैं, लेकिन एक जिद और उसमें राजनीतिक तड़के व वोट बैंक की प्रवृत्ति ने विवाद खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि तब भी दुर्योधन ने कहा था कि सुई की नोक के बराबर जगह नहीं दूंगा तो महाभारत हुआ। यहां भी वोट बैंक के लिए हमारी संस्कृति और आस्था को रौंदने वाले आक्रांताओं का महिमामंडन किया गया, जिसे अब देश स्वीकार नहीं करेगा।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों ने अयोध्या को प्रतिबंधों और कर्फ्यू के दायरे में रखा। अयोध्या सुनियोजित तिरस्कार भी झेलती रही। लोक आस्था के साथ ऐसा खिलवाड़ कभी देखने को नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जो काम सन् 1947 से ही होना चाहिए उसके लिए आज भी बहुसंख्यक समाज गिड़गिड़ा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रहे सपा प्रमुख अखिलेश



अपनी बात को आगे बढाते हुए योगी ने नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव को सीधे निशाने पर लिया। कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण की शुरुआत में ही रामलला का जिक्र था। मुझे आश्चर्य हुआ कि नेता प्रतिपक्ष इस सदी की सबसे बड़ी घटना की ओर ध्यान आकर्षित करने के बजाय ध्यान भटकाते रहे। अब तक की उनकी परिपाटी रही है कि तथ्यों और तर्कों से नहीं अपनी बातों को जबरन थोपने का प्रयास करते हैं। तंज कसा कि, अयोध्या में माता शबरी के नाम पर रसोईघर शुरू हो चुका है। माता शबरी के अनुयायी पीडीए के पार्ट हैं या नहीं। निषाद राज के नाम पर रैन बसेरे शुरू हुए हैं, निषादराज के अनुयायी पीडीए का हिस्सा हैं या नहीं। योगी ने सदन में मौजूद शिवपाल यादव का संज्ञान लेते हुए सवाल उठाया कि सपा की लोस उम्मीदवारों वाली सूची में परिवार के तीन सदस्यों के नाम थे, चच्चू का नाम क्यों नहीं था। अगर प्रभु राम को मानते, रामायण से सीखते या महाभारत से ही सीखते तो चच्चू का अपमान नहीं करते।

### पीडीए बिन 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना रहेगा अधूरा : अखिलेश



नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने अपने भाषण में रामलला का जिक्र भले ही नहीं किया लेकिन अयोध्या पर चर्चा अवश्य की। अखिलेश का आरोप रहा कि वहां जमीनों की खरीद में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। अखिलेश ने कहा कि सरकार का 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का सपना पीडीए को साथ लिए बिना पूरा नहीं हो सकता।

### सपा के पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : पाठक



सदन में बुधवार को मुख्यमंत्री समेत सत्तापक्ष के सदस्य उस वक्त अपनी हंसी रोक न सके जब उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी के पीडीए का अर्थ समझाया। उप- मुख्यमंत्री ने कहा कि इनके पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। बाद में मुख्यमंत्री ने भी अपने भाषण में पाठक के इस बयान का जिक्र भी किया।

### सदन में नजर नहीं आए रालोद के सदस्य

सपा को झटका देकर रालोद के भाजपा के साथ गठबंधन करने की चर्चाओं के बीच बुधवार को सदन में रालोद के सदस्य नजर नहीं आए। विपक्ष में समाजवादी पार्टी के सदस्य जहां लाल टोपी के साथ दिखते हैं वहीं रालोद सदस्य अपने हरे गमछे के साथ होते हैं। चर्चा यह रही कि रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी अपने सभी विधायकों को लेकर दिल्ली गए हैं।

**दिल्ली आबकारी मामला**

## ईडी की याचिका पर केजरीवाल 17 को कोर्ट में तलब



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने समन का पालन न करने को लेकर ईडी की शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को तलब किया है। ईडी ने आबकारी नीति से संबंधित एक धन-शोधन मामले में पूछताछ के लिए केजरीवाल को समन भेजे थे। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने कहा कि शिकायत पर संज्ञान ले लिया गया है और उन्हें 17 फरवरी को तलब किया गया है। ईडी ने केजरीवाल के खिलाफ समन का पालन न करने पर तीन फरवरी को एक नया मामला दर्ज कराया था। मुख्यमंत्री पिछले शुक्रवार को ईडी के पांचवें समन पर भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए जो उन्हें बुधवार को जारी किया गया था।

## घटिया दवाएं बनाने वाली कंपनियों पर करें कार्रवाई

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**हाईकोर्ट की गंभीर टिप्पणी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने घटिया दवाओं और इंजेक्शन के वितरण मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि घटिया दवाएं स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक गंभीर मुद्दा हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उपभोक्ता को उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया तथा गुणवत्ता के बारे में जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे एक्सपायर्ड और घटिया उत्पादों को अनजाने में इस्तेमाल कर लेते हैं। जिसके परिणामस्वरूप उपचार विफल हो जाता है। अतः ऐसी नकली, मिलावटी और घटिया ब्रांड की दवाएं तथा इंजेक्शन तैयार करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है, जो आर्थिक लाभ के लिए आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करती हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने केशव कुमार और दो अन्य की याचिका को खारिज करते हुए की।

शिकायतकर्ता हेल्थ केयर बिजनेस से जुड़ा है। उसने दवाओं की कंपनी वीएडीएसपी फार्मास्यूटिकल्स से 2000 इंजेक्शन खरीदे थे जो घटिया निकले।

## संसद भवन में वास्तुदोष बताने वाले खुशदीप बंसल गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ खुशदीप पर भाई हरिश के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप

असम पुलिस ने जाने-माने वास्तु शास्त्री खुशदीप बंसल को गिरफ्तार किया है। खुशदीप पर अपने भाई हरिश बंसल के साथ मिलकर 65 करोड़ की ठगी का आरोप है। असम पुलिस के साथ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट (सीआई) ने दोनों को बाराखंभा इलाके के मॉर्डन स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। खुशदीप बंसल ने पुरानी संसद भवन की लाइब्रेरी से वास्तु ठीक करने का दावा किया था। 5 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद असम पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर असम ले गई। सूत्रों के अनुसार असम पुलिस ने गिरफ्तारी से पहले दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से संपर्क किया था और बताया था कि खुशदीप बंसल पर गैर जमानती वारंट है और वह सैनिक फॉर्म में रहता है।

65 करोड़ रुपये के ऑटोनॉमस काउंसिल घोटाले का यह मामला 2022 का है। इसमें खुशदीप बंसल और उनके भाई समेत कुल पांच आरोपी हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के एक कांग्रेस नेता का बेटा भी शामिल है। मामले में गुवाहाटी हाईकोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ सर्च वारंट भी जारी किया था। दिल्ली के सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्रालि. के मालिक कमल सबरवाल ने खुशदीप बंसल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। खुशदीप बंसल ने पुलिस को बताया कि उसने किसी को कमल सबरवाल से मिलवाया था और उसने ठगी की थी। असम पुलिस का कहना है कि सभी ने मिलकर जालसाजी की है।

## नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद

**चतरा (झारखंड)।** झारखंड के चतरा जिले में बुधवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए जबकि एक घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ झारखंड की राजधानी रांची से लगभग 200 किलोमीटर दूर सदर और बशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्रों के बीच बैरियो के जंगल में हुई। पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) अमोल वी होमाकर ने बताया कि इस घटना में दो सुरक्षाकर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मृतक जवानों की पहचान सिकंदर सिंह और सुकन राम के तौर पर की गई है। दोनों क्रमशः बिहार के गया और झारखंड के पलामू जिले के रहने वाले थे।

## शरद गुट की पार्टी का नाम हुआ राकांपा शरदचंद्र पवार

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ निर्वाचन आयोग ने तीन विकल्पों में से एक आवंटित किया

निर्वाचन आयोग ने बुधवार को शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह के लिए पार्टी का नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' आवंटित किया। आयोग का यह आदेश अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न देने के एक दिन बाद आया है। अजित पवार पिछले साल जुलाई में राकांपा के अधिकतर विधायकों के साथ अलग हो गए थे और उन्होंने महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा-शिवसेना सरकार का समर्थन किया था। आयोग ने शरद पवार समूह से तीन नाम सुझाने को कहा था, जिनमें से एक को महाराष्ट्र में आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर आवंटित किया जा सके। तदनुसार, शरद पवार समूह ने आयोग को तीन नाम - राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदराव पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार का सुझाव दिया। शरद पवार गुट ने अपने लिए चुनाव चिह्न 'बरगद का पेड़' भी मांगा था।

## आपदा से बचाव का मंत्र देंगे पंचायत भवन

**विशेष**

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▶▶ आठ तरह की आपदा से बचने के लिए जागरूक करेंगे सन व विनायल बोर्ड

▶▶ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ पंचायतीराज विभाग करेगा काम

**अमृत विचार :** पंचायत भवनों में सरकारी काम के साथ ग्रामीणों को आपदा से बचाव का मंत्र दिया जाएगा। इसके लिए भवन की दीवारों पर सन बोर्ड-विनायल बोर्ड लगाए जाएंगे।

इसमें आठ तरह के आपदा के बारे में जानकारी होगी। यह पहल उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर की है। पंचायत भवन पर चित्रों के माध्यम से ग्रामीणों को आपदा से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। बोर्ड पर आपदा के समय क्या करें और क्या न करें की जानकारी के साथ सावधानियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा। ताकि ग्रामीण ऐसे हालात में खुद को बचा सकेंगे।

### कार्यदायी संस्था लगाएगी बोर्ड, होगी जियो टैगिंग

बोर्ड बनाने और लगाने का काम कार्यदायी संस्था करेगी। इसकी जियो टैगिंग के आधार पर मॉनीटरिंग की जाएगी। देखरेख ग्राम पंचायत करेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व जिला पंचायतराज अधिकारी संयुक्त रूप से इस कार्य का सत्यापन कर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को रिपोर्ट देंगे। साथ ही बोर्ड का एक नमूना डीपीआरओ कार्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

**इन आपदाओं का किया चयन :** बाढ़, डूबने के कारण, नाव दुर्घटना, बज्रपात, अग्निकांड, सर्पदंश, शीतलहर, हीटवेव, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान व चक्रवात, मानव वन्य जीव द्वंद

> अभियानों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। फिर भी ज्यादातर को जानकारी नहीं हो पाती है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की इस पहल से सभी को जागरूक करने में मदद मिलेगी।
>
> – **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग उप्र।

## जनवरी में 10 जिले नहीं दे पाए श्रमिकों को काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ पिछले माह 19,438 ग्राम पंचायत में एक भी नहीं हुए मनरेगा के काम

▶▶ मांग के सापेक्ष 98 प्रतिशत काम उपलब्ध कराने का दावा

**अमृत विचार :** रोजगार की गांरटी देने वाली मनरेगा योजना में 19,438 ग्राम पंचायतों में काम की प्रगति जनवरी में शून्य रही। इनमें 10 जिलों में शून्य मानव दिवस सृजित करने वाली पंचायतों की संख्या सबसे अधिक हैं। जहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

मनरेगा में 5 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य मिलने पर भी जनवरी में 19,438 ग्राम पंचायतों में एक भी श्रमिक को काम नहीं मिला। इससे इन ग्राम पंचायतों में रोजगार की प्रगति शून्य रही। इनमें बागपत, बुलंदशहर, मेरठ, शामली, संभल, मथुरा, मुज्जफरनगर, बदायूं, हाथरस व आगरा ऐसे जिले हैं जहां शून्य प्रगति वाली ग्राम पंचायतों की संख्या



सबसे अधिक है। यह श्रमिकों द्वारा काम मांगने पर आधारित योजना। इस तरह के आंकड़ों पर गौर करें तो प्रदेश में 85.29 लाख श्रमिकों द्वारा काम मांगा गया और 85.27 लाख श्रमिकों को 98 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जबकि 1531 मांग लंबित है। आयुक्त ग्राम्य विकास की समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

## उत्तराखंड के पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के कई ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

ब्यूरो, देहरादून



▶▶ पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में राज्य के पूर्व वन मंत्री के खिलाफ कार्रवाई

▶▶ दिल्ली और हरियाणा स्थित आवासों से टीम ने कब्जे में लिए अहम दस्तावेज

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में बुधवार का दिन सियासी हलचल से भरा रहा। जहां एक ओर विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर बहस चल रही थी, वहीं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम कांग्रेस नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा दो आईएफएस अधिकारियों व एक भाजपा नेता के घर छापे मार रही थी। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री के उत्तराखंड से लेकर दिल्ली व पंचकूला तक 14 ठिकानों पर छापा मारा है।

बताया जा रहा है कि ईडी ने रावत के ठिकानों पर यह छापेमारी पाखरो रेंज घोटाले से संबंधित मामले में की है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत छापे की कार्रवाई की है। देहरादून में ईडी टीम रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित घर पहुंची। टीम ने घरवालों से पूछताछ कर आलमारी का ताला खोलने को कहा तो घरवालों ने आलमारी की चाबी खो जाने की बात कही, जिसके बाद चाभी बनाने वाला बुलाया गया। उसके बाद अलमारी का लॉक खोलकर अंदर से कई दस्तावेज निकाले गए।

ईडी ने रावत के श्रीनगर स्थित भवन पर भी छापा मारा। वहां मौजूद रावत की मां व अन्य लोगों से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की। रावत के बिधौली स्थित हॉस्टल, श्रीनगर स्थित होटल, गुहाड़ गांव स्थित पैतृक घर, सहसपुर में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में भी ईडी की टीम गई है। रावत के दिल्ली और पंचकूला (हरियाणा) स्थित आवासों पर भी छापेमारी कर दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- शिव विहार स्थित दुर्गा मंदिर में साईं बाबा की पूजा अर्चना सुबह 7 बजे।
- आईडेंटी कॉलेज के मैदान पर हॉकी का मैच शाम 4 बजे

# सरस हॉट तैयार, 14 फरवरी को उद्घाटन

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



गांव शंकरपुर में बनवाया गया सरस हॉट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में प्रदेश का पहला आधुनिक सरस हॉट बनकर तैयार हो गया है। इसका उद्घाटन 14 फरवरी को किया जाएगा। सरस हॉट का संचालन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराया जाएगा।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के नेतृत्व में यह सरस हॉट सभी सुविधाओं से लैस रेस्टोरेंट, स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन व विपणन की थीम पर तैयार कराया गया है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नन्द किशोर कलाल ने बताया कि विकासखंड चमरौआ की ग्राम पंचायत शंकरपुर क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इस सरस हॉट में विभिन्न उत्कृष्ट स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद, रामपुर के लजीज व्यंजन, एफ़पीओ के उत्पाद और ओडीओपी के तहत जिले के चयनित स्थानीय उत्पादों के लिए 13 दुकानें एवं शोरूम

**उत्पादों के विपणन, प्रदर्शन का बनेगा केंद्र, सुविधाओं और सुरक्षा से है लैस**

आवंटित किए गए हैं। सरस हॉट में आने वाले लोगों की सुरक्षा और सुविधाओं का भी खास ख्याल रखा गया है। परिसर में दो कमरे बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न संसाधनों से लैस हैं। लोगों को आकर्षित करने के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। सरस हॉट के आधुनिकीकरण एवं कायाकल्प में क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत, मनरेगा एवं सीएलएफ से 44 लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई है। यह हॉट बीते कई वर्षों से बंद था। इस वजह से क्षतिग्रस्त भी हो गया था। पुनरुद्धार एवं कायाकल्प कराने के बाद इसके संचालन से स्वयं सहायता समूह और एफपीओ से जुड़े करीब 250 से अधिक प्रशिक्षित महिलाओं एवं किसानों के लिए रोजगार के अवसर का सृजन हो सकेगा।

### रोज-डे पर मिस्टन गंज और सिविल लाइंस में बिके लाल गुलाब, नौ फरवरी को चॉकलेट-डे

# प्रपोज-डे पर दिल की बात कहने को हिम्मत जुटा रहे युवा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



सिविल लाइंस स्थित बाजार में आर्टिफिशियल गुलाब के फूल खरीदते युवा।

**अमृत विचार:** जो बात जुबान नहीं कह पाती वह फूल आसानी से कह देते हैं। बुधवार को रोज-डे पर युवाओं ने एक-दूसरे को फूल भेंट कर अपनी भावनाओं का इजहार किया। बाजारों में सर्वाधिक लाल गुलाब के फूलों की बिक्री हुई। लाल गुलाब देकर अपने दिल की बात कही, जबकि कुछ युवाओं ने पीले रंग का गुलाब देकर दोस्ती का हाथ बढ़ाया। शहर के बाजार मिस्टन गंज, पुराना गंज, हामिद गेट, सिविल लाइंस क्षेत्र में फूलों की खूब बिक्री हुई। आठ फरवरी को प्रपोज-डे मनाने की भी तैयारी है। व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर प्रेम का इजहार करने की भी योजना है।

सात फरवरी बुधवार को प्रेमियों ने लाल गुलाब के फूल देकर अपने प्रेम का इजहार किया। पार्कों और रेस्तरां में युवाओं की भीड़ रही। हालांकि, युवा कैमरे और नाम बताने से बचते रहे। युवा आठ फरवरी को प्रपोज-डे मनाए जाने की तैयारी में हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक युवा ने कहा कि इस मौके को नहीं गंवाएंगे और अपने दिल की बात जरूर कहेंगे। नौ फरवरी को चॉकलेट-डे मनाया जाएगा। इस दिन प्रेमी जोड़े एक-दूसरे को चॉकलेट खिलाते हैं, ताकि जिंदगी में चॉकलेट की तरह मिठास रहे। 10 फरवरी को टेडी बियर-डे मनाने की तैयारी है। युवा दिल की कोमलता का एहसास दिलाने के लिए टेडी बियर गिफ्ट करते हैं। 11 फरवरी को प्रामिस-डे मनाया जाएगा। इस दिन प्रेमी एक-दूसरे के संग जिंदगी बिताने के लिए कसमें व वादे करते हैं। 12 फरवरी को हग-डे मनाने के लिए तैयारी है। इस दिन प्रेमी एक-दूसरे को गले लगाकर प्रेम जताते हैं। 13 फरवरी को किस-डे मनाया जाएगा। प्रेम जताने के लिए चुंबन का सहारा लिया जाएगा। 14 फरवरी को वैलेंटाइन-डे मनाने की तैयारियां भी चल रही हैं। मिस्टन गंज स्थित फूलों के दुकानदार रमेश सैनी बताते हैं कि बुधवार सुबह से ही फूलों की खूब बिक्री हुई है। बताते हैं कि लाल गुलाब की मांग काफी रही। इसके चलते फूलों की कीमत तीन सौ रुपये किलो तक पहुंच गई। हामिद गेट स्थित मार्केट में प्रबल चावला बताते हैं कि इस बार वैलेंटाइन वीक के लिए तरह-तरह के गिफ्ट आए हैं। बताया कि टेडी बियर कई तरह के मौजूद हैं।

## एक नजर

### एसबीआई की ऋण योजना का लोग उठाएं लाभ

**रामपुर, अमृत विचार:** भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक देवेंद्र कुमार मित्रा ने बताया कि पांच से 17 फरवरी तक जीरो बैलेंस पर ग्राहकों के खाते खोले जा रहे हैं। बैंक की ओर से पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना और सवाधि खातों की व्यवस्था कराई गई है। जीरो बैलेंस पर खाता खुलवाकर ऋण योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है। नवाब गेट स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की मुख्य शाखा में जीरो बैलेंस पर खाते खोले जा रहे है। बैंक द्वारा विभिन्न प्रकार के ऋण दिए जा रहे हैं। इसमें बैंक के पीपीएफ, सुकन्या, समृद्धि योजना के सवाधि खाते भी खुल रहे हैं।

### पेंशनर्स जमा कराएं चालान

**रामपुर, अमृत विचार:** वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि कोषागार से जो पेंशनर्स आयकर की सीमा में आते हो। वे देय आयकर बैंक में चालान द्वारा जमा कर चालान की प्रति अपनी आयकर विवरणी के साथ कोषागार में 20 फरवरी तक उपलब्ध करा दें। पेंशन उनके खाते में एक मार्च को भेजी जा सकेगी।

# बापू मॉल की 151 दुकानों का आज होगा आंवटन

## व्यापारियों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन, पालिका प्रशासन पर मनमानी का आरोप

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



अधिशासी अधिकारी दुर्गेश त्रिपाठी को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी व व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने बापू माल की दुकानों का आंवटन कराने की मांग उठाई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि बापू मॉल की लगभग 400 दुकानें बदतर स्थिति में होती जा रही हैं। हालांकि आज दुकानों की आवंटन प्रक्रिया होगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप के नेतृव में कार्यकर्ता एकत्र होकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने ईओ को ज्ञापन देकर बताया कि बापू मॉल की दुकानें खस्ताहाल होती जा रही हैं। प्रदेश सरकार के 25 करोड़ रुपये का सदुपयोग नहीं हो रहा है। व्यापार मंडल के आंदोलन व अनुरोध के बावजूद भी नगर पालिका परिषद गरीब, मध्यम स्तर के नौजवानों, बेरोजगारों और जरूरतमंदों को दुकान लॉटरी सिस्टम पर आवंटित करने को तैयार ही नहीं है।

नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार मनमानी कर पूंजी पतियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। नीलामी प्रक्रिया होने से गरीब व मध्यम स्तर के बेरोजगार लोग परेशान हो रहे हैं। लॉटरी सिस्टम के आधार पर 1,00,000 रुपये एडवांस पगड़ी व 1000 प्रति माह किराया के आधार पर शहर के विकास के लिए इस बापू मॉल को शुरू कराना चाहिए। इससे आम जनता व व्यापारी समाज में खुशहाली आएगी। शहर में अर्थव्यवस्था में सुधार हो सकेगा। बाजार नसरुल्ला खान में हामिद स्कूल तक डिवाइडर होने के कारण प्रतिदिन जाम लगता है। डिवाइडर को ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए।

इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, सरदार मंजीत सिंह सिंपल, पुलकित अग्रवाल, कन्हैया लाल पटवा, मुमताज अहमद, प्रमोद कुमार गुप्ता पीनू भाई, पप्पू खान, मेराज हुसैन, शाहिद अली, सलीम आलम, अब्दुल कादिर, अब्दुल शर्मा, रविंद्र सिंह टोनी, फारुक खान, मंजू खान, अब्दुल बासित, शिबू खान, इमरान खान, हरिओम सैनी, जयपाल सैनी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### दुकानों में कराई गई रंगाई-पुताई

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर की जनता को कई वर्षों बाद बापू मॉल में दुकानें मिलेंगी। इसमें केंद्र बिन्दु प्रथम तल, प्रथम तल बाहरी विंग, प्रथम तल, प्रथम तल बाहरी विंग, भूतल बाहरी विंग और भूतल बाहरी विंग समेत 151 दुकानों का गुरुवार को आवंटन होगा। ईओ दुर्गेश त्रिपाठी ने बताया कि आवंटन प्रक्रिया को लेकर नगर पालिका परिषद के सभागार में दुकानों की नीलामी गुरुवार को होगी। देर रात तक बापू मॉल में सफाई और लाइटिंग की व्यवस्था कराई गई। मॉल में 16 हॉल, 400 से अधिक दुकानें बनाई हैं। दुकानों में केंद्र बिंदु भूतल, प्रथम तल हॉल आदि का किराया अलग-अलग तय किया था। दुकानों को कारोबार के हिसाब से आरक्षित किया गया था। इसमें भूतल की पश्चिमी विंग की 18 दुकानों में बर्तन बाजार, उत्तरी विंग की 30 दुकानों में जूता, चप्पल पूर्वी विंग की 28 दुकानों में हार्डवेयर एवं सैनिटेशन, दक्षिणी विंग की 45 दुकानों में जनरल स्टोर, मध्य विंग की 18 दुकानों में स्वीट्स, बैकरी, मेडिकल, 26 दुकानों को इलेक्ट्रानिक्स के कारोबार के लिए आरक्षित की गई थी। प्रथम तल की दुकानों में कपड़े, सर्राफा, ब्यूटी पार्लर, बुक सैलर, खेलकूद, खिलौने एवं सैलून का काम के लिए आरक्षित किया गया था। नगर पालिका प्रशासन द्वारा सप्ताह भर पहले ही दुकानों के आवंटन प्रक्रिया की तैयारियां शुरू कर दी हैं। दुकानों की नीलामी आज नगर पालिका परिषद के सभागार में होगी।

### बोली के जरिये होगी दुकानों की नीलामी

बापू मॉल जल्द ही आबाद होगा। बिजली फिटिंग से लेकर अन्य संसाधनों को दुरुस्त कराया गया। 151 दुकानों की नीलामी बोली के जरिये होगी। बोली छूटने के बाद प्रीमियम की धनराशि जमा करनी होगी। उधर, दुकानों के आवंटन न होने पर शासन की ओर से तत्कालीन पालिकाध्यक्ष फात्मा जबीं के अधिकारों को भी सीज किया गया था। 2018 में प्रशासन की सख्ती के बाद प्रशासक की नियुक्ति कर दुकानों का आवंटन हुआ था। हालांकि, बाद में हाईकोर्ट के स्टे के बाद उनके अधिकारों को बहाल किया गया था।

### मालगोदाम से फैमिली चौराहा तक चला अभियान

**रामपुर, अमृत विचा:** शहर को ग्रीन सिटी, स्मार्ट सिटी बनाए जाने के लिए नगर पालिका परिषद की स्वीपिंग मशीन के जरिए सड़कों की साफ सफाई कराई गई।

मालगोदाम से लेकर फैमिली चौराहे तक रात्रि कालीन में अभियान चलाया गया। प्रमुख चौराहों से साफ सफाई कराई जाए। इसी के तहत बुधवार की रात आठ बजे पालिका की वर्कशाप में खड़ी स्वीपिंग मशीन को बाहर निकलवाया गया। स्वच्छता की ओर एक कदम बढ़ाते हुए अभियान के तहत राधा रोड से मालगोदाम, रेलवे स्टेशन, विकास भवन, निरीक्षण भवन और जिलाधिकारी आवास से होते हुए फैमिली चौराहे तक की सड़क पर साफ सफाई कराई गई। ईओ ने बताया कि स्वच्छता की ओर अभियान के तहत साफ सफाई कराई। इसके लिए पालिका के सभी वार्डों के सुपरवाइजर, सफाई कर्मियों को निर्देशित किया कि अभियान में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पसमांदा समाज के उत्थान को प्रयास जारी

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



आंबेडकर पार्क में बैठक में लोगों को संबोधित करते शहजादे अली अंसारी।

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहजादे अली अंसारी ने कहा कि मुस्लिमों में पसमांदा समाज के उत्थान के लिए भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसके पीछे का तर्क यह नहीं है कि उन्हें थोक का वोट बैंक मात्र माना जाए। भाजपा की मंशा है कि पसमांदा समाज भी विकास की मुख्य धारा से जुड़े और समाज आगे बढ़े।

आंबेडकर पार्क में बुधवार को हुई बैठक में शहजादे अली ने कहा कि कुछ बिना जनाधार वाले लोग पसमांदा मुसलमानों की नुमाइंदगी करने में लगे हैं। यह लाभार्थियों के नाम पर लोभार्थियों की जमात खड़ी करने में जुटे हैं। वे जो लोग पसमांदा मुसलमानों की नुमाइंदगी करने का दावा कर रहे हैं, न तो उनके पास जमीन है और न ही जमीर, ऐसे नेताओं से पसमांदा समाज

**आंबेडकर पार्क में हुई अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम संघ की बैठक**

को होशियार रहने की जरूरत है। राजनीति पर लिखने और बोलने वालों का यह मत हो सकता है कि यह केवल वोट के लिए किया जा रहा है, लेकिन सरकार के प्रयास और कार्यों से पसमांदा समाज को मिल रहे लाभ और सकारात्मक बदलावों को कोई नकार सकता है। कहा कि मुस्लिम समुदाय के वंचित पसमांदा समाज को आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत करने के लिए भाजपा प्रतिबद्ध है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जाहिद हुसैन अंसारी, जिला प्रभारी अजीज अहमद कुरैशी, जुल्फिकार अली, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद रेहान, मोहम्मद फैजान, मेहताब सैफी, इमरान बंजारा, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद दानिश, शुऐब मलिक आदि मौजूद रहे।

# जिले भर में सफाई अभियान चलाने के लिए बनाईं 19 टीमें

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**रामपुर, स्वार, टांडा, मिलक, बिलासपुर, केमरी और शाहबाद क्षेत्र के लिए दो-दो टीमें**

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर रात्रि सफाई अभियान के लिए नगर पालिका और नगर पंचायत के लिए नोडल अधिकारी ने 9 टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें सफाई अभियान चलाएंगी।

जिलाधिकारी ने जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में प्रात कालीन साफ सफाई के साथ-साथ रात्रि कालीन विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद नगर पालिका और नगर पंचायतों में 19 टीमें बनाई गई हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुरूप जिले की नगरपालिका और नगर पंचायतों में स्थित प्रमुख बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर रात्रि में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए टीमों का गठन किया गया। टीमें लगातार सक्रिय होकर रात्रि में घने बाजारों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर रही हैं। रात्रि में सफाई कराने के मुख्य उदेश्य यह है कि सुबह को घनी आबादी क्षेत्र एवं प्रमुख बाजारों में लोगों का आवागमन रहता है जिसे बेहतर साफ-सफाई संभव नहीं हो पाती है।

इसी को देखते हुए नगर पालिका रामपुर में दो,स्वार में दो, टांडा में दो मिलक में दो, बिलासपुर में दो , केमरी में दो, शाहबाद में दो, मसवासी में एक, सैफनी में एक, दढ़ियाल में दो और नरपत नगर दून्दावाला में एक टीम बनाई गई हैं। ये टीमें सफाई अभियान चलाएंगी।

### पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। पूर्ण कालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रश्मि रानी ने बताया कि चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एक पद हैं।

डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल का एक पद एवं असिस्टेंस लीगल एड डिफेंस काउंसिल के लिए दो पद सहित कुल चार पदों पर नियुक्ति की जानी है। निर्धारित पात्रता वाले अभ्यर्थियों के लिए आवेदन की तिथि सात फरवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी कर दी गई है। बताया कि आवेदक निर्धारित प्रारूप पर अपने आवेदन की समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए 15 फरवरी की शाम तक अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में दे सकते हं।



हॉकी मैदान पर विजेता टीम के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

# आईडेंटी की टीम ने रुहेला टाइगर को दी करारी शिकस्त

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** आईडेंटी स्कूल के मैदान पर हॉकी टूर्नामेंट के आगाज होने पर मुख्य अतिथि इंपैक्ट कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. सुल्तान अहमद ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। पहला मैच आईडेंटी स्कूल और रुहेला टाइगर की टीमों के बीच खेला गया।

जुल्फिकार मेमोरियल स्टेट हॉकी टूर्नामेंट का पहला मैच आईडेंटी स्कूल और रुहेला टाइगर की टीमें के बीच खेला गया। आईडेंटी की टीम ने रुहेला टाइगर को 6-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। यूसुफ ने तीन मिनट में गोल किया। 10वें मिनट में ताइबेन और 16वें मिनट में फैजान ने गोल किया। 23वें मिनट में फिर यूसुफ के गोल की वजह से आईडेंटी स्कूल ने रुहेला टाइगर को 6-2 से हरा दिया। मैच में अंपायरिंग साइम और वकार खान ने की। इस मौके पर इकबाल खां, आसिम खां, फहीम कुरैशी, उजैर इमरान आदि रहे। गुरुवार को हॉकी मैच चैंपियन क्लब रामपुर और मुरादाबाद के बीच खेला जाएगा।

**शिक्षा** | इसी माह शुरू होंगी कक्षा-10 और 12 की परीक्षाएं, शिक्षकों से हल करा रहे सिलेबस

# यूपी बोर्ड : विद्यार्थी समय सारिणी बनाकर हर विषय की कर रहे तैयारी

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर**



राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज में तैयारी करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** इस माह में यूपी बोर्ड 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं शुरू होंगी। ये मार्च तक जारी रहेंगी। छात्र-छात्राओं ने तैयारी तेज कर दी है। सभी सिलेंबस के हिसाब तैयारियां कर रहे हैं। शिक्षक भी किसी विषय में छात्रों को परेशानी होने पर उनकी समस्याओं का निस्तारण कर रहे हैं।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं नजदीक हैं। माना जा रहा है कि फरवरी में परीक्षांए शुरू होंगी। इस समय कॉलेजों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी हो रही हैं। परीक्षाएं नजदीक आते ही सभी छात्र एवं छात्राएं पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। परीक्षा में अच्छे अंक पाने को तैयारी कर रहे हैं। छात्राओं ने सिलेबस को लेकर एक समयसारिणी बनाई है।

### परीक्षार्थियों के लिए क्रेंद्रों में कराई गईं व्यवस्थाएं

जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए रोडवेज की बसों की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था करा दी गई है। परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा दें, उन्हें कामयाबी जरूर मिलेगी। प्रत्येक कॉलेज में प्री बोर्ड परीक्षा संपन्न करा दी गई है। 30 विषयों के विषय विशेषज्ञ परीक्षार्थियों को पांच वर्ष के प्रश्न पत्रों को हल करा रहे हैं। यू-ट्यूब के माध्यम से परीक्षार्थियों को पढ़ाया जा रहा है। स्कूलों में भी पूरी तैयारी कराई गई है। परीक्षाएं 71 केंद्रों पर होंगी।



"सभी छात्राओं को मेहनत के साथ पढ़ाया गया है। इस विषय में बारीकी के साथ जानकारी दी गई है। ताकि बोर्ड परीक्षा में किसी प्रकार के सवाल का उत्तर आराम से जवाब दे सकें।
**- डॉ. शालू कौशल, प्रधानाचार्य राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज**



"बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आते ही सभी विषयों पर ध्यान दिया जा रहा है। ताकि परीक्षा के दौरान किसी भी सवाल का सही से उत्तर दिया जा सके। परिवार के लोग हमें सपोर्ट कर रहे हैं। तैयारी अच्छी की जा रही है।
**- कशिश, छात्रा**



"बोर्ड परीक्षा होने वाली है, जिसको लेकर काफी चिंता है। पिछले कई दिनों से सारे विषयों को लेकर पूर्ण रूप से समय दिया जा रहा है। बोर्ड परीक्षा को देखते हुए पढ़ने को समय सारिणी बनाई है।
**- नीलू, छात्रा**



"सिलेबस समय से पूरा हो गया है। इसको देखते हुए अब दूसरे सिलेबस में मुख्य तथ्यों को पढ़ा जा रहा है। ताकि परीक्षा के समय प्रश्नपत्र में आए सारे सवालों के सही से उत्तर लिखे जा सकें।
**- अफीफा खान, छात्रा**

# विश्व हिंदू महासंघ ने उठाई आरडीए को खत्म करने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



जिलाधिकारी से मिलकर आते विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू महासंघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरडीए को खत्म करने की मांग की है। पदाधिकारियों का कहना है कि आरडीए के अधिकारी लोगों को लगातार परेशान कर रहे हैं।

विश्व हिंदू महासंघ के हस्तिनापुर संभाग क्षेत्र के प्रभारी संजय गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि शहर में नगर निगम लागू नहीं है, लेकिन समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां ने जनता पर जुल्म हुए। जबरन, अवैध रूप से अपनी जौहर यूनिवर्सिटी को लाभ देने के लिए रामपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी (आरडीए) बनवाई थी।

**बोले- आरडीए का मुख्य उद्देश्य कॉलोनियों को गिराना**

यह आरडीए एक भी आवासीय कॉलोनी, गरीब और मध्यम स्तरीय समाज के लिए नहीं बनाई है। इस समय आरडीए का मात्र मकसद व मिशन है, प्रतिदिन शोषण व उत्पीड़न की मंशा से विकसित होती कॉलोनियों को ध्वस्तीकरण करना व तोड़फोड़ करना और आर्थिक शोषण करना। उन्होंने कहा कि आरडीए को पूर्ण रूप से समाप्त किया जाए। आरडीए की ध्वस्तीकरण से शहर के सभी इन्वेस्टर, जनता व व्यापारी तहसीलों व उत्तराखंड की ओर पलायन कर चुके हैं।

## एक नजर

### ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए पांच लोग गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गंज पुलिस ने मोहल्ला शीशे वाली मस्जिद में पानी की टंकी के पास खाली मैदान में ताश के पत्तो से जुआ खेलते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते 7060 रुपये फड़ के व 2900 रुपये जामा तालाशी ) कुल 9960 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी बिट्टू सागर, राकेश, सूरज कुमार, अंशू कुमार, छोटे लाल हैं।

### चाकूओं के साथ तीन आरोपी पकड़े गए

रामपुर, अमृत विचार : मिलकखानम पुलिस ने एक आरोपी को चाकू के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने कुलवन्त सिंह पुत्र बूटा सिंह निवासी ग्राम वेवक्ता को एक चाकू के साथ पदमपुरा स्कूल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा अजीमनगर पुलिस ने आरोपी मुजाहिद पुत्र तस्वर निवासी ग्राम आंगा को गांव नगलिया आकिल से ग्राम खंडिया को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस को चाकू मिला है। उधर, कोतवाली पुलिस ने भी आरोपी उमैर खान उर्फ हड्डी उर्फ राजा पुत्र खिल्लू निवासी केले वाली मस्जिद मेहमूद गली बारादरी को मोम के ताजिये से गिरफ्तार किया। उसके पास से चाकू बरामद हुआ है।

### खेत पर गए ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

पटवाई, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव नानकार में मंगलवार शाम खेत पर गए ग्रामीण को लाठी डंडों से पीटक घायल कर दिया। घायल के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी लेखराज अपने खेत पर गया था, इस दौरान गांव के ही सुभाष ने उसे लाठी डंडा से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित का बेटा नरेश ने थाना पहुंचा और की तहरीर दी है।

### छेड़खानी का आरोपी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : शहजादनगर पुलिस छेड़खानी के आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। थाने में क्षेत्र के एक गांव की युवती से छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें देवेन्द्र पुत्र मंगल सैन निवासी ग्राम मझरा अताईनगर को आरोपी बनाया गया था। पीड़िता के बयान के आधार पर मामले में धारा 376 की वृद्धि की गई। बुधवार को आरोपी देवेन्द्र को धमौरा कट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया गया है।

# मिल कर्मचारी ने बिना गन्ना लिए ही कर दी फर्जी तौल

संवाददाता, शाहबाद

▸▸ किसान के खाते में पहुंचा भुगतान का पैसा तो खुली पोल

अमृत विचारः राणा चीनी मिल के एक कर्मचारी को बिना गन्ना आए ही फर्जी तौल कराना भारी पड़ गया। जब किसान के खाते में भुगतान के रुपये पहुंचे तो उसकी पोल खुल गई। मामला पकड़ में आने के बाद मिल प्रबंधन ने उसे तलब किया तो वह वहां से खिसक लिया। एचआर हेड ने कोतवाली में तहरीर दी है। सूचना देने में देरी करने पर इंस्पेक्टर ने एसआर हेड से नाराजगी भी जताई।

बुधवार को राणा चीनी मिल के एचआर डिपार्टमेंट के हेड मोहित कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाल ओमकार सिंह से मुलाकात की। मोहित के मुताबिक मिल के आईटी डिपार्टमेंट में तैनात एक कर्मचारी ने गन्ने की खरीद में हेराफेरी की है। आरोप है कि उसने बिना गन्ना आए ही किसी किसान की पर्ची का नंबर लेकर उसके नाम फर्जी तौल करा दी। इसका पेमेंट भी किसान के खाते में भेज दिया गया। बताया कि लगभग सौ क्विंटल गन्ने की हेराफेरी की गई। मिल प्रबंधन ने आरोपी कर्मचारी को बुलाया। बताया कि एक दिन पेश होने के बाद वह मिल भी नहीं आया। मिल प्रबंधन ने कहा कि वह खरीद की चेकिंग कर रहे थे।

## सील तोड़कर अस्पताल चलाने पर एफआईआर

सैफनी, अमृत विचारः बिना आदेश के सील तोड़कर क्लीनिक चलाने वाले झोलाछाप के खिलाफ नोडल अधिकारी ने मामला दर्ज करा दिया है।

नगर के छितौनी मार्ग स्थित डेंटल क्लिनिक के संचालित होने की शिकायत स्वास्थ्य विभाग से की जा रही थी। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. केके चहल ने झोलाछाप के अशरफी डेंटल क्लीनिक को सील कर दिया था। कार्रवाई के अगले दिन झोलाछाप ने बिना किसी आदेश के दुकान में लगी सील को तोड़कर उपचार शुरू कर दिया। शिकायत मिली तो बुधवार को नोडल अधिकारी ने अपनी टीम के साथ झोलाछाप के डेंटल क्लीनिक को सील कर दिया।

## पूरा दिन कभी धूप, कभी छांव, दो-तीन दिन में तापमान में गिरावट का अनुमान

# शीतलहर चलने से धूप रही बेअसर, परेशानी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बुधवार को बादलों के बीच सूर्यदेव। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बुधवार सुबह से चली शीतलहर के बीच धूप बेअसर रही है। पूरा दिन कभी धूप, कभी छांव खेल चलता रहा। शीतलहर के बीच बाइक सवारों व अन्य राहगीरों की दिक्कत हुई। मौसम वैज्ञानिक अगले दो-तीन दिन सर्द हवा चलने से तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान जता रहे हैं। 10 फरवरी के बाद तापमान में वृद्धि होगी। एक सप्ताह तक कोई पश्चिमी विक्षोभ नहीं है। वर्षा के आसार कम हैं।

दिनभर चली शीतलहर से सर्दी रही। ऐसा माना जा रहा है कि पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते शीत लहर चलने से सर्दी बढ़ी है। दो दिन से मौसम साफ था।

बुधवार सुबह शीतलहर चलने लगी। इससे लोगों को सर्दी का एहसास हो गया। जबकि पिछले दिनों हुए वर्षा से मौसम में बदलाव आ गया था। जनवरी के अंतिम सप्ताह में मौसम का मिजाज बदला था। धूप निकलने के बाद लोगों को सर्दी से राहत मिली थी, लेकिन फरवरी शुरू होते ही मौसम ने फिर से करवट ली। इसके बाद कभी वर्षा तो कभी धूप से लोग परेशान हुए। लेकिन, बुधवार को शीत लहर चलने और आसमान में बादल छाए रहने से सर्दी बढ़ गई।

> पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं है इसलिए मौसम शुष्क रहेगा और वर्षा नहीं होने के आसार हैं। अगले दो-तीन दिन तक तापमान में गिरावट आने का अनुमान है।
>
> -डॉ. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

# हाईवे पर वाहन में घुसी कार, महिला की मौत, बेटा-बहू समेत तीन घायल

## बरेली से आ रहे थे मुरादाबाद के रहने वाले लोग, शहजादनगर में हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर





जिला अस्पताल में भर्ती घायल खुशी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः शहजादनगर क्षेत्र में हाईवे पर मंगलवार रात कार आगे चल रह रहे अज्ञात वाहन में घुसने से महिला की मौत हो गई। हादसे में दंपती सहित तीन लोग घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बालक की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। परिजन महिला का शव लेकर घर रवाना हो गए। जिला बरेली के हाफिज गंज थाना क्षेत्र के गांव तिगरा से बहू के मायके वाले भी मुरादाबाद पहुंच गए।

जिला मुरादाबाद में बंसत विहार क्षेत्र के खुशहालपुर निवासी मीना अरोड़ा (52) ने अपने बेटे राहुल की शादी जिला बरेली में गांव तिगरा निवासी हरविन्दर की बेटी खुशी (22) से 28 जनवरी को की थी। मंगलवार सुबह मीना अरोड़ा अपने बेटे राहुल, बहू खुशी, बेटे के दोस्त अभिषेक और आठ साल के धेवते को लेकर बहू के मायके गई थीं। बुधवार रात 13 बजे वहां से लौटते समय नेशनल हाईवे पर एक होटल के सामने आगे चल रहे अज्ञात वाहन चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे कार अज्ञात वाहन में घुस गई। जिससे मीना की मौत हो गई। जबकि कार सवार अन्य लोग घायल हो गए। सूचना के बाद मौक पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सक ने मीना को मृत घोषित कर दिया। मृतका के धेवते की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया।

खुशी और उसके पति राहुल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बाद में परिजन शव लेकर चले गए।

> देर रात हाईवे पर बरेली से आ रही एक कार शहजादनगर थाने के निकट वाहन में पीछे से जा घुसी। इसके चलते कार में बैठी महिला की मौत हो गई जबकि, परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। -अमर सिंह राठौर, प्रभारी, थाना शहजादनगर

### कार की अगली सीट पर नहीं बैठती मां तो बेटे की जा सकती थी जान

मां की मौत के बाद बेटे और उसके रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों का कहना था कि बरेली से आते समय राहुल का दोस्त अभिषेक कार चलाकर आ रहा था, जबकि सास-बहू और उनका धेवता पीछे वाली सीट पर बैठा था। लेकिन मीना ने अपने बेटे से कहकर कार को रुकवा लिया। उसे पीछे बैठाकर खुद आगे वाली सीट पर बैठ गई। कुछ ही देर में कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन में जाकर घुस गई। अगर मां आगे वाली सीट पर नहीं बैठती तो बेटे की मौत हो सकती थी।

## दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

मसवासी, अमृत विचारः दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह 31 जनवरी को हादसे में घायल हुआ था।

नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी संजय मीना की बाइक में करीमपुर गांव के निकट अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में संजय गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया था। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह घायल को बाजपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया था। बताते हैं कि हल्द्वानी से डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर संजय को बरेली के एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार जख्मी, शाहबाद :** बिलारी निवासी सुलेमान बाइक से शाहबाद आ रहा था। रास्ते में शाहबाद-बिलारी मार्ग पर बड़ागांव के पास बोलेरो गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी टांग फ्रेक्चर हो गई। एंबुलेंस के जरिए उसे शाहबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर देख उसे रामपुर रेफर कर दिया गया।



तहसील में प्रदर्शन करते भाकियू के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

# मांगों को लेकर गरजे किसान आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता, टांडा

अमृत विचारः भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में तहसील में सैकड़ों किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान किसानों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और आंदोलन की चेतावनी दी।

विक्की यादव को टांडा क्षेत्र का तहसील अध्यक्ष चुना गया। बाद में किसानों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष ने बताया कि किसानो के द्वारा विभिन्न समस्याओं के बारे में प्रशासन को बताया गया है। राशन कार्ड बनाने में धांधली हुई है। ग्रामीण इलाकों में क्षतिग्रस्त लिंक मार्गों के गड्ढों की मरम्मत होनी चाहिए। गांव सरकड़ी में श्मशान घाट तक जाने के लिए रास्ता नहीं है। गांव में ही किसानों को खेतों पर जाने के लिए रास्ते में एक कोसी नदी का नाला बहता है जिसमें किसानों के लिए बिल्कुल भी निकलने का रास्ता नहीं है उस नाले पर पुलिया बनना जरूरी है। इस दौरान सियाराम, राम भरोसे, ज्ञान पाल, लखविंदर सिंह, वीरेंद्र गंगवार, हरीशंकर, दानिश खान, महेश बाबू, शबाना, अबरार अंसारी, नरेश, राम किशोर आदि मौजूद रहे।

# झूला झूल रही छात्रा के बाल रॉड पर लिपटे, गंभीर घायल

संवाददाता, शहजादनगर

▸▸ घटना के बाद उर्स के मेले में मची भगदड़, लखनाखेड़ा गांव का मामला

अमृत विचार : शहजादनगर क्षेत्र के गांव लखनाखेड़ा में उर्स में झूला झूल रही छात्रा के बाल रॉड पर लिपट गए। जिससे वह गंभीर से रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मेले में भगदड़ मच गई। घायल छात्रा को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

गांव लखनाखेड़ा स्थित बनी नूर शाह वली मियां के मजार पर सालाना उर्स तीन दिनों से चल रहा है। कमेटी ने उर्स के मेले की अवधि एक दिन और बढ़ा दी। मेले में दुकानें व झूले लगे हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पहाड़ी गेट निवासी नईम खां की बेटी हुमैरा (9) डीएमए स्कूल में कक्षा तीन की छात्रा है। हुमैरा दो दिन पूर्व लखनाखेड़ा में अपने मामा के यहां उर्स में घूमने के लिए आई थी। मंगलवार रात्रि 12 बजे मेले में लगे झूले को देख बच्चे झूला झूलने की जिद करने लगे। उनके साथ हुमैरा भी झूले में बैठ गई। तभी हुमैरा के बाल झूले की घूमती हुई रॉड पर लिपट गए। उसके चीखने चिल्लाने की आवाज पर झूला रोका गया। लेकिन तब तक छात्रा के सिर के बाल उखड़ गए और खाल उतर गई। इसे देख उर्स में भगदड़ मच गई। सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल छात्रा को निजी चिकित्सक के यहां आईसीयू में भर्ती कराया। झूला संचालक मौका पाकर फरार हो गया। थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि उर्स में हुई घटना की अभी कोई जानकारी नहीं हुई है। उर्स की परमिशन का भी हमरे पास कोई रिकार्ड नहीं है।

## निकाह के बाद महिला पति के घर से हुई फरार

मसवासी, अमृत विचारः प्रेम प्रसंग के चलते हुए निकाह के बाद प्रेमिका पति के घर से भी फरार हो गई। इसके बाद जब मामले की सूचना युवती के परिजनों को मिली तो उसके पिता ने ससुरालियों के साथ मारपीट की। दहेज की मांग का आरोप लगाते हुए चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नैनीताल निवासी युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि दो माह पूर्व उनकी बेटी को मसवासी निवासी युवक ने झांसे में ले लिया गया था। वह शादी की जिद पर अड़ गई थी और चौकी पहुंच गई थी। कुछ व्यक्तियों ने दोनों का निकाह कराने की सहमति कराई थी। दोनों का निकाह कर दिया गया था। युवती के पिता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले दहेज को लेकर उसे मारा पीटा। बुधवार को युवक के पिता ने युवती के पिता को फोन कर बताया कि उनकी बेटी ससुराल से फरार हो गई।

# ग्रामीण को पीटने के मामले में दो दोषियों को हुई सजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ दोनों आरोपियों पर कोर्ट ने लगाया छह हजार का जुर्माना

अमृत विचारः ग्रामीण को पीटने के मामले में विशेष न्यायधीश एससी-एसटी एक्ट की कोर्ट ने दो आरोपियों को सजा सुनाई है। साथी ही छह हजार का जुर्माना अदा करने के आदेश दिए हैं।

स्वार थाना क्षेत्र के ग्राम मिलक नौ खरीद के रहने वाले रामवीर के अनुसार, 3 मई 2014 को खेत की मेढ़ पर खड़ा बकान का पेड़ आंधी से गिर गया था। इस पेड़ को आरोपी कुंवरपाल काटकर ले जा रहा था। तभी उसके पिता भगवान सिंह वहां आ गए थे। विरोध करने पर आरोपी कुंवरपाल, ओमकार और वीर सिंह ने उनके सिर पर तबल मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया था। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश एससी एसटी एक्ट की कोर्ट में चली। मंगलवार को कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दो साल की कैद और छह हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। एसपीओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि आरोपी कुंवरपाल और ओमकार को धारा 324 में दो साल की कैद और दो हजार का जुर्माना लगाया। धारा 504 में एक वर्ष का कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना लगाया है। धारा 506 में दोनों आरोपियों को एक साल की सजा और एक हजार का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में दो वर्ष का कारावास और दो हजार जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

# वेयर हाउस से होगी दवा आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



वेयर हाऊस का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. एसपी सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचारः गर्भवतियों और नवजात से पांच वर्ष आयु वाले बच्चों के टीकाकरण सत्र में लापरवाही मिलने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई है। टीकाकरण कम होने पर एएनएम और आशा को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि टीकाकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रतिदिन का जो लक्ष्य है, उसे पूरा कराया जाए।

बमनपुरी स्टेडियम स्थित बाम्बे कॉलोनी में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने टीकाकरण सत्र की स्थिति देखी। इस दौरान एक बजे तक 45 के सापेक्ष सिर्फ एक व्यक्ति का टीकाकरण की एंट्री मिली। इसके बाद वह अस्तबल रोड स्थित जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज पहुंचे तो यहां टीकाकरण में सुधार कराए जाने के लिए निर्देश दिए। टीकाकरण सत्रों का जायजा लेने सीएमओ निकले तो एएनएम, आशाओं में खलबली मच गई। उन्होंने पहाड़ी गेट स्थित निर्माणाधीन ड्रग वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया। सीएमओ ने बताया कि इस समय शहजादनगर स्थित ड्रग वेयर हाउस किराये के भवन में संचालित है। इसके लिए जुलाई वर्ष 2022 में पत्र लिखकर शासन को भेजा गया था। शासनादेश के मुताबिक, सरकारी पर वेयर हाउस बनाने में 8 करोड़ 6 लाख रुपये की लागत आ रही है। इसका निर्माण अंतिम दौर में है। फरवरी के अंत में वेयर हाउस शुरू हो जाएगा। इसके बाद जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवाओं की सप्लाई यहां से होगी। दवाओं के लिए शहजादनगर स्थित ड्रग वेयर हाउस नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि टीकाकरण सत्र में एएनएम, आशा की लापरवाही मिली। लक्ष्य को समयानुसार पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार, मोहम्मद अनादिल रहे।

**प्रभाव** | बुखार, पेट दर्द और उलटी-दस्त के रोगियों की बढ़ी संख्या

# बदलते मौसम में खराब हो रही लोगों की सेहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जिला अस्पताल में मरीज को देखते जनरल फिजिशियन डॉ. डीके वर्मा।

अमृत विचारः वर्षा के बाद चटक धूप और शीतलहर लोगों की सेहत के लिए घातक साबित हो रही है। इससे बीमारियां बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल में बुखार, त्वचा और पेट संबंधी समस्याओं के रोगियों की संख्या में वृद्धि हुई है। बीमारी से बचाव के लिए चिकित्सकों ने धूप से बचने और खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

इस समय वर्ष के बाद निकल रही धूप और फिर शीत लहर बीमारियों को बढ़ावा दे रही है। मौसम के इस रुख से लोगों में बुखार और पेट संबंधी दिक्कतें तेजी से बढ़ी हैं। बुधवार को जिला अस्पताल में 150 से अधिक मरीज बुखार, पेट दर्द, दस्त, शरीर पर लाल चकत्ते और दाने हो रहे हैं। ओपीडी में जनरल फिजीशियन डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि कई बीमारियों के मरीज अस्पताल आ रहे हैं, लेकिन मौसम के मिजाज से बुखार, त्वचा और पेट संबंधी समस्याओं के रोगियों में बढ़ोतरी हुई है। आई फ्लू के रोगियों में कमी आई है। इस तरह चटक धूप निकल रही है, वह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। खान-पान में लापरवाही से दस्त, पेट दर्द व उल्टी जैसी दिक्कतें बढ़ रही हैं। बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सकों ने लोगों से धूप से बचने, बासी भोजन, अथवा बाजार में बिकने वाले खुले पदार्थों का सेवन न करने की सलाह देने के साथ समस्या पर तत्काल अस्पताल जाकर परामर्श लें।

### ये सावधानियां बरतें

- धूप में निकलने से बचें।
- बासी भोजन का सेवन न करें।
- खुले खाद्य पदार्थ से बचें।
- स्वच्छ पानी ही पिएं।
- पेट दर्द और दस्त होने पर चिकत्सक को दिखाएं।

> मौसम के बदलाव के चलते लोग एहतियात बरतें। अभी गरम कपड़े पहने रहें, ऐसे मौसम में बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। लापरवाही बरतने पर बीमार हो सकते हैं।
>
> -डॉ. संजय अग्रवाल, जनरल फिजीशियन, जिला अस्पताल

## ट्रिपल राइडिंग पर सख्त हुई पुलिस, दी हिदायत

शाहबाद, अमृत विचारः बाइक पर ट्रिपल राइडिंग को लेकर पुलिस सख्त हो गई है।

देर शाम चेकिंग के दौरान ट्रिपल राइडिंग कर रहे कम उम्र वालों को पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया, लेकिन उनकी बाइक कोतवाली ले गई। इसके बाद परिजनों को बुलाया गया और चेतावनी दी गई। नगर में युवा तेज रफ्तार से बाइकें दौड़ाते हैं। एक साथ कई-कई बाइकें गुजरती हैं। ये अक्सर ट्रिपल राइडिंग करते हैं। बुधवार देर शाम नवागत इंस्पेक्टर ओमकार सिंह नगर के दौरे पर थे। बंगाली तिराहे समेत कई स्थानों से ट्रिपल राइडिंग कर किशोरों को पुलिस ने हिदायत दी। उनके परिजनों को कोतवाली बुलाया गया। उन्हें समझाया गया कि इस तरह कम उम्र के बच्चों को बाइक देकर वे उनकी जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसा न करने की अपील की है।

# यतीमखाना प्रकरण में कोर्ट में इंस्पेक्टर ने दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सपा नेता आजम खां से जुड़े यतीमखाना के कई दो मामलों में सुनवाई हुई। इसमें एक मामले में इंस्पेक्टर ने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 15 फरवरी को सुनवाई होगी।

सपा शासन में यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, मारपीट व चोरी के आरोप बस्ती वालों ने लगाए थे। 2019 में कई मामले शहर कोतवाली में दर्ज कराए गए थे। इनमें आरोप है कि यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के लिए पुलिस के साथ मिलकर सपाइयों ने लोगों के साथ मारपीट की थी। उनका सामान भी लूट लिया गया था। इस मामले में सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। तत्कालीन सीओ समेत अन्य सपाई भी नामजद किए गए थे। यह सभी मामले कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट में इन मामलों की सुनवाई चल रही है। बुधवार को एक मामले में इंस्पेक्टर ने बयान दर्ज कराए।

### दो पासपोर्ट मामले में गवाहों के हुए बयान

रामपुर, अमृत विचार : सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में कोर्ट में बुधवार को गवाहों के बयान दर्ज हुए। अब इस मामले की सुनवाई नौ फरवरी को होगी। अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट का मामला भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में दर्ज कराया था। उनका आरोप है कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाए हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। अभियोजन की गवाही पूरी हो चुकी है। अब बचाव पक्ष को गवाह पेश करने हैं। पिछली तारीख पर अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता ने 29 गवाहों की सूची सौंपी थी।

## फाइबर केबल कटने से बीएसएनएल की सेवा ठप

शाहबाद, अमृत विचारः शाहबाद-रामपुर मार्ग पर निजी कंपनी द्वारा फाइबर केबल डाला जा रहा है। बुधवार को कार्य के दौरान केबल कटने से बीएसएनएल की सेवा ठप रही।

बुधवार सुबह निजी कंपनी ने अपनी फाइबर डालने के लिए जेसीबी से खुदाई कराई। इस दौरान सड़क के पास से अंडर ग्राउंड फाइबर केबल को भी कई जगह से तोड़ दिया। जानकारी होने पर बीएसएनएल के कर्मचारी लाइन को जोड़ते रहे, लेकिन देर शाम तक केबल नहीं जोड़ा जा सका। बीएसएनएल उपभोक्ताओं का कहना है कि बीएसएनएल को भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। बीएसएनएल के जेटीओ रवि कुमार ने बताया कि शाहबाद-मिलक मार्ग पर फाइबर केबल की रिंग कटी होने के चलते पूरा नेटवर्क लीनियर रिंग पर चल रहा है। कोई भी एजेंसी काम करती है, तो बीएसएनएल का केबल कटने की वजह से शाहबाद और मिलक क्षेत्र की समस्त नेटवर्क सेवाएं ठप हो जाती हैं।

## एक नजर

### जौहर विवि को संरक्षण में लेने को चला अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सरकार के संरक्षण में लेकर अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व मंत्री आजम खां के मोहल्ले में बुधवार को भी अभियान जारी रहा। भाजपा नेता फसाहत अली खां शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी को संरक्षण में लेने को लिए हस्ताक्षर अभियान में काफी लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान गुल्लू खान, नवेद, आमिर, कमाल, महजबी, कामिल खान, शुऐब अहमद, नासिर खान, आदिल मियां, शाहबाज अहमद, नदीम मियां, गुलरेज खान, अदनान खान, आसिफ अली व शादाब अली ने हस्ताक्षर किए।

### 550 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को चरस के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी जाफर पुत्र बाबर निवासी ग्राम बगी को 550 ग्राम चरस के साथ उसके मकान से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# श्मशान घाट को लेकर भड़के ग्रामीण, प्रधान को पीटा

## गांव केशोनगली में श्मशान घाट बनाने पर ग्रामीणों और महिलाओं ने किया हंगामा

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार:** भोट थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत थूनापुर के गांव केशोनगली में भूमि खरीदकर श्मशान घाट का निर्माण कराने पर ग्रामीण और महिलाएं भड़क गईं। महिलाओं ने हंगामा किया। इस बीच कार से जा रहे ग्राम प्रधान को ग्रामीणों ने रास्ते में रोक लिया। गुस्साई महिलाओं व अन्य लोगों ने प्रधान की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। कार में तोड़फोड़ भी की। प्रधान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव थूनापुर के ग्राम प्रधान महंत रामऔतार लोधी केशोनगली के पास जंगल में करीब ढाई बीघा जमीन खरीद कर श्मशान घाट का निर्माण करा रहे हैं। बुधवार शाम छह बजे ग्राम प्रधान मजदूरों के साथ श्मशान घाट का निर्माण के लिए केशोनगली के पास ही स्थित जमीन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में निर्माण सामग्री लेकर पहुंचे थे।



घायल ग्राम प्रधान को उठाकर ले जाते लोग, मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कुछ ही देर में तमाम ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे भी मौके पर एकत्र हो गए। वे श्मशान घाट के लिए सुरक्षित जमीन पर ही निर्माण कराने की मांग कर हंगामा करने लगे। तभी मौके से जा रहे ग्राम प्रधान को लोगों ने पुलिया के पास रोक लिया। श्मशान घाट को केशोनगली गांव के पास बनाने का विरोध किया। महिलाओं का आरोप था कि थूनापुर गांव में श्मशान घाट की सुरक्षित भूमि है।

उसी भूमि पर श्मशान घाट का निर्माण किया जाना चाहिए। वह अपने गांव के पास श्मशान घाट का निर्माण किसी भी हाल में नहीं होने देंगे। महिलाओं ने मौके पर आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी रोक लिया। इस दौरान गुस्साई महिलाओं को देख कर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। इस दौरान कुछ लोगों ने ग्राम प्रधान पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए। जिससे ग्राम प्रधान गभीर रूप से घायल हो गए। प्रधान से मारपीट की सूचना पर थानाध्यक्ष पुलिस बल



ट्रैक्टर को ले जाती पुलिस।

के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने हंगामा कर रही महलाओं को समझाया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि श्मशान घाट के निर्माण को लेकर केशोनगली गांव के ग्रामीणों के साथ आई महिलाओं व बच्चों ने विरोध किया था। विवाद बढ़ने पर किसी ने ग्राम प्रधान पर लाठी से हमला कर दिया। प्रधान घायल हो गए। घायल को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। फिलहाल शांति है। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है।

## सार संक्षेप



मोहन कुमार लोधी को पटका पहनाते जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू। ● अमृत विचार

### पटका पहनाकर जिला उपाध्यक्ष का किया स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी को उत्तर प्रदेश पर्यटन अनुभाग-दो का जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् में सदस्य नामित होने पर जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने पटका पहनाकर स्वागत किया। राम विहार स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को एक कार्यक्रम हुआ। इसमें अभय गुप्ता व मोहन कुमार लोधी को उत्तर प्रदेश पर्यटन अनुभाग-2 की ओर से जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् में नामित सदस्य बनाया गया। इसके बाद जिला अध्यक्ष ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिले की पर्यटन एवं संस्कृति विषयक गतिविधियों के उन्नयन में दोनों भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर जगपाल सिंह यादव, अशोक विश्नोई, दिनेश शर्मा, राजू शर्मा, कपिल गुप्ता, अरजित सक्सेना आदि मौजूद रहे।



बिलासपुर में खाद्य पदार्थों के नमूने लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

### आटा, धनिया, पीली मिर्च के लिए सात नमूने

**रामपुर/बिलासपुर, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल ने अभियान चलाया। दल ने आटा, धनिया पीली मिर्च के सात नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। साथ ही 13 किलो सरसों का तेल सीज किया है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा के निर्देशानुसार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह कुशवाहा ने बिलासपुर क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान बजरंग ट्रेडिंग कंपनी के मोहित कुमार से सरसों का 13 किलो तेल को सीज किया। बालाजी एजेंसी विजय कुमार के यहां आटा, चमरपुरा में इदरीस के यहां सरसों तेल का एक नमूना, पहाड़ी गेट स्थित अब्दुल समद के यहां से पीली मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और हल्दी का नमूना लिया। सचल दल ने सात नमूने को लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है।

### प्रदेश की सीमा पर लगवाए गए सीसीटीवी कैमरे

**स्वार, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण कराने को प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। पुलिस ने असामाजिक तत्वों व गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों पर पैनी नजर रखने के लिए यूपी-उत्तराखंड की सीमा पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। कैमरों की रिकार्डिंग पर डीआईजी मुरादाबाद और एडीजी जोन बरेली भी नजर रखेंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। बुधवार को सीओ अरुण कुमार सिंह व कोतवाल संदीप त्यागी ने यूपी व उत्तराखंड के वार्डर स्थित गांव शिकारपुर, मुंशीगंज, भगवंतनगर, मिलकनौखरीद, घोसीपुरा व मिलकखानम, गांव पदमपुर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नजर असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड की सीमा पर ऑनलाइन सीसी टीवी कैमरे लगवाए गए हैं।



खंभे पर कैमरे लगवाते पुलिसकर्मी।

### अपमानजनक पोस्ट करने पर सभासदों ने दी तहरीर

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर पालिका सभासदों के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट शेयर की गई। इससे सभासदों में रोष व्याप्त है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप पर नगर के युवक शब्बू पुत्र अनवार ने नगर पालिका के सभासदों के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट शेयर की है। इसके विरोध में उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर पर सभासद तस्लीम अहमद, मुशर्रफ अली, महमूद अली नायक, मोहम्मद जकी, रोहित, शफीक अहमद, मेंराजुल इस्लाम, एम सगीर, शबनम, अमीर जहां, शौकीन खातून और मतीन आदि के हस्ताक्षर हैं।

### हेलमेट है सुरक्षा कवच, यातायात नियमों का करें पालन

**रामपुर, अमृत विचार :** पालिकाध्यक्ष के पति मामून शाह खां ने बिलासपुर गेट पर बाइक सवारों को हेलमेट वितरित किए। कहा कि सुरक्षित सफर के लिए सभी वाहन चालकों को सीट बेल्ट व हेलमेट लगाना चाहिए। वे ट्रैफिक नियमों का पालन भी अवश्य करें। युवाओं को बताया कि जब भी दोपहिया वाहन पर चले तो दोनों सवारियों को हेलमेट लगाना अनिवार्य है। दुर्घटनाओं से बचने के लिए दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठे। पालिकाध्यक्ष के पति ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। वाहनों को ओवर स्पीड में न चलाने की नसीहत दी। इस मौके पर सैयद फैसल हसन, एजाज हुसैन खान, गुड्डू खान, अंकुश अग्रवाल, शैजी राहुल, सालिम खान मौजूद रहे।



बाइक सवारों को हेलमेट देते मामून शाह खां।

### टीम ने मेडिकल स्टोरों पर की जांच

**रामपुर, अमृत विचार :** औषधि एवं आबकारी विभाग की टीम ने मेडिकल स्टोरों पर छापे मारे। टांडा में बुधवार को सरकारी अस्पताल के सामने संचालित ए-1 मेडिकल स्टोर, सना मेडिकल एवं प्रभात मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार व आबकारी निरीक्षक अनुपम सिंह, थाना टांडा क्षेत्र अधिकारी ने निरीक्षण किया। मेडिकल स्टोरों पर अल्कोहल युक्त औषधि एवं टिंचर का विक्रय होना नहीं पाया गया। औषधि निरीक्षक ने बताया कि कुछ मेडिकल स्टोरों की शिकायत मिली थी।

### चोरी की शराब के साथ मुरादाबाद के दो आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** शराब की दुकान काटकर चोर करीब दो लाख की शराब चुराकर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को 24 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के राधा रोड पर शराब की दुकान से चोर करीब दो लाख की शराब चुराकर ले गए थे। बुधवार को पुलिस ने निजाम शाबिर निवासी गुलाब बाड़ी थाना कटघर जिला मुरादाबाद, मुकेश पुत्र नवरतन लाल निवासी छोटी मंडी गुलाब बाड़ी थाना कटघर जिला मुरादाबाद को पनवड़िया तिराहे से पकड़ लिया। घटना प्रयुक्त किए गए टेंपो मिला है। आरोपी निजाम साबिर के खिलाफ मुरादाबाद के कई थानों में 14 मुकदमे दर्ज हैं।

### कंबल वितरण मामले में जांच की मांग

**टांडा, अमृत विचार :** भाजपा के नगर महामंत्री रोहित सैनी ने मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री सहित उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर पालिकाध्यक्ष और कुछ सभासदों के खिलाफ कंबल वितरण में अनियमिमता बरतने का आरोप लगाया है। कंबलों को बाजार में बेचने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि पिछले दिनों पालिकाध्यक्ष और उनके कुछ खास सभासदों ने अधिशासी अधिकारी और पालिका स्टाफ को साथ में लिए बिना कंबलों का वितरण किया। इसमें विभिन्न अनियमित्ताएं बरती गईं। कुछ खास सभासदों को कंबल दे दिए गए जिन्होंने आधे कंबल पात्रों को वितरण नहीं किए और कुछ कंबलों को बाजार में बेच दिया। बांटने वाले कंबलों का कोई लेखा-जोखा नहीं रखा गया है। भाजपा के नगर महामंत्री ने प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरी ओर, पालिकाध्यक्ष पति सरफराज सारे आरोप निराधार हैं। कंबलो का नियमानुसार पात्रों में वितरण किया गया है।

# छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में आयोजित किए गए युवा महोत्सव-2024 के आखिरी दिन विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

क्षेत्र के कुआंखेड़ा गांव स्थित श्री गुरू तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को कार्यक्रम के समापन के दौरान छात्र-छात्राओं ने यथा-पुष्प, सज्जा, निष्प्रयोज्य वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाना, दीप सज्जा, फ्रूट-चाट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सुगम गायन, लोक नृत्य, फैन्सी ड्रेस, नुक्कड़ नाटक, गमला साज-सज्जा, रंगोली, नारा लेखन एवं चार्ट प्रतियोगिताएं हुईं। नारा लेखन में सलोनी, पुष्प सज्जा में मोहम्मद अयाज, दीप सज्जा




प्रमाण पत्र दिखातीं छात्राएं, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

में अरीशा बी, कार्टून बनाने में अरीबा सैफी व रूबीना, निष्प्रयोज्य वस्तुओं से उपयोगी सामग्री बनाने में रूबीना, रंगोली में स्वाति वर्मा विजयी रही। इकरा यासीन, गायन प्रतियोगिता में अरीशा बी, फ्रूट-चाट में अरीबा सैफी, लोक नृत्य में ऊषा, फैन्सी ड्रेस में अरीबा सैफी, नुक्कड़ नाटक में अरीबा सैफी की टोली प्रथम रही। विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रोफेसर विवेक तिवारी, डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. संघ रतन सिंह, डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ.अरविंद उपाध्याय, डॉ. शिल्पी राठी, डॉ. बाल मुकुन्द वर्मा, डॉ. नितेश कुमार आदि मौजूद रहे। युवा महोत्सव कार्यक्रम संयोजिका डॉ. नीलिमा सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। संचालन डॉ. शिव ओम शर्मा ने किया।

## आयकर में अनुचित कटौती से शिक्षकों में रोष

**मिलक, अमृत विचार:** आय से अधिक आयकर कटौती करने से शिक्षकों व कर्मचारियों में रोष है।

बुधवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने बताया कि मिलक ब्लॉक में कार्यरत 70 शिक्षकों के अग्रिम आयकर की कटौती में अनियमितताएं बरती गई हैं। होमलोन में ब्याज और मूलधन की गणना ठीक प्रकार से नहीं करना, शिक्षकों द्वारा दिए गए नए व पुराने स्लैब को परिवर्तित कर अधिक टैक्स काटना शामिल है। अनुचर के पद पर तैनात कर्मचारी इंकमटैक्स के दायरे से बाहर हैं बावजूद इसके उनका भी अ काटना आदि हैं।

ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र प्रताप का कहना है कि शीघ्र ही संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई कर उनकी शेष धनराशि वापस कराई जाए। समस्या का समाधान नहीं होने पर शिक्षक आगामी रणनीति तैयार करेंगे।

# जीवों को भगवान के चरणों तक ले जाते हैं हनुमान जी : बृजेश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्री राम सत्संग मंडल के तत्वावधान में चल रही श्री रामकथा के अंतिम दिन बुधवार सुबह पंडित बृजेश पाठक ने कहा, हनुमान जी महाराज जीवों को भगवान के श्री चरणों में ले जाते हैं।

शहर के व्यस्तम बाजार मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि आज तक ऐसे बहुत महापुरुष हुए, जिन्होंने अपनी साधना के द्वारा भगवान को पा लिया। लेकिन दूसरों को भगवान से मिलाने की जैसी भूमिका हनुमान जी संपन्न करते हैं, वैसी कोई नहीं करता। यदि सुग्रीव को प्रभु राम से मिलाते हैं तो हनुमान जी महाराज मिलाते हैं, विभीषण को प्रभु राम से मिलाने वाले हनुमान जी हैं। भरत और सीता जी को भी प्रभु राम से हनुमान जी ही मिलाते हैं। वर्तमान युग में गोस्वामी तुलसीदास और समर्थ रामदास को दर्शन कराने वाले भी हनुमान जी ही हैं। जो व्यक्ति श्री राम को पाना चाहता है, श्री राम भक्ति प्राप्त करना चाहता है उसके लिए हनुमान के अतिरिक्त कोई उपाय नहीं है। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, तुम्हारे भजन राम को पावे।



प्रवचन करते पंडित बृजेश पाठक।

हनुमान जी की आराधना से श्री राम की प्राप्ति होती है। श्री राम कथा के अंतिम दिन पुरोहित पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने कथा व्यास का स्वागत किया। कथा व्यास एवं श्रोताओं का आभार विष्णु शरण अग्रवाल ने किया। आरती और प्रसाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हो गया।



बीईओ को तस्वीर भेंट करते शिक्षक। ● अमृत विचार

# शिक्षकों ने बीईओ को बताई समस्याएं, आश्वासन मिला

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** बीआरसी में बुधवार को प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला उपाध्यक्ष इदरीश अहमद के नेतृत्व में शिक्षा मित्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में बेहतर व्यवस्था के लिए बीईओ को सम्मानित किया।

बीईओ विजय कुमार को मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट की। शिक्षा मित्र संघ के पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षामित्रों के मानदेय बिल जैसी समस्याओं के निस्तारण करने की मांग की। बीईओ नेउन्हें आश्वासन दिया। इस दौरान सुभान अली, नरेश कुमार, रानी, सुनीता रानी, उषा रानी, ममता, सर्वेश कुमार, मोहम्मद आदिल आदि शामिल रहे।

## सरकारी भूमि पर हो रहा निर्माण रुकवाने की मांग

**टांडा, अमृत विचार:** नगर में रामपुर मार्ग स्थित गांव सैढ़ू का मझरा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया जा रहा है। गांव के लोगों ने जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित कर सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर के रामपुर मार्ग पर गांव सैढ़ू का मझरा के पास सरकारी भूमि पर नगर के कुछ लोगों और राशन डीलर अवैध कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अवैध निर्माण करा रहे लोगों का एक समूह है। इसमें कुछ भूमि के धंधेबाज, दबंग व राशन डीलर भी शामिल हैं। फखरुल, रिजवान शमसुल, इरफान, अब्दुल रहमान, उजैब ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पत्र पर मोहम्मद अहमद, नरेश, मोहम्मद लईक, खुर्शीद, मोहम्मद यूसुफ, शकील अहमद, रतनलाल, हरपाल, दिनेश, वाजिद के हस्ताक्षर हैं।



बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह व अन्य।

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की घोषणा पर जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की घोषणा पर अपना दल एस के पदाधिकारियों ने खुशी जताई है। जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की मांग उठाई थी। सम्मान की घोषणा से अति पिछड़े वर्ग का सम्मान बढ़ा है।

विकास भवन स्थित अपना दल एस के कार्यालय में बुधवार को कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। इस दौरान कुलदीप चौधरी, मोहन लाल फौजी जसवंत पटेल, मुर्शद अली सिकंदर, हाजी महबूब, राजकुमार गंगवार, शरीफ अहमद, भूपेंद्र गंगवार, महबूब अली पाशा, तौहीद खान, याकूब अली, अजीम खान, शरीफ कुरैशी आदि रहे।



पिजरे में बंदरों को बंद करते कर्मचारी।

## टीम ने पकड़े 44 बंदर

**बिलासपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका की टीम ने नगर के दो वार्डों में उत्पात मचा रहे 44 बंदरों को पकड़कर पीपली वन में छुड़वाया है। बुधवार को टीम ने बंदरों को पकड़ने के लिए नगर के वार्ड नंबर तीन व चार में अभियान चलाया। पालिका के वाहन से बंदरों को स्वार तहसील क्षेत्र के आरक्षित पीपली वन में सुरक्षित छुड़वाया गया। पालिकाकर्मी अनिल सक्सेना ने बताया कि अब तक 344 बंदरों को आबादी से निकालकर जंगलों में छोड़ा जा चुका है। बताया कि नगर क्षेत्र में उत्पाती बंदरों को पकड़ने के लिए पालिका ने मथुरा से फुरकान अल्वी ठेकेदार की टीम को बुलाया है। उनके सहयोग से वह प्रतिदिन यह अभियान चला रहे हैं।

**समस्या** | कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर बताई समस्या, नहीं हुई सुनवाई

# कच्ची सड़क से विवेक विहार कॉलोनी के लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** वार्ड नंबर तीन क्षेत्र की विवेक विहार कॉलोनी की गली नंबर तीन की सड़क कच्ची है। सड़क और नालियों का निर्माण नहीं होने से लोग काफी परेशान हैं। कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्या बताई। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। लोग सड़क पर टाइल्स बिछने का इंतजार कर रहे हैं।

राजकीय मुद्राणलय के निकट विवेक विहार कॉलोनी है जोकि, वार्ड नंबर तीन में आती है। लोगों का कहना है कि इस कॉलोनी में तीन गलियां हैं। इनमें गली नंबर एक और दो में सड़क बनाई जा चुकी है, लेकिन गली नंबर तीन में अभी सड़क नहीं बनी है। जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें आती हैं। बरसात के दिनों में पानी भर जाने के कारण निकलना भी मुश्किल होता है। नालियां न बनीं होने के कारण जलनिकासी नहीं होती है।



टूटी सड़क पर बहता पानी।

इससे कॉलोनीवासी काफी परेशान हैं। कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे। लेकिन स्थिति जस की तस है। लोगों ने जिम्मेदारों से समस्या के समाधान की मांग की है।



नगर पालिका परिषद के कार्यालय में जा जाकर थक चुके हैं। पर अभी तक सड़क के बारे में कोई सुनवाई नहीं हुई है। सड़क नहीं बनने से लोगों को काफी परेशानियां आ रही हैं। **- चन्दन पटेल**



हर बार नगर पालिका से आश्वासन दिया जाता है। पक्की सड़क का विषय अभी अंडर कांट्रेक्ट है। हर साल बरसात में पानी भर जाता है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। **- इंदर यादव**



घर के सामने रोड पर पानी भरा रहने के कारण समस्या होती है। गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। जिससे लोगों को बीमारी फैलने का खतरा बढ़ रहा है। लेकिन जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं। **- स्वराज सिंह**



नगर पालिका परिषद कार्यालय में समय-समय पर शिकायती पत्र दिए गए। लेकिन कोई प्रक्रिया नहीं हुई। बरसात के मौसम में गली में पानी भर जाता है। इससे सभी को समस्या होती है। **- सुनील**



वार्ड में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि।

# वार्ड में गंदगी देख भड़के पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान गंदगी देख नगर पंचायत अध्यक्ष के पति भड़क गए। उन्होंने सफाई नायकों को फटकार लगाई। अधिशासी अधिकारी को सफाई नायक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सफाई नायक को नोटिस जारी करने की तैयारी है।

बुधवार को अध्यक्ष के पति वसीम खां ने नगर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया था। उन्होंने बताया कि डोर टू डोर वार्डों में लोगों से सफाई के बारे में जानकारी ली। कुछ वार्डों में फीडबैक सही नहीं मिला। सफाई नायक हरपाल को नोटिस जारी करने के संबंध में ईओ को निर्देश जारी किए। साथ ही सभी सफाई नायकों को चेतावनी दी गई कि निरीक्षण में भविष्य मे वार्डों में यदि गंदगी पाई जाती है तो सफाई नायक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान लिपिक नवेद मियां, संविदाकर्मी मुजीब मियां, रेहान अली आदि रहे।

## एक नजर

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तराखंड की युवती ने मूंढापांडे क्षेत्र के युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पहले शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया, फिर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार संबंध बनाए। गर्भवती होने पर युवती युवक के घर पहुंची तो परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। जिससे उसका गर्भपात हो गया। पीड़िता ने बुधवार को पुलिस अधिकारियों के सामने पेश होकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधमसिंह नगर के काशीपुर थाना क्षेत्र की युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी से उसकी जान-पहचान 10 साल पहले हुई थी। मूंढापांडे थाना क्षेत्र का रहने वाला युवक अपनी नानी के यहां आया था, उसी दरौन उसकी पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद उसकी आरोपी से लगातार फोन पर बात होती रही। आरोप है कि वर्ष 2014 के दौरान वह आरोपी के झांसे में आ गई और उसके कहने पर मुरादाबाद आई थी। उसने एक होटल में उसके साथ प्यार-मुहब्बत व शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए थे। उस समय उसने वीडियो बना ली थी। जिसे वह वायरल करने की धमकी देकर कुछ समय बाद आरोपी उसे हरिद्वार ले गया।

# युवक ने गंवा दिए 7.25 लाख रुपये कार भी छीन ले गया आरोपी, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**धोखाधड़ी**

- रामपुर के गंज थाने में खड़ी है कार, पीड़ित से आरोपी मांग रहा था और पांच लाख रुपये

**अमृत विचार :** कार खरीदने के चक्कर में युवक ने 7.25 लाख रुपये गंवा दिए हैं। यही नहीं, आरोपी ने युवक के साथ फर्जीवाड़ा कर उसकी कार भी छीन लिया। पीड़ित का आरोप है कि इस मामले में रामपुर एसओजी पुलिस टीम भी आरोपी के साथ शामिल है। उसकी कार छीनने वाले आरोपी के साथ ही पुलिस टीम भी आई थी। फिलहाल इस मामले में पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध बुधवार को कटघर थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है।

इस मामले में ललित कुमार पुत्र कैलाश कुमार नामजद हुआ है। वह बदायूं जिले में आवास विकास कॉलोनी बी-321 का रहने वाला है। सुलेमान कटघर में कोहिनूर तिराहे के पास ख्वाजा नगर में रहते हैं। उसने पुलिस को बताया है कि आरोपी से इनोवा क्रिस्टा कार 7.25 लाख रुपये में खरीदी थी। सात लाख रुपये का चेक डिमांड ड्राफ्ट अपने भाई नदीम अहमद के खाते से कार मालिक ललित कुमार को दिया था। फिर ललित ने उन्हें कार के सभी कागज दिए और कार बिक्री के संबंध में पत्र लिखकर उस पर हस्ताक्षर कर दिए थे। सुलेमान ने बताया कि कुछ समय बाद उस कार की उन्होंने वर्कशॉप में ले जाकर मरम्मत कराई, उस समय उन्होंने ललित से कहा कि कार उनके नाम ट्रांसफर कर दीजिए। जिस पर ललित उनसे पांच लाख रुपये और मांगने लगा, अन्यथा की स्थिति में उनके विरुद्ध वाहन चोरी के मामले में रिपोर्ट दर्ज करा देने की धमकी दी। सुलेमान ने बताया कि जब ललित उन्हें धमकाने लगा तो उन्होंने उससे कहा भी कि भाई आपने पैसे तो पहले ही ले लिए थे अब केवल कार को उनके नाम ट्रांसफर कराना है। जिस पर ललित ने उनसे कहा कि वह लोग ऐसे ही अपने जाल में लोगों को फंसाते हैं और पैसा वसूलते हैं। यही नहीं, आरोपी ने सुलेमान के विरुद्ध रामपुर में मामला दर्ज करा दिया और फिर वह उनकी कार को गागन तिराहे से उससे छीन ले गया, इस दौरान उसके साथ रामपुर जिले की एसओजी पुलिस टीम भी थी। पीड़ित ने बताया कि उसकी कार रामपुर के गंज थाने में खड़ी है। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि सुलेमान की तरफ से आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। इस मामले में आरोपी की तलाश की जा रही है।

### विकास भवन में आने जाने वालों पर भी रहेगी नजर, सीडीओ ने लगवाए 24 सीसीटीवी

# सीसीटीवी की निगरानी में रहेंगे अधिकारी-कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** विकास भवन में निगरानी के लिए 16 कैमरे और लगाए जाएंगे। सीडीओ सुमित यादव ने बताया कि विकास भवन में बैठे अधिकारियों को कोई किसी षड्यंत्र का शिकार न बना सके इसलिए यह कदम उठाया गया है। अब विकास भवन में 24 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके साथ अधिकारियों पर भी निगाह बनी रहेगी।

सीडीओ ने दो दिन औचक निरीक्षण कर 12 से अधिक अधिकारियों और 24 से अधिक कर्मचारियों का कार्यालय समय से न आने पर वेतन रोक दिया है। तीसरे दिन मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन में अधिकारियों की सुरक्षा के नाम पर 16 कैमरों से निगरानी और बढ़ा दी है। उनका कहना है कि निगरानी के लिए कैमरों की संख्या बढ़ाकर 24 कर दी है। मामला अपने अधिकारियों पर निगाह रखने का है। उनके समय पर आने और जाने के जानकारी रखने के लिए कैमरे लगवाए जा रहे हैं। अब कौन कब आया और कब गया यह सब कैमरे तय कर देंगे। जिसके लिए समय से कार्यालय में आना जरूरी है।

सीडीओ ने बताया कि 10 कैमरे जिला स्तरीय अधिकारियों के कक्ष में लगाए जाएंगे। एक कैमरा मेरे कक्ष लगेगा। जिसकी निगरानी उनके कक्ष से ही की जाएगी। पांच कैमरे विकास भवन में गुप्त स्थान पर लगाए जाएंगे। जिससे कि विकास भवन में आने-जाने वाले व्यक्ति की निगरानी की जा सके।



विकास भवन के मुख्य द्वार पर लगा सीसीटीवी कैमरा।

### समय से न आने वालों पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** निरीक्षण के दौरान कुछ अधिकारियों और कुछ कर्मचारी अपने कार्यालय पर अपनी सीट पर नहीं मिले थे। उस वक्त सभी अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ वेतन रोकने की कार्रवाई की गई थी। सभी से स्पष्टीकरण मांगा गया था। जिसमें स्पष्टीकरण में कुछ कर्मचारियों खुद सरकारी कार्य से देर आने और आकर चले जाने की बात बताई है। स्पष्टीकरण की जांच कराई जा रही हैं। जांच में जो लोग सही पाए जाएंगे उनका वेतन रोके के निर्देश को निरस्त किया जाएगा। जो लोग दो दिन लगातार नहीं मिले उनके साथ कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। वहीं अधिकारियों को सरकार की निर्देश के अनुसार सुबह 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्या का निस्तारण करना है। 12 बजे के बाद कार्यालय से बाहर के विभागीय कार्य किये जाने है। ऐसे में सुबह 10 बजे कार्यालय न आने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी तय है।

### कोर्ट ने विवेचक रहे झांसी के सीओ का रोका वेतन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सलीम की हत्या के तेरह साल पुराने मामले में अदालत ने सीओ का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। मामले में विवेचना अधिकारी रहे सीओ अब झांसी के तेहरौली में तैनात हैं। बुधवार को एडीजे कोर्ट ने इस मामले में झांसी के डीएम को आदेश जारी किए हैं।

मूंढापांडे के बरबाला खास में 17 अप्रैल 2010 को वादी खुर्शीद अहमद की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। गांव में मोबाइल टॉवर की सुरक्षा के लिए बरेली का अब्दुल सलाम, रामपुर का सुरजीत व मूंढापांडे का संजीव शर्मा व बरबाला खास का मो. नाजिम गार्ड की नौकरी करते थे। शिकायत के बाद चारों को नौकरी से हटाकर वादी के बेटे सलीम, फहीमउद्दीन व साले को रखा गया था। इसी बात को लेकर रंजिश में आरोपियों ने सलीम पर जानलेवा हमला किया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। विवेचना तत्कालीन थानाध्यक्ष अजय श्रोत्रिय ने की थी। मामले को लेकर कोर्ट में विवेचक की गवाही होनी है, लेकिन अपर डीजीसी का कहना है कि कई बार सम्मन भेजने के बावजूद विवेचक अदालत में गवाही के लिए नहीं पहुंचे हैं। अजय श्रोत्रिय अब झांसी में सीओ के पद पर हैं। अदालत ने सीओ का वेतन रोकने के आदेश दिए हैं।

# पांच मोहल्लों की 4 घंटे गुल रही बिजली 10 हजार उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

### स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्य कराने को लिया था शटडाउन, कार्य भी नहीं किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद रामपुर हाईवे पर इंपीरियल तिराहे से लेकर टैक्सी स्टैंड बिजलीघर तक ओवरहेड विद्युत लाइन उतारने के कार्य किया जाना था। जिसके लिए बिजली विभाग ने 4 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने की घोषणा की थी। स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्य के शटडाउन लिया गया लेकिन, कार्य किए बिना ही 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई बाधित रही।

हाईवे पर बने टैक्सी स्टैंड विद्युत केंद्र से इंपीरियल तिराहे तक ओवर हेड हाईटेंशन लाइन के तार को उतारकर भूमिगत केबल में बिजली आपूर्ति चालू करनी थी। जिसके लिए कार्य कर रही संस्था ने बिजली विभाग के नोडल अधिकारी से 4 घंटे के शटडाउन लेने के लिए दिन में जानकारी दी थी। बिजली विभाग ने तय समय अनुसार 11 बजे बिजली आपूर्ति बंद कर शटडाउन दे दिया। लेकिन, कोई कार्य नहीं हुआ। ऐसे में बुध बाजार, मालवीय नगर, स्टेशन रोड, प्रिंस रोड, हरपाल नगर मोहल्लों में रहने वाले 10 हजार उपभोक्ताओं को बिना किसी कारण बिजली गुल रही।

## कार्यदायी संस्था का अनुबंध होगा निरस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- निर्धारित समय के पांच महीने बाद भी संस्था पूरा नहीं कर पा रही कार्य

**अमृत विचार :** बिजली विभाग और स्मार्ट सिटी का कार्य कर रही संस्था के बीच तालमेल न होने का खामियाजा महानगर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। मंगलवार रात को हाईवे पर कार्य करने के लिए चार घंटे का शटडाउन लिया गया। लेकिन कार्य नहीं किया गया। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित रही। शटडाउन की सूचना भी प्रकाशित करा दी गई थी। संस्था के प्रबंधक को शटडाउन प्लान देकर कार्य न करने पर नोडल अधिकारी ने बताया कि विभाग अनुबंध निरस्त करने की तैयारी कर रहा है।

स्मार्ट सिटी परियोजना में बिजली विभाग का कार्य करने वाली संस्था बिजली विभाग को लगातार झांसा दे रही है। स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता वितरण खंड प्रथम सुधाकर कुमार ने बताया संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कई बार शटडाउन का प्लान देने के बाद कार्य नहीं किया।

ऐसे शटडाउन प्लान समाचार पत्रों में प्रकाशित होने के बाद जनता में भ्रामक सूचना फैलने की स्थिति कई बार बनी है। मंगलवार रात में मुरादाबाद-रामपुर हाईवे पर इंपीरियल तिराहे से लेकर टैक्सी स्टैंड बिजली घर तक ओवरहेड विद्युत लाइन उतारने के कार्य करने लिए 11 से 3 बजे तक का शटडाउन लिया था। लेकिन कार्य नहीं किया गया। इससे कई मुहल्लों की बिजली आपूर्ति रात 11 से 3 बजे तक बाधित रही।

स्थिति यह है कि कार्य पूरा करने के निर्धारित समय से पांच महीने बाद इन्हीं कारणों से संस्था का कार्य पूरा नहीं हो सका है। जिसके लिए विभाग की ओर से कई बार संस्था को नोटिस देकर चेतावनी दी गई थी। नोडल अधिकारी ने बताया की संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कई झूठ बोलकर शटडाउन लिया है। जिसके लिए विभाग संस्था के साथ हुए अनुबंध को निरस्त करने की तैयारी कर रहा है। बुधवार को नोटिस के माध्यम से संस्था के मैनेजर बता दिया गया है।

### ताजपुर क्षेत्र में माफिया करा रहे अवैध निर्माण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के ताजपुर क्षेत्र में इन दिनों धड़ल्ले से अवैध निर्माण हो रहा है। भूमाफिया खेती की जमीन पर प्लाटिंग कर बेच रहे हैं।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश दिए हैं कि महानगर में कही भी अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाए। लेकिन उपाध्यक्ष के आदेश की कर्मचारी अनदेखी कर रहे हैं। ताजपुर में पिछले काफी समय से भूमाफिया खेती की जमीन पर प्लाटिंग कर सस्ते दामों में बेच रहे हैं। जिससे प्राधिकरण को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं इन प्लाटों पर अवैध निर्माण भी किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि यह सब मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों की मेहरबानी से चल रहा है। बताया कि कई बार इसकी शिकायत एमडीए में की गई है। एमडीए के कर्मचारी यहां आते तो हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। ज्ञात हो कि अभी तीन दिन पहले ही उपाध्यक्ष ने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। जो कर्मचारी अवैध निर्माण में लिप्त पाया गया उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सोनाक्षी की मैनेजर समेत तीन के विरुद्ध कुर्की की उद्घोषणा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अब 28 को होगी मामले की सुनवाई, एसीजेएम-प्रथम न्यायालय ने अपनाया सख्त रुख
- रुपये लेने के बाद भी दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में न आने व पैसा न लौटाने का आरोप

**अमृत विचार:** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम-प्रथम) ने फिल्म अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की मैनेजर मालविका पंजाबी, धोमिल ठक्कर और एड गर्ल शकारिया के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में न्यायालय ने बुधवार को उद्घोषणा जारी कर दी है। इन सभी पर सोनाक्षी सिन्हा के नाम पर लाखों रुपये लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप है। इस मामले में हाईकोर्ट ने अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई को एसीजेएम-प्रथम के यहां 28 फरवरी तक रोक लगा रखी है। इसमें सोनाक्षी को स्टे ऑर्डर मिला हुआ है।

पूर्व में कटघर के शिवपुरी कालोनी निवासी प्रमोद शर्मा ने कटघर थाने में सोनाक्षी सिन्हा और उनके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में मामला दर्ज कराया था। यह एफआईआर 22 फरवरी 2019 को हुई थी। प्रमोद शर्मा इवेंट मैनेजर हैं। बताया जा रहा है कि इवेंट मैनेजर ने सोनाक्षी सिन्हा से एक कार्यक्रम के लिए समय मांगा था। यह कार्यक्रम दिल्ली में 30 सितंबर 2018 होना था। लेकिन, आरोप है कि 36 लाख रुपये लेने के बाद कार्यक्रम के निर्धारित समय पर अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा व उनके सलाहकार ने कार्यक्रम में आने से मना कर दिया था। जबकि, इन लोगों ने फीस के रुपये भी प्रमोद शर्मा से ले लिए थी। इसी मामले में प्रमोद शर्मा ने कटघर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा समेत पांच को आरोपी बनाया था। इनके खिलाफ धोखाधड़ी और गबन के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मुकदमे में वादी पक्ष के वकील पीके गोस्वामी के मुताबिक, इस मामले में आरोपी अभिषेक सिन्हा के पहले ही गैर जमानती वारंट जारी हो चुके हैं। एसीजेएम प्रथम सचिन दीक्षित की कोर्ट ने तीन आरोपियों के विरुद्ध कुर्की के आदेश होने के क्रम में कार्रवाई शुरू कर दी है। अब इस प्रकरण में अगली सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय हुई है।



बुधवार को दोपहर में तेज धूप तो निकली, मगर बीच-बीच में बादल छाए रहे। दीनदयाल नगर स्थित मॉल के बाहर का नजारा कुछ इस तरह नजर आया। ● अमृत विचार

### किचन में लगी आग से महिला बुरी तरह झुलसी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाना क्षेत्र लालबाग में गली नंबर सात में बेटी के घर में खाना बनाते समय सिलेंडर के लीक होने से आग लग गई। इसमें मुशायरा बेगम पत्नी मोहम्मद रईस उर्फ बाबू खान गंभीर रूप से झुलस गई हैं।

परिवार वाले मुशायरा बेगम को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पड़ोसी ने बताया कि डॉक्टरों ने उन लोगों को बताया कि मुशायरा बेगम का शरीर करीब 70 प्रतिशत तक जल गया है। इसलिए उनकी स्थिति गंभीर है। महिला की आयु करीब 50 साल है। इनके सात बच्चे हैं, सभी विवाहित हैं। मुशायरा के घर के बराबर में ही बेटी की ससुराल है, जहां वह किचन में खाना बना रही थीं। उसी दौरान सिलेंडर से गैस लीक होने से किचन में आग लग गई। आग बुझाने और किचन का सामान सुरक्षित बचाने के चक्कर में वह काफी जल गई हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में ठेले में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मंगलवार रात में हरथला रेलवे कॉलोनी के बड़ा चौराहे पर सब्जी के ठेले में किसी ने आग लगा दी। खबर मिलते ही परिवार मौके पर पहुंचा लेकिन, तब तक सब्जियों के साथ ही ठेला भी जलकर राख हो चुका था।

घटना रात के एक बजे के आसपास की बताई जा रही है। पीड़ित परिवार ने रात में ही यूपी डॉयल-112 पर कॉल कर पुलिस बुलाई थी। पीड़िता का कहना है कि छह महीने पहले ठेला गायब हो गया था, जो अब तक नहीं मिल पाया है। परिवार ने बताया कि आग से करीब 15,000 रुपये का नुकसान हुआ है। लालमणि व उनकी पत्नी विमला ने बताया कि इसी सब्जी की दुकान के सहारे वह अपनी तीन बेटियों को पाल रही हैं। बेटियां पढ़ाई भी करती हैं। लेकिन, मंगलवार रात किसी ने उनके ठेले में आग लगा दी। लालमणि ने बताया कि छह महीने पहले दुकान में चोरी हो गई थी। इसके बाद उधार लेकर किसी तरह से फिर से ठेला बनवाया और सब्जियों की खरीद कर दुकान शुरू की थी। पत्नी विमला पूरे दिन दुकान के संचालन में ही लगी रहती हैं। पीड़ित दंपती ने बताया कि रात में जब उन्हें पता चला तो भाग कर दुकान पर आए और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की थी। रेल पुलिस चौकी इंचार्ज बिजेंद्र राठी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है और न ही उनके पास कोई शिकायत लेकर आया है।



हरथला कॉलोनी के बड़े चौराहे पर जला सब्जी का ठेला, बेटियों के साथ मौजूद विमला।

### सदर विकास खंड में दिव्यांग शिविर आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** दिव्यांग प्रमाणपत्र के लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण व ऐसे दिव्यांगजन जिनके अभी तक दिव्यांग प्रमाणपत्र जारी नहीं हुए हैं उनके लिए जिले के हर विकास खंड में शिविर लगाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि 8 व 9 फरवरी को सदर विकास खंड सभागार में शिविर लगेगा। जबकि 13 व 14 को विकास खण्ड सभागार ठाकुरद्वारा, 15 व 16 फरवरी को विकास खण्ड सभागार डिलारी में, 17-18 को विकास खण्ड सभागार भगतपुर टांडा में, 21 व 24 फरवरी को विकास खण्ड सभागार मूंढापाण्डे, 23 व 24 को विकास खण्ड सभागार कुंदरकी और 27 व 28 फरवरी को बिलारी और 29 फरवरी व 1 मार्च को विकास खण्ड सभागार छजलैट में दिव्यांग प्रमाणपत्र (यूडीआईडी) बनाने के लिए शिविर लगेगा।

**बोर्ड परीक्षा** — रोजाना 3-4 घंटे पढ़ाई से भी पा सकते हैं बेहतर अंक, पढ़ाई के लिए बनाएं रूटीन

# नियमित पढ़ाई से आएंगे परीक्षा में अच्छे अंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** विद्यार्थी परीक्षाओं में टॉप करने के लिए बेताब रहते हैं। इसके लिए वह पूरा दिन पढ़ाई करते हैं। लेकिन, बोर्ड परीक्षा में टॉप करने के लिए रोजाना 10-12 घंटे पढ़ाई करने की जरूरत नहीं है। शिक्षा विशेषज्ञों की माने को प्रतिदिन 3-4 घंटे पढ़ाई करके भी टॉप कर सकते हैं। बस इतना ध्यान रखें कि पढ़ाई का जो भी रुटीन बनाएं, उसे नियमित रखें।

हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नन्हे सिंह ने बताया कि परीक्षा की तैयारी की सबसे पहली सीढ़ी टाइम टेबल है। क्योंकि टाइम टेबल के साथ नियमित पढ़ाई करना, सफलता का मूलमंत्र है। उन्होंने बताया कि अक्सर विद्यार्थी के मन में असमंजस रहता है कि टाइम टेबल कैसे बनाएं। विषय के हिसाब से 35-45 मिनट के बीच टाइम रख सकते हैं और हर दो विषय के बीच 1:30 घंटे के बाद 15-20 मिनट का ब्रेक अवश्य रखें। क्योंकि, पढ़ाई के दौरान 15 मिनट का ब्रेक स्वास्थ्य के लिए और तनाव मुक्त होने के लिए अति आवश्यक होता है।

### पढ़ाई के दौरान मोबाइल टीवी से बनाएं दूरी

कहा जाता है जिस काम में मन या ध्यान नहीं लगता, वो काम अच्छे तरीके से नहीं होता है। खासकर जब पढ़ाई की बात हो, तो इसमें ध्यान ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। अपने आस-पास कोई भी ऐसी चीज़, जो पढ़ाई के दौरान ध्यान भटकाए उसे साथ न रखें। जैसे मोबाइल, टीवी, वीडियो गेम आदि।

### खुद को प्रोत्साहित करें

खुद को प्रोत्साहित करना बहुत आवश्यक होता है। जैसे कोई भी ऐसा काम करें, जिसे करना थोड़ा मुश्किल हो, अगर उस काम को आप कर लेते हैं, तो खुद को का विश्वास बढ़ जाता है। जैसे मूवी देख लें, थोड़े समय के लिए खेलने चले जाएं या फिर दोस्तों से बात कर लें। ऐसा करने से आपके मन में विश्वास पैदा होगा और आप अच्छे से परीक्षा की तैयारी कर पाएंगे।

### दोस्तों का भी लें सहयोग

महत्वपूर्ण विषय या सवालों के बारे में दोस्तों से हमेशा परामर्श करें। ऐसा करने से आपको उस विषय के बारे में अच्छी जानकारी प्राप्त होगी। परामर्श करने से वह प्रश्न आपके दिमाग में चलता रहेगा। जो जल्दी याद होगा और लंबे समय तक याद भी रहेगा। अगर आप किसी टॉपिक को बार-बार पढ़कर भी नहीं समझ पा रहे है, तो उस टॉपिक को अपने दोस्तों के साथ रखें और उनसे इसके बारे में जाने।

### महत्वपूर्ण बिंदु

प्रैक्टिस के लिए समय निर्धारित करें। प्रत्येक सवाल को कम से कम एक बार हल अवश्य करें। इंटरनेट के मदद से परीक्षा पेपर डाउनलोड करें। उसका हल स्वयं करें। पाठ्यक्रम का भी ध्यान रखें।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की कोशिश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता मझोला थाना क्षेत्र की रहने वाली है। कुछ समय पूर्व उसके पति की मौत हो चुकी है। तीन बच्चों का पालन-पोषण महिला ही कर रही है। उसने पुलिस को बताया कि फेसबुक के जरिए कुंदरकी के कमालपुर गांव निवासी मोहम्मद कामिल से मुलाकात हुई। कुछ ही दिनों में फेसबुक की दोस्ती नजदीकी रिश्तों में बदल गई। कामिल ने शादी का झांसा देकर छेड़छाड़ शुरू कर दी थी। करीब दो माह बाद शादी के लिए दबाव बनाया तो वह टरकाता रहा। बाद में उसने साफ इनकार कर दिया।

# बेटे की प्रताड़ना से तंग बुजुर्ग ने छोड़ा घर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बूढ़े पिता को पड़ोसी के साथ मिलकर बेटे-बहू ने कई बार पीटा। इधर, तीन फरवरी को बुजुर्ग के सिर पर फावड़े से वार कर जानलेवा हमला कर दिया था। वह सिविल लाइंस थाने गया था, मेडिकल परीक्षण भी कराया। लेकिन, पुलिस की तरफ से कार्रवाई नहीं हुई। बुजुर्ग चुन्नू सिंह ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई कि बेटे-बहू और पड़ोसी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और उन्हें घर से न निकाला जाए।

पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि बेटे-बहू व पड़ोसी के उत्पीड़न से त्रस्त होकर तीन फरवरी के बाद से वह अपने घर न जाकर चचेरे भाई रघुवीर के यहां शरण लिए हैं। बुजुर्ग ने बताया कि जैसे-तैसे दिन कहीं काट लेते हैं और फुटपाथ के ठेलों पर रोटी खाकर पेट भर लेते हैं लेकिन, जाड़े की रात में दिक्कत रहती है। उन्होंने बताया कि शनिवार को जब बेटे-बहू व पड़ोसी ने मारा तो वह फकीरपुरा पुलिस चौकी गए थे लेकिन, सुनवाई नहीं हुई। चुन्नू सिंह ने बताया कि बुढ़ापे के कारण अब वह बीमार रहते हैं। 13 साल पहले पत्नी हमेंद्रा देवी की मृत्यु हो गई थी। परिवार में चार बेटियां व एक बेटा है। सभी की शादी हो गई है। बुजुर्ग ने बताया कि गरीबी के कारण वह घर-मकान नहीं बना पाए लेकिन, फिर भी रहने को एक कमरा बना है। इसमें उनका इकलौता बेटा व बहू रहते हैं। बताया कि बेटे का करीब पांच साल पहले लखीमपुर खीरी जिले के शाहबगंज के एक परिवार में विवाह किया था। विवाह के छह-सात महीने तक उनके बेटे-बहू ने सेवा भी की। लेकिन, फिर बेटे-बहू का उनके प्रति मन बदल गया और वह धीरे-धीरे कर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। घर से निकल जाने को कहने लगे। मकान को अपने नाम कराने का दबाव बनाकर उन्हें बेटे-बहू अक्सर मारते-पीटते हैं। बुजुर्ग ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे-बहू ने पड़ोसी के साथ मिलकर 24 सितंबर 2023 की शाम सात बजे के दौरान बहुत पीटा था। बुधवार को एसएसपी के अवकाश पर होने से प्रार्थना पत्रों पर एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीना सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने सिविल लाइंस थानाध्यक्ष को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### महीने में पांच-छह हजार रुपये कमा लेते हैं चुन्नू

70 वर्षीय चुन्नू सिंह ने बताया कि वह सिक्योरिटी गार्ड हैं। छह साल से रेलवे यार्ड में नौकरी कर रहे हैं। अब शरीर बूढ़ा हो गया है। कमजोरी अधिक है तो भी महीने में 15-16 दिन ही ड्यूटी कर लेते हैं। महीने भर में करीब 5-6 हजार रुपये मिल जाते हैं।

## एक नजर

### 15 तक लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल को आवेदन करें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायालय में लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम के लिए चीफ/डिप्टी/असिस्टेंट लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल की नियुक्ति संविदा के आधार पर दो वर्ष के लिए की जानी है। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किरन बाला ने बताया कि इन पदों के लिए अनुबंध के आधार पर एक पद चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, एक पद डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल, 2 पद असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के पदों की भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 15 फरवरी की शाम पांच बजे तक आवेदन प्राधिकरण के कार्यालय में उपस्थित होकर/पंजीकृत डाक द्वारा प्राप्त करा सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय, मुरादाबाद की वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/moradabad पर Recruitment ऑप्शन पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है।


नगर आयुक्त को स्मृति चिह्न व बुके देकर स्वागत करते पार्षद व पार्षद के प्रतिनिधि।

## पार्षदों ने नगर आयुक्त को बताईं लोगों की समस्याएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पार्षद एकता संगठन से जुड़े पार्षदों ने बुधवार को पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में नवागत नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और नगर स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात की। पार्षदों ने दोनों अधिकारियों से जनहित के विषय पर चर्चा की और नागरिकों की समस्याएं बताईं। जिस पर अधिकारियों ने समाधान का भरोसा दिया। इस मौके पर हाजी तय्यब अंसारी पार्षद वार्ड 61, कमर सलीम पार्षद वार्ड 65, मोअज्जम अली पार्षद वार्ड 66, केदार सिंह पार्षद के प्रतिनिधि वार्ड चार, शमशेर अली पार्षद वार्ड 56, इफ्तेखार मोहम्मद पार्षद के प्रतिनिधि वार्ड 38, भारतीय परवेज इस्लाम पार्षद वार्ड 40 मौजूद रहे।

### छूने से नहीं फैलता कुष्ठ रोग, समय से कराएं इलाज

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** कुष्ठ जागरुकता पखवाड़े में बुधवार को बड़ी मस्जिद असालतपुरा में पार्षद के सहयोग से नमाजियों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने कहा कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता है। यह बैक्टीरिया से होने वाला रोग है।

उन्होंने कहा कि ऐसे रोगी से घृणा करने की बजाय समय से उनको इलाज के लिए प्रेरित करें। जिससे वह व्यक्ति कुष्ठ रोग के चलते दिव्यांगता से बच सके। यदि किसी के घर या आसपास कोई ऐसा व्यक्ति मौजूद है जिसके शरीर पर सुन्न दाग धब्बे हैं, जिसमें पसीना नहीं आता, खुजली नहीं होती, बाल समाप्त हो गए हैं तो उसे इस बात के लिए प्रोत्साहित करें कि वह अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क इलाज उपलब्ध है। इलाज में देरी के कारण व्यक्ति के शरीर में दिव्यांगता उत्पन्न हो सकती है। अतः सही समय पर इलाज कराना जरूरी है।

### प्रेमी जोड़ों ने एक-दूसरे को गुलाब देकर प्रपोज किया, 14 फरवरी को मनेगा वेलेंटाइन डे

## रोज डे के साथ हुई वेलेंटाइन वीक की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** बुधवार से वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हो गई। रोज डे पर प्रेमी जोड़ों ने एक-दूसरे को गुलाब का फूल देकर प्रपोज किया। यह वीक महत्वपूर्ण लोगों, दोस्तों और परिवार के प्रति प्यार और स्नेह व्यक्त करने का समय है। 7 से 14 फरवरी तक चलने वाले वेलेंटाइन वीक में हर दिन अलग-अलग डे मनाया जाता है। प्रत्येक दिन विशेष महत्व रखता है।

सिविल लाइंस, हरथला, नागफनी थाने के पास में फूलों की दुकानें सजी रही। फूलों के दुकानदार फैसल ने कहा गुलाब में लाल, पीला, सफेद कई रंगों का है। लेकिन, प्रेमी जोड़ों को सबसे ज्यादा लाल गुलाब पसंद आता है। प्रति पीस 20 से 30 रुपये का गुलाब बेचा जा रहा हैं। दुकानदार ने कहा कि कई प्रेमी जोड़ों ने गुलाब का बुके भी खरीदा। 100 से लेकर 500 रुपये तक के गुलाब के बुके बनाए गए। वहीं महानगर के मॉल में इस दिन की खास तैयारियां देखने को मिली। यहां प्रेमी जोड़ों ने आकर अपने दिन को खास बनाया। साथ ही बाजारों से विभिन्न प्रकार के उपहार खरीदकर प्रेमी जोड़ों ने एक दूसरे को दिए।

**रोज डे का महत्व :** बुधवार से रोज डे वेलेंटाइन वीक की शुरुआत हुई। यह गुलाब के माध्यम से प्यार और प्रशंसा को व्यक्त करने का दिन है। इस दिन, लोग विभिन्न भावनाओं को व्यक्त करने के लिए विभिन्न रंगों के गुलाब एक दूसरे को देते हैं। लाल गुलाब प्रेम का प्रतीक है, पीला गुलाब दोस्ती का प्रतीक है, गुलाबी गुलाब प्रशंसा का प्रतीक है, सफेद गुलाब पवित्रता और मासूमियत का प्रतीक है।

**आज मनाया जाएगा प्रपोज डेः** प्रपोज डे अपने मित्रों के प्रति अपनी भावनाओं और इरादों को व्यक्त करने का एक अवसर है। यह आठ फरवरी को मनाया जाता है।


सिविल लाइंस थाने के सामने दुकान पर फूल पसंद करती युवती। ● अमृत विचार


वेव मॉल में दुकान पर रखे टेडी बियर।

### इमाम मूसा काजिम की शहादत पर मजलिस

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के मोहल्ला सादात स्थित इमाम बारगाह तहजीबुल हसनैन में मौलाना सादिक हसन जाफरी ने मजलिस को खिताब करते हुए इमाम मुसा काजिम की शहादत पर रोशनी डाली।

उन्होंने कहा कि इमाम मुसा काजिम को 14 साल तक ऐसे कैदखाने में रखा गया था। जिसमें इमाम मुसा काजिम खड़े भी नहीं हो सकते थे। 14 साल तक इमाम रुकु की हालत में रहे। इमाम मुसा काजिम की इज्जतो एहतराम इल्मों हिक्मतों परहेजगारियों सखावत को देखते हुए हारुन रशीद जालिमों जाबिर हुक्मरान ने इमाम को 14 साल तक कैद में रखने के बाद इमाम को जहर देकर शहीद कर दिया और इमाम के जनाजे को बगदाद के पुल पर रखा गया। तीन दिन तक इमाम का जनाजा बगदाद के पुल पर रखा रहा। बाद में मजदूरों ने इमाम के जनाजे को दफन किया था। यह सुनकर अजादारों की आंखों से आंसू छलक पड़े। मजलिस में सोजख्वानी आदिल नकवी ने की। मजलिस में डॉ. अली रजा, यासीन, नैय्यर अब्बास, गुलजार रजा, राहिल नकवी, अजीम नकवी, शान, सुहैल, नावेद हैदर, इमरान हैदर, नवाब, सरताज, असलम नकवी मौजूद रहे।

## अध्यक्ष पद पर प्रदीप सिन्हा का नामांकन

### बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन का दूसरा दिन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव के लिए दूसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप सिन्हा ने नामांकन दाखिल किया। जबकि पहले दिन इस पद पर आनंद मोहन गुप्ता और परमाल सिंह ने नामांकन किया था। इस प्रकार अब अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी नामांकन कर दावेदारी कर चुके हैं। दूसरे दिन आठ पदों के लिए 45 नामांकन दाखिल हुए।

कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर नामांकन किया। एसोसिएशन के हाल में हुए नामांकन कार्य में चुनाव कराने वाले एल्डर कमेटी के पदाधिकारियों की मौजूदगी में अध्यक्ष पद के लिए दूसरे दिन प्रदीप सिन्हा ने पर्चा भरा। उन्होंने अधिवक्ता हितों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता बताई। जबकि मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए आनंद


बार चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने जाते प्रदीप सिन्हा। ● अमृत विचार

**▸▸ दो दिनों में आठ पदों के लिए 72 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा**

मोहन गुप्ता और परमाल सिंह ने पर्चा भरा था। अब तीन दावेदार अध्यक्ष पद के हो गए हैं।

वहीं दूसरे दिन महासचिव पद पर अशोक कुमार सिंह, जावेद हसन, दिलीप कुमार झा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कोषाध्यक्ष पद पर आशीष उपाध्याय, अनिल कुमार भारती, अनिल कुमार विश्नोई ने दूसरे दिन पर्चा भरा। अब इस पद पर छह प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए वचन सिंह, काजी सौलत हुसैन, मेहंद सिंह चौहान ने भी दावेदारी की। दो दिन में आठ पदों पर 72 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन में सहयोग करने वालों में एल्डर कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विजय गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता, जगदीश सरन व चुनाव समिति से नरेंद्र सिंह चौहान, शमशेर सिंह, अनिल कुमार सिंह, सतीश कुमार विश्नोई, रमेश सिंह आर्य, संजय सक्सेना सोनी आदि शामिल रहे।

### सरकार से लगाई पुरानी पेंशन बहाली की गुहार

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ने शैक्षिक समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्रियों के साथ बैठक कर वार्ता की।

प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 6 फरवरी को हुई बैठक में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर सरकार व शिक्षा संगठन विचार परिवार की बैठक हुई। इसमें सरकार के मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह व संगठन पदाधिकारियों ने भागीदारी की। बताया कि इसमें पुरानी पेंशन योजना बहाली, उप्र माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम 1982 की धारा 21 की बहाली, बीएलओ के कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने, स्ववित्त पोषित विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा नियमावली बनाने, निशुल्क कैश लैस चिकित्सा सुविधा देने, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों एवं व्यावसायिक शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने, माध्यमिक, संस्कृत विद्यालयों, महाविद्यालयों आदि की शैक्षिक समस्याओं पर चर्चा परिचर्चा कर उनके त्वरित समाधान की मांग सरकार से की गई। अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने सभी शैक्षिक समस्याओं के समयबद्ध समाधान का आश्वासन दिया।


छात्र को सम्मानित करतीं प्रधानाध्यापिका रेहाना परवीन साथ में अन्य। ● अमृत विचार

## वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** प्राथमिक विद्यालय किसरौल बालक नगर में बुधवार को प्रबंध समिति की बैठक और विद्यालय का वार्षिकोत्सव हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित राजकला इंटर कॉलेज की प्रधान अध्यापिका मधुबाला त्यागी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड के पार्षद जुनैद सिद्दीकी, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष गुलशन आरा ने की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेहाना परवीन और सहायक अध्यापिका नाजिया सुल्ताना के द्वारा अतिथियों का बैज लगा कर स्वागत किया। प्रधानाध्यापिका ने शासन की ओर से दी जा रही विभिन्न सुविधाओं तथा योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे- मुन्नों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालय में निपुण बच्चों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन विद्यालय आने वाले, पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में प्रतिभाग करने वाले, जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में पीटी तथा विशेष प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



यह फोटो मुरादाबाद के कांठ रोड का है। जहां एक बिजली का खंभा गिरने की हालत में है। कांठ रोड पर हमेशा ही वाहनों और पैदल आने जाने वालों की काफी संख्या रहती है। अब देखना यह है कि विभागीय जिम्मेदार अधिकारी इसे कब तक ठीक करेंगे या फिर किसी हादसे के बाद ही विभाग जागेगा। ● अमृत विचार

### यूसीसी पर सुप्रीम कोर्ट जाएगी जमीयत : रशीदी

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** उत्तराखंड सरकार के समान नागरिक संहिता कानून के खिलाफ जमीयत उलमा-ए-हिंद सुप्रीम कोर्ट जाएगी और उत्तराखंड सरकार के फैसले को कोर्ट में चुनौती देगी।

बुधवार को यूपी जमीयत उलमा-ए-हिन्द के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने बताया कि उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल जो विधानसभा में पेश किया है, उसके खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेंगे। मौलाना ने कहा कि उत्तराखंड सरकार हमारे अधिकारों का हनन कर रही है। मुसलमान मजहबी मामले में कुरान शरीफ के खिलाफ किसी भी कानून को नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा कि हम धार्मिक मामलों में बिल्कुल समझौता नहीं करेंगे। इसके लिए हम यूसीसी मामले में उत्तराखंड सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अवैध कट बंद कराएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने अवैध कट बंद कराने के एनएचएआई के अधिकारियों को दिए। कहा कि महानगर के मार्गों पर बिजली के अनुपयोगी खंभे तत्काल हटवाएं।

डिलारी थाने के जलालपुर में साइन बोर्ड लगाने के बारे में एनएचएआई के अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि इस ब्लैक स्पॉट पर साइन बोर्ड और रोड मार्किंग का कार्य पूरा कर दिया है। शेष कार्य भी जल्द करा दें। महानगर के मार्गों पर लगे अनुपयोगी बिजली के खंभों को हटाने के लिए जिलाधिकारी ने कहा। जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग ने बताया कि कांठ रोड पर सभी निष्प्रोज्य पोल हटा दिए हैं। अकबर का किला कांठ रोड के पास अनुपयोगी खंभों को हटाया है। पाकबड़ा जीरो प्वाइंट से होटल रीजेंसी तक डिवाइडर के संबंध में एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि काम पूरा हो गया है। पुराना टोल प्लाजा थाना मैनाठेर पर दिशा निर्देशक बोर्ड, कैट आईज और डायवर्जन बोर्ड लगाने, अज्ञात वाहनों से सड़क दुघर्टनाओं में मृत व घायलों व्यक्तियों के आश्रितों को हिट एंड रन योजना के अन्तर्गत धनराशि प्रदान कराने के बारे में विचार किया। बैठक में सड़क सुरक्षा योजना में पुलिस और परिवहन विभाग ने चालानों की जानकारी दी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी यातायात सुभाष चन्द्र गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगेगा टीका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अभियान में शहरी क्षेत्र में टीकाकरण को पूर्ण कराने के लिए 26 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि 26 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों हरथला, फकीरपुरा, नयागांव, बंगलागांव, मुकर्रबपुर, लालबाग, कानूनगोयान, नबावपुरा, किसरौल, कंजरी सराय, ईएसआई टाउनहॉल, कोठीवाल नगर, गुलाबबाड़ी, कटघर, गाड़ीखाना, बरवलान, वारसीनगर, कांशीराम नगर, मझोला, चिड़ियाटोला, मियां कालोनी, रहमतनगर, शिवनगर, आदर्श नगर, पीतल बस्ती में रविवार से शनिवार तक प्रतिदिन जिला महिला चिकित्सालय व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं और 5 वर्ष तक के बच्चों का निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है।

**तैयारी** | रविवार 11 फरवरी को दो पालियों में होगी परीक्षा

## 49 केंद्रों पर होगी समीक्षा अधिकारी परीक्षा

**समय**

**▸▸ पहली पाली साढ़े नौ और दूसरी ढाई बजे शुरू होगी**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा का आयोजन महानगर में दो पालियों में किया जाएगा। यह परीक्षा 11 फरवरी को आयोजित होगी। इसके लिए सभी केंद्र व्यवस्थापकों को व्यवस्थाएं पूरी कर सेक्टर मजिस्ट्रेट को सूचित करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य लोक सेवा आयोग इलाहाबाद द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी आदि परीक्षा 2023 का आयोजन महानगर में 49 केंद्रों पर होगा। पहली पाली 9.30 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरी पाली 2.30 बजे से आयोजित होगी। परीक्षा को सही से कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट की ओर से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती परीक्षा केंद्रों पर की गई है।

### इन केंद्रों पर होगा परीक्षा का आयोजन

मुस्लिम डिग्री कॉलेज, मौलाना आजाद मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज, स्वरूपी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज, कृष्णा पब्लिक इंटर कॉलेज, श्री साईं विद्या कन्या इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, आरएन इंटर कॉलेज, कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज, अंसार इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज, फलाहे दारेन इंटर कॉलेज, प्रभा देवी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, प्रताप सिंह हिंदू गर्ल्स इंटर कॉलेज, अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज, बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, हिंदू कॉलेज ब्लॉक ए, हिंदू कॉलेज ब्लॉक बी, बीआर पब्लिक इंटर कॉलेज, पीएलजेएल रस्तोगी इंटर कॉलेज, पारकर इंटर कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, एसएस इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, अब्दुल सलाम मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज, जेआर अग्रवाल कन्या इंटर कॉलेज, मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज, शांति निकेतन इंटर कॉलेज, संत राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज, एसएस चिल्ड्रन एकेडमी, विल्सोनिया डिग्री कॉलेज, आरएसडी एकेडमी पब्लिक स्कूल, वीकेएस पब्लिक स्कूल, स्प्रिंगफील्ड कॉलेज, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, पीएमएस पब्लिक स्कूल, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज, रामचंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज, केजीके इंटर कॉलेज, दिव्या सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, केजीके इंटर कॉलेज, दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, केजीके पीजी कॉलेज, एचएसबी इंटर कॉलेज, विकसित इंटर कॉलेज, जेएस इंटर कॉलेज, पंवार इंटर कॉलेज, आरके इंटर इंटर कॉलेज और किसान इंटर कॉलेज केंद्र पर परीक्षा होगी।

### छात्राओं को वेटलैंट की उपयोगिता बताई

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कालेज में विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर बुधवार को वर्ल्ड वाइड फंड फार नेचर इंडिया की ओर से कार्यशाला हुई। इसमें छात्राओं को वेटलैंड की उपयोगिता को लेकर जागरूक किया।

संस्था के फील्ड ऑफिसर लव कुमार ने छात्राओं को वेटलैंड के बारे में बताया कि यह वह क्षेत्र है जिसमें साल भर आंशिक या पूर्ण रूप से जल भरा रहता है। हमें वेटलैंड को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने होंगे। प्रधानाचार्या अर्चना साहू ने कहा कि तालाब समाप्त होते जा रहे हैं, नदियां सिकुड़ती जा रही हैं और उनमें जो जल है वह प्रदूषित होता जा रहा है। कार्यक्रम में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के रूपेश कुमार और शोएब का सहयोग रहा। इस अवसर पर निमित जायसवाल, श्वेता त्रिपाठी, वैशाली, प्रियंका, राजीव सक्सेना रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एमआईटी में हॉबीज क्लब के तहत बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ प्रतियोगिता हुई। इसमें छात्र-छात्राओं ने विचारों को पोस्टर बनाकर प्रदर्शित किया। इसमें सताक्षी ने पहला स्थान हासिल किया।

निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर संस्थान में आयोजित की जाती हैं। जिससे बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ- साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। सुचिता सक्सेना ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से समाज व छात्र-छात्राओं को जागरूक करना है। प्रतियोगिता में सताक्षी ने पहला, अभिषेक राज ने दूसरा और कनक वर्मा ने तीसरा स्थान हासिल किया। रूपल शर्मा, निशा सैनी, विधि चौहान, प्रगति यादव ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम का संचालन सुचिता सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में डॉ.अनिमेष अग्रवाल, प्राची गुप्ता, शिवानी आदि मौजूद रहीं। उधर, कॉलेज में हॉबीज क्लब द्वारा करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ. रोहित गर्ग ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ-साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। मेहंदी प्रतियोगिता में 36 छात्राओं ने भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में गौरी भारद्वाज प्रथम, वंशिका रस्तोगी दूसरे स्थान और सौम्या कौशिक तीसरे स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार पूर्णिमा शीर्षवाल, विधि चौहान, सृष्टि यादव, लवी वशिष्ठ, कशिश माथुर ने प्राप्त किए।


एमआईटी में पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

## एक नजर

### लकड़ी माफिया ने रात में काट डाले आम के हरे पेड़

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के लिंक मार्ग पर लकड़ी माफिया रात के अंधेरे में आम के हरे पेड़ काट डाले। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग जांच कर कार्रवाई की बात कह रहा है। मंगलवार की देर रात ग्राम रामपुर भूड़ मार्ग पर माफिया ने आम के हरे पेड़ों को काट दिया। जानकारी मिलने पर बुधवार की सुबह वन दरोगा पलट राम एवं बीट सहायक ताहिर हुसैन मौके पर पहुंचे। उन्होंने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। वन दरोगा ने बताया कि मौके पर सात-आठ आम के हरे पेड़ काटे गए हैं। जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जेसीबी ने कार में मारी टक्कर, हादसा टला

**गजरौला, अमृत विचार :** जेसीबी ने कार में टक्कर मार दी। इसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार मालिक ने जेसीबी के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला कविनगर निवासी लोकेश गुप्ता चार फरवरी को अपनी कार से कहीं जा रहे थे। थाने के निकट मोहल्ला शुक्लपुरी के सामने जेसीबी ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक जेसीबी चलाते समय फोन पर बात कर रहा था।

# 24 घंटे में लूट की दो घटनाओं से सनसनी

## शादी समारोह से दुल्हन के चाचा के हाथ से नगदी से भरा बैग छीन ले गए बदमाश

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** 24 घंटे के भीतर बदमाशों ने नगर में लूट की दूसरी घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। नगर के बाईपास मार्ग स्थित एक वैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान दुल्हन के चाचा के हाथ से बदमाश बैंग छीन कर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। पीड़ित ने घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सोमवार की देर रात नगर के चामुंडा मंदिर के निकट नकाबपोश बदमाशों ने चाकू दिखाकर फोटोग्राफर प्रेमपाल से कैमरा, मोबाइल एवं 900 रुपये लूट लिए थे। अभी पुलिस इस मामले की तह तक नहीं पहुंच पाई थी कि बदमाशों ने मंगलवार की रात दूसरी घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे डाली। बाईपास स्थित वैंक्वेट हाल में नगर के व्यापारी चंद्र सैनी की बेटी की बारात मुरादाबाद से आई थी। दुल्हन के चाचा धर्मेंद्र बरातियों का स्वागत कर रहे थे। इसी बीच एक व्यक्ति आया और उनके हाथ से नकदी से भरा बैग छीन कर भाग गया। बदमाश के पीछे कुछ लोग भागे, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कीं। पीड़ित धर्मेंद्र के अनुसार बैग में करीब डेढ़ लाख रुपए थे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। उधर, 24 घंटे में लूट की दो घटनाएं होने से नगर में दहशत है। व्यापारियों में भारी रोष है।

व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश महासचिव मुकेश गुप्ता ने कहा कि 24 घंटे में दो व्यापारियों के साथ लूट की घटना होना पुलिस को खुली चुनौती है। अगर पुलिस ने जल्द इन लूट की घटनाओं का खुलासा नहीं किया तो व्यापारी आंदोलन करने को बाध्य होगा।



कोतवाली में क्राइम इंस्पेक्टर से वार्ता करते पीड़ित। ● अमृत विचार

### गुस्सा

- सोमवार की रात बदमाशों ने फोटोग्राफर से की थी लूट
- व्यापारियों ने शीघ्र खुलासा नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

### खुलासे के लिए कई टीम कर रहीं काम

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर में 24 घंटे में हुई दो घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीम काम कर रही हैं। जल्द खुलासे की बात अधिकारियों द्वारा कही जा रही है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि दोनों घटनाओं का खुलासा करने के लिए पुलिस की चार टीमों को लगाया गया है। जल्द ही दोनों घटनाओं का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### नमो ऐप डाउनलोड कराने में ललित तंवर रहे देश में प्रथम

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने नमो ऐप को डाउनलोड कराने में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके देश के विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज मासिक श्रेणी जनवरी का परिणाम घोषित किया है। इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री ने उन्हें बधाई दी है।



पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर के प्रतिनिधि कपिल कुमार ने बताया कि विकसित संकल्प यात्रा एवं विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नमो एप पर 100 दिन विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज में जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस पर प्रधानमंत्री ने ट्वीट करके उन्हें बधाई दी है। इससे कार्यकर्ताओं में खुशी है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए विकसित भारत संकल्प यात्रा चैलेंज को स्वीकार करने और इस यात्रा को अंजाम तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की है।



सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# संगठन को बूथ स्तर तक किया जाएगा मजबूत : जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय कैलसा रोड पर हुई। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के हाथों को मजबूत करना है।

कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की सोच है कि उत्तर प्रदेश में पूर्ण रूप से शराब बंद हो। समान शिक्षा लागू की जाए और तकनीकी शिक्षा लागू हो। गरीबों का इलाज किया जाए। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। जन चौपाल में सरकार की नीतियों को बताना है। आने वाले लोकसभा चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी को चुनाव लड़ाना है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया राम प्रजापति, जिला कोऑर्डिनेटर यूनुस प्रधान, जिला सलाहकार डॉ. जगत सिंह गुर्जर, मोहम्मद नाजिम, चंद्रपाल सिंह, जगबीर सिंह चौहान, इस्लामुद्दीन इदरीसी, ब्रह्मपाल सिंह, जितेन्द्र राणा, नदीम अख्तर, रोहित कुमार, वीरपाल राणा, ओम सिंह कश्यप, जोगिंदर सिंह कश्यप, वाजिद मंसूरी आदि मौजूद रहे।

### हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**चौधरपुर, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक शिनाख्त कराने के बाद शव को पोर्स्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हादसा डिडौली कोवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर स्थित नेशनल हाईवे पर हुआ। बुधवार की सुबह दिल्ली की तरफ सर्विस रोड पर एक बुजुर्ग पैदल जा रहा था। पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश की। इस बीच मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। लोगों ने मृतक की पहचान विजेंद्र निवासी गांव गोपीवाला थाना काशीपुर के रूप में की। मृतक मानसिक रोगी बताया जा रहा है।

# पशुओं को दी ठंड से बचाने की जानकारी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** विकास खंड के गांव वाखरपुर माफी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान पशुओं को ठंड से बचाने के बारे में जानकारी दी। पशु चिकित्सकों ने पशुओं के इलाज व दवाइयों का वितरण किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने फीता काटकर व गोमाता का पूजन कर मेले का शुभारंभ किया।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से देसी गोवंशों को चिन्हित कर उनके स्वास्थ्य एवं रखरखाव के बारे में जानकारी दी जा रही है। उनसे होने वाले फायदों के बारे में पशुपालकों को बताया जा रहा है। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीपाक्षी सिंह ने पशुपालकों को पशुओं के रखरखाव और ठंड से बचाने के बारे में विस्तार से बताया। इसे दौरान 573 पशुओं का उपचार किया गया।

इस अवसर पर पशु चिकित्साधिकारी डॉ. भागेश सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. शिवानी सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी नेपाल सिंह, दिग्विजय सिंह, राजीव मलिक, सचिन कुमार, महेंद्र सिंह, सत्यप्रिय, इश्तियाक अली, शरद यादव, ग्राम प्रधान देशपाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



मेले में गाय का पूजन करतीं ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा। ● अमृत विचार

### ट्रेन में यात्री की अचानक हालत बिगड़ी, मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** गरीब नवाज एक्सप्रेस में सवार यात्री की अचानक हालत बिगड़ने से मौत हो गई। उसे रेलवे स्टेशन पर उतारकर सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पश्चिमी बंगाल के लाहतड़ा जनपद के करौंदा निवासी मोहन हेम्ब्रन (29) गरीब नवाज एक्सप्रेस से सवार होकर किशनगंज से अजमेर जा रहे थे। अचानक हालत बिगड़ने से उनकी मौत हो गई। ट्रेन के गार्ड ने कंट्रोल को मामले की जानकारी दी। गजरौला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोकर मोहन के शव को उतारा गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस से उसे सीएचसी ले जाया गया। वहां चिकित्साधीक्षक डा.योगेंद्र सिंह ने मोहन को मृत घोषित कर दिया। जीआरपी चौकी इंचार्ज श्याम बाबू ने बताया कि परिवार वालों को सूचना दे दी गई है।

# आरएएफ व पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले नगर में शांति व्यवस्था रखने के लिए पुलिस ने आरएएफ जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों की जांच भी की।

बुधवार को आरएएफ के डिप्टी कमांडेड रामकिशन व क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत के नेतृत्व में आरएएफ ने पुलिस कर्मियों के साथ फ्लैग मार्च किया। आरएएफ ने पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली।

लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पैदल मार्च मोहल्ला लालबाग, संभल अड्डा, बाईपास मार्ग, रहरा अड्डा, सब्जी मंडी, पुरानी जामा मस्जिद, जनकपुरी, पंसारा बाजार, पुरानी तहसील, इंदिरा चौक, आंबेडकर पार्क से होते हुए कोतवाली पर आकर समाप्त हुआ। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान, उपनिरीक्षक मोइन खान, पवन कुमार, राजकुमार, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



पुलिस के साथ फ्लैग मार्च निकालते आरएएफ के जवान। ● अमृत विचार



परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा पीड़ित अरुण। ● अमृत विचार

# ससुराल वालों ने दुकानदार को पीटा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। ग्रामीणों ने दो लोगों को पड़कर पुलिस को सौंप दिया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक तमंचा व चाकू मिला है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रझौहा का है। यहां रहने वाले अरुण गांव में ही परचून की दुकान चलाता है। उसकी शादी लगभग छह वर्ष पूर्व पड़ोसी गांव की युवती के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही दोनों में विवाद रहने लगा। मामला न्यायालय में पहुंच गया। बुधवार की सुबह अरुण अपनी दुकान पर था।

तभी सुसराल पक्ष के कुछ लोग आए और कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते मारपीट होने लगी। यह देख ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों को देख दो लोग मौके से भागने लगे। मगर भीड़ ने उन्हें पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। तलाशी में पकड़े गए ताहरपुर गांव निवासी पिंटू के पास से तमंचा व कारतूस तथा प्रदीप के पास से चाकू मिला।

# गुरु गोविंद सिंह पुलिस चौकी किया जाए टीपीनगर चौकी का नाम : ढिल्लो

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** विधान परिषद सदस्य डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने विधान परिषद में टीपी नगर पुलिस चौकी का नाम बदलकर गुरु गोविंद सिंह पुलिस चौकी करने का मुद्दा उठाया।



उन्होंने कहा कि नगर पालिका अमरोहा ने वर्ष 2000 में जोया रोड पर पेट्रोल पंप चौराहे का नाम श्री गुरु गोविंद सिंह चौक करने प्रस्ताव पारित किया था। चौराहे पर श्री गुरु गोविंद सिंह चौक के नाम का पत्थर लगाया गया था। इसका उद्घाटन तत्कालीन राज्य मंत्री मंगल सिंह सैनी ने 13 अप्रैल 2001 को किया था।

बीस साल हो गए, लेकिन चौराहे पर सौंदर्यीकरण नहीं हो पाया। गुरु गोविंद सिंह चौक पर पुलिस चौकी स्थापित कर दी गई। पुलिस चौकी का नाम टीपी नगर चौकी रख दिया। इससे सिख समुदाय की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने मांग की कि टीपीनगर पुलिस चौकी का नाम बदल कर श्री गुरु गोविंद सिंह पुलिस चौकी कराकर सौंदर्यीकरण कराया जाए।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि यहां कुटीर उद्योग के रूप में ईंट भट्ठा संचाालित है। सरकार ने ईंट व बर्तन आदि बनाने के लिए दो मीटर गहराई तक जेसीबी से मट्टी खोदने की अनुमति दे रखी है। इसके बाद भी खनन एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भट्ठा संचालकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। स्वास्थ्य, पशुपालन, होम्योपैथिक एवं आयुष विभाग में औषधियों के वितरण एवं रखरखाव के लिए फार्मासिस्टों की नियुक्ति की गई है।

उन्होंने महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा एवं कर्नाटक राज्य की तरह प्रदेश में भी फार्मासिस्टों का पद नाम फार्मेसी अधिकारी करने की मांग की।

### वन से काटे जा रहे हरे पेड़

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के रहरई व चचौरा गांव के सामने वन में अधिकारियों की अनदेखी से हरे पेड़ काट जा रहे हैं। खेतों के चारों ओर बाड़ बनाई जा रही है।

अलाव में भी लकड़ी का प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए जंगल में पेड़ों को काटा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि आदमपुर तिराहे के आसपास संरक्षण के चलते लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। यह जंगल में घुसकर पेड़ों को काटते हैं। लोगों का कहना है कि कीकड़ के पेड़ काटकर लोग खेतों की बाड़ व अलाव में उपयोग करने के लिए लकड़ी काट रहे हैं। इस ओर वन विभाग का कतई ध्यान नहीं है।

केशलता अस्पताल
KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
- निःशुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच निःशुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन
- कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट

निःशुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

**लापरवाही** पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर ने लिया था गोद, अब गांव में हर जगह बदहाली

# चकनवाला में गंदगी के ढेर, नारकीय जीवन जी रहे लोग

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** चकनवाला गांव में गंदगी के ढेर लगे हैं। रास्तों में कीचड़ पसरी है। इसके चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों से निकलने वाले लोग फिसलकर गिर रहे हैं। गंदगी से उठने वाली बदबू से लोगों का जीना दूभर हो गया है। जबकि यह गांव पूर्व सांसद कंवर सिंह तंवर ने गोद भी लिया था।

चकनवाला गांव की हालत बदतर होती जा रही है। मुख्य मार्ग पर पसरी कीचड़ की वजह से लोगों का पैदल निकलना दूभर हो रहा है। नालियों में पसरी गंदगी से पनपने वाले मच्छरों की वजह से संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना है।

2014 में सांसद बनने के बाद कंवर सिंह तंवर ने यहां कई विकास कार्य कराए थे। पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त कराने के साथ ही पूर्व सांसद ने गांव की सड़कें भी पक्की करा दी थीं। लेकिन 2019 के बाद गांव विकास के लिए तरस रहा है। ग्रामीणों ने प्रधान पर गांव में विकास कार्य नहीं कराने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से भी की गई है।



गांव चकनवाला में पसरी गंदगी व कीचड़। ● अमृत विचार



पूर्व सांसद द्वारा गांव को गोद लिया गया था। तब विकास कार्य भी कराए गए थे। लेकिन अब कोई काम नहीं हो रहा है। गांव में जगह-जगह गंदगी है। इससे बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है।
– मसरूफ खां, ग्रामीण



जलभराव से लोग परेशान हैं। नालियों में पसरी गंदगी से पनपने वाले मच्छरों से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। रास्तों को साफ कराया जाए। – सुरेश सिंह, ग्रामीण



ग्राम प्रधान से साफ-सफाई करने के लिए कई बार कहा, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। नियमित सफाई नहीं होनी से गांव में चारों ओर गंदगी पसरी है। रास्तों पर कीचड़ है तो गलियों में कूड़े के ढेर लगे हैं। अधिकारियों को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए।
– चंद्रपाल सिंह, ग्रामीण

## एक नजर

### ई रिक्शा में टक्कर के बाद चालकों में मारपीट

**संभल, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के तिवारी सराय में ई रिक्शों में टक्कर लगने पर चालकों के बीच मारपीट हो गई। मोहल्ला तिवारी सराय में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया के आगमन को लेकर सुबह से ही पुलिस बल तैनात था। दोपहर के वक्त लकड़ी के बल्ले लदे ई रिक्शा और सवारियों से भरे ई रिक्शा में टक्कर हो गई। इसके बाद दोनों चालक भिड़ गए। चालकों के बीच मारपीट का नजारा देखकर पुलिस कर्मियों ने हस्तक्षेप किया। पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे चालकों को शांत किया।

### सिरसी में मजलिस के बाद निकला जुलूस

**संभल/सिरसी अमृत विचार** : सिरसी के इमाम बारगाह मुहल्ला सादात में मंगलवार को देर रात मजलिस में मर्सिया ख़्वानी अजमल और उनके हमनवां ने की। मजलिस में मौलाना मीसम अब्बास मुजफ्फरनगर ने सातवें इमाम मुसीए काजिम के मसाइब पढ़े तो अजादार फूट फूट कर रोने लगे। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत का जुलूस निकाला गया। जिसमें अंजुमन जुल्फकारे हैदरी, अंजुमन मीसामे अजा ने नौहाख्वानी की।

### चेकिंग में ओवरलोड पांच ट्रक सीज किए

**संभल अमृत विचार** : राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता और पीटीओ एम आबदीन अहमद ने माल यानों द्वारा की जा रही ओवरलोडिंग और परिवहन निगम की बसों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें ओवरलोडिंग को लेकर पेंट और सीमेंट लगे पांच ट्रकों का कोतवाली संभल क्षेत्र में चालान करते हुए सीज किया। ट्रक मंडी समिति में खड़े करा दिए। वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनका पालन करने के प्रति जागरूक किया।

### गवां के इंटर कॉलेज में रोजगार मेला आज

**संभल अमृत विचार** : कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हरि बाबा इंटर कॉलेज परिसर गवां में आठ फरवरी को सुबह 10 .30 बजे से दोपहर तीन बजे तक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेला लगेगा।

# बंदरों के हमले में महिला की छत से गिरकर मौत, बालक घायल

## कपड़े सुखाने छत पर गई थी अनीता, अपने मकान की छत पर खेल रहा था असद

संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में एक ही दिन में छत पर कपड़े सूखा रही महिला व छत पर खेल रहे बालक पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। जिसमें महिला की छत से गिरकर मौत हो गई जबकि बालक गंभीर रुप से घायल हो गया। महिला की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जबकि बालक का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव खासपुर निवासी अशोक की पत्नी अनीता 45 वर्षीय मंगलवार की दोपहर में कपड़े सुखाने छत पर गई थी। अचानक बंदरों के झुंड ने आकर अनीता पर हमला कर दिया। बंदरों के हमले से



महिला की मौत के बाद शोकाकुल परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

बचने के लिए अनीता शोर मचाते हुए छत से नीचे की ओर भागने लगी और छत पर बनी चारदीवारी से गिरकर गंभीर घायल हो गई। शोर को सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में उपचार के अनीता को निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन अनीता का शव लेकर घर आ गए और बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बंदरों से डरकर छत से गिरा मासूम, गंभीर : असमोली थाना क्षेत्र के गांव खासपुर निवासी शाहिद हुसैन का सात वर्षीय बेटा असद मंगलवार की शाम छत पर खेल रहा था। छत पर अचानक से पहुंचे बंदरों के झुंड ने असद पर हमला कर दिया। बंदरों के झुंड से ड़रकर भागा असद छत से रास्ते में गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन असद को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे और उपचार के लिए असद को भर्ती कराया।

# फायर फाइटिंग सिस्टम को पाइप बिछाने का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, संभल

- जिला अस्पताल में डेढ़ करोड़ रुपये से लगेंगे आग बुझाने के उपकरण
- शासन की ओर से 77.44 लाख की किस्त हो चुकी जारी

**अमृत विचार** :जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम को लेकर कार्यदायी फर्म ने काम शुरू कर दिया है। फर्म के कर्मी पाइप बिछा रहे हैं। जिसके बाद अन्य कार्य किए जाने हैं। फायर फाइटिंग सिस्टम लगाने में करीब पांच महीने लगेंगे लेकिन मरीजों के साथ ही तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ को सहूलियत मिलेगी।

जिला अस्पताल में आग बुझाने के इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं। जिसे लेकर अग्निशमन उपकरणों के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया था। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य निर्माण सहकारी संघ को अस्पताल परिसर में फायर फाइटिंग सिस्टम लगाने की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके लिए डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के बजट को मंजूरी मिलने के साथ ही 77.44 लाख रुपये की पहली किस्त भी जारी की गई।



जिला अस्पताल में पाइप लगाता कर्मचारी।

टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने पर अब जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम को लेकर काम शुरू हो गया है। मुजफ्फरनगर की कंपनी की ओर से लेबर द्वारा फिलहाल अस्पताल में पाइप लाइन डाली जा रही है। कंपनी के इंजीनियर विकास कुमार ने बताया कि पूरे अस्पताल में पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है।

## सार-संक्षेप



अंडरपास की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान। ● अमृत विचार

### अंडरपास निर्माण को 15वें दिन भी धरना जारी

**संभल अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 15वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। गांव भटौला में धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि शासन उनकी बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। सर्दी के मौसम में किसान लगातार अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं जबकि अंडरपास की जायज मांग है। इस दौरान जयप्रकाश, रामकिशन, राहिद, गंगा शरण, गणपत, इंद्रपाल यादव, दिलशाद अली, सूरजपाल, जयपाल आदि रहे।

### जुनावई में जल्द संरक्षित होंगे छुट्टा गोवंश पशु

**संभल/जुनावई, अमृत विचार** :बीडीओ जुनावई ने बैठक कर ग्राम पंचायत सचिवों और प्रधानों को क्षेत्र को सप्ताह भर में छुट्टा गोवंश पशुओं से मुक्त करने के निर्देश दिए। बुधवार को बीडीओ अखिलेश कुमार ने बैठक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत में पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया जाए। 16 फरवरी को बबराला के बगीचा विवाह स्थल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम होगा। उन्होंने पेंशन के लाभार्थियों के समय से आवेदन पूर्ण कराकर लाभ दिलाने को कहा। आवास योजना को लेकर भी पेच कसे। कहा कि छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित किया जाए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पहुंचे भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार ने छुट्टा गोवंश से निजात दिलाने की मांग उठाई तो एक सप्ताह का समय मांगा गया।



पैदल भ्रमण करते आरएएफ व पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

### आरएएफ ने पैदल मार्च निकाल सुरक्षा का एहसास कराया

**संभल/सिरसी, अमृत विचार** : आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर नगर पंचायत सिरसी में आरएएफ व पुलिस ने पैदल मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया और चुनाव में गड़बड़ी करने वाले लोगों को चेतावनी दी। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी में बुधवार को थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आरएएफ के जवानों के साथ पैदल मार्च निकाला और माहौल खराब करने वाले असामाजिक तत्वों को कानून का कड़ा संदेश देते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। पैदल मार्च सिरसी पुलिस चौकी से शुरु होकर मुहल्ला गिन्नौरी, मुहल्ला शर्की व इमाम बारगाह सादात से होते हुए स्टेशन मार्ग से मुहल्ला चौधरियान, जामा मस्जिद और संभल मुरादाबाद मार्ग से निकलकर वापस पुलिस चौकी पर पहुंचकर संपन्न हुआ।

## बेटे के साथ मिल कर किया ग्रामीण को घायल

**संभल, अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में घर में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टोटी दीवार में लगाने का विरोध करते हुए पड़ोसियों ने मारपीट कर ग्रामीण को घायल कर दिया। ग्रामीण ने रात में पड़ोसियों पर पथराव करने का भी आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर कुंज निवासी राजपाल ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि जल जीवन मिशन के तहत घरों में पहुंचाने के लिए लगाई जा रही पानी की टंकी मंगलवार को रास्ते के किनारे दीवार में लगवा रहे थे। आरोप है कि पड़ोसी महेश ने विरोध करते हुए टोटी दीवार में दूसरे स्थान लगाने की बात कही। इसी बात को लेकर राजपाल व महेश में गाली गलौज होने लगी। महेश की पत्नी दयावती व बेटा कृष्ण भी आ गया। आरोप है कि महेश ने बेटे व पत्नी के साथ मारपीट करते हुए राजपाल को घायल कर दिया।

# मेरे कान में सुनाई देगी डमरू व बांसुरी की आवाज : तोगड़िया

कार्यालय संवाददाता, संभल

- अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष ने कहा-किसी भी हिंदू को राम मंदिर का क्रेडिट लेने का अधिकार
- लोगों को दिलाया सप्ताह में दो दिन हनुमान चालीस पाठ का संकल्प कार सेवकों को किया सम्मानित

**अमृत विचार** : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि किसी भी हिंदू को राम मंदिर का क्रेडिट लेने का अधिकार है। कहा कि बिना निमंत्रण लाठी गोली खाने के लिए चार बार आठ लाख कारसेवक आए थे। उनके कारण ही बाबरी ढांचा ढहा, तब मंदिर बना है। बाबरी नहीं ढहती तो मंदिर कैसे बनता।

संभल के तिवारी सराय में प्रेस वार्ता के दौरान अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि पहले से मुझे सपने में भगवान राम का धनुष दिखाई देता रहा है। अब कुछ दिनों में मेरे कान में डमरू और बांसुरी की आवाज आने वाली है। इसलिए काशी, मथुरा में भी जय जयकार होने वाली है। इससे पूर्व कार सेवकों के सम्मान कार्यक्रम



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डा. प्रवीण भाई तोगड़िया। ● अमृत विचार

### कार सेवकों को किया सम्मानित

**संभल अमृत विचार** : डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने प्राचीन मुन्नी माता मंदिर में दर्शन किया। कार्यक्रम में मदद के लिए लोगों को हिंदू हेल्पलाइन नंबर और अपना मोबाइल नंबर नोट कराया। इतना ही नहीं, अपनी फेसबुक पर लोगों को जोड़ा। कार्यक्रम में कार सेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद, क्षेत्रीय महामंत्री मनोज व्यास, प्रांत संगठन मंत्री प्रमोद कुमार, प्रदेश महामंत्री गौरव राघव, प्रांत उपाध्यक्ष अशोक गौतम, जिलाध्यक्ष अशोक त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

में डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हमने राम मंदिर डंके की चोट पर बना लिया। जब मुझे पूछते थे मंदिर बनेगा तो कहता था कि मंदिर बनेगा। कोई चाहेगा तो भी मंदिर बनेगा और कोई नहीं चाहेगा तो भी उनकी छाती पर पांव रखकर मंदिर बनेगा। तीन लाख पुरखों की पच्चीस पीढ़ियों ने कुर्बानी दी। उन्होंने राम मंदिर बनाने के लिए 50 लाख कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिलाया।

### 1989 में आठ करोड़ लोगों ने दिया सवा रुपया

**संभल अमृत विचार** : डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि 1989 में हमने कहा कि मंदिर एक व्यक्ति के पैसे से नहीं बनेगा। मंदिर तो आपके पसीने के सवा रुपये से बनेगा। आठ करोड़ घरों में गए तो आठ करोड़ लोगों ने सवा रुपया दिया। 1990 से 2022 तक पैसे से मंदिर के पत्थर गढ़ने का काम किया। 60 हजार घन फिट पत्थर तैयार किए। जब सुप्रीम कोर्ट ने जमीन दे दी तो हमारे पत्थर तैयार थे। पत्थर से पत्थर लगा दिया और 22 जनवरी को भव्य मंदिर खड़ा हो गया। राम मंदिर हिंदुओं के पसीने, आंसू और खून का स्मारक है। उन्होंने लोगों को हर सप्ताह मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा पाठ करने का संकल्प दिलाया।

# धड़ल्ले से हो रही थी बिजली चोरी 40 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :बिजली चोरी रोकने के लिए संभल शहर में चेकिंग अभियान जारी है। अधिकारियों ने दो क्षेत्रों में चेकिंग करते हुए 40 लोगों को बिजली चोरी करते हुए चिन्हित किया। लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

बिजली विभाग के एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह, एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने टीम के साथ बुधवार को सुबह करीब छह बजे हयातनगर से चेकिंग अभियान की शुरूआत की। जैसे ही लोगों को चेकिंग शुरू होने की जानकारी मिली तो कई आनन फानन में कटिया कनेक्शन उतारने में जुट गए।

हालांकि इससे पहले ही अधिकारियों ने बिजली चोरी करने में लोगों को चिन्हित करा लिया।



हयातनगर में चेकिंग करती बिजली विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- अधिकारियों ने हयातनगर और पीला खदाना में चलाया चेकिंग अभियान

यहां के बाद मुहल्ला पीलाखदाना में चेकिंग अभियान चला। करीब नौ बजे तक बिजली चोरी के मामले चिन्हित किए गए। एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह ने बताया कि 40 लोग बिजली चोरी करते हुए मिले। लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। इस दौरान एई मीटर रणवीर सिंह, एई आर श्याम मिलन यादव, जेई आलोक गुप्ता, रोहित मुखिया, योगेश कुमार, जेई मीटर इकरार खां, विजिलेंस टीम और पीएसी बल मौजूद रहा।

# पड़ोसी को कर्ज दिलाने गया था बैंक के गेट पर हुई मौत

संवाददाता, संभल/ओबरी

**दुखद**

- हार्ट अटैक से मौत का अंदेशा, फेरी लगाकर कॉस्मेटिक का सामान बेचता था
- ग्रामीण की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में पड़ोसी को कर्ज दिलाने के लिए गारंटर बनने पहुंचे ग्रामीण की अचानक बैंक के मुख्य गेट पर गिरकर मौत हो गई। ग्रामीण की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण फेरी लगाकर गांवों में कॉस्मेटिक का सामान बेचकर परिवार का पालन पोषण करता था।

थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निलासी कल्लू खां 55 वर्ष बुधवार की दोपहर दो बजे गांव में ही सैलून पर सेविंग करा रहे थे। गांव का ही कल्लू खां का पड़ोसी फरियाद बैंक से कर्ज लेने में जरुरत गारंटर की तलाश करता हुआ सैलून पर आ गया। यहां से फरियाद बैंक में कल्लू खां को गारंटर बनाने के लिए गांव में ही स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक पहुंचा। बैंक के गेट पर पहुंचते ही कल्लू खां अचानक से जमीन पर गिर पड़े। फरियाद ने कल्लू खां को बैंक में मौजूद लोगों की मदद से जमीन से उठाकर चारपाई पर लिटाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन कल्लू खां को उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने देखते ही कल्लू खां को मृत घोषित कर दिया। मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि कल्लू खां गांव गांव घूमकर कॉस्मेटिक का सामान बेचकर परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

### काम के चलते रम्पुरा क्षेत्र की बिजली रहेगी बाधित

**संभल अमृत विचार :** 132 केवी विद्युत उपकेंद्र उझारी से विद्युत उपकेंद्र रम्पुरा पर आने वाली 33 केवी लाइन के जर्जर तार और नीची लाइन में नए पोल लगाने आदि का कार्य 8 फरवरी से 14 फरवरी तक किया जाना है। यह जानकारी विद्युत उपकेंद्र सैदनगली के नवीन कुमार ने दी। बताया कि काम चलने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसलिए, उपभोक्ताओं का धैर्य बनाए रखना चाहिए। वहीं भाकियू टिकैत के जिला महासचिव चौधरी वीरेंद्र सिंह ने सुबह 10 बजे तक कटौती मुक्त विद्युत आपूर्ति देने की मांग अधिशासी अभियंता से की है। जिससे सर्दी में किसानों को सिंचाई करने में दिक्कत न हो।

**तैयारियां** — कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री का दौरा है संभावित

# कल्कि धाम पहुंचे एडीजी, डीआईजी और कमिश्नर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुट गया है। आयोजन को लेकर बुधवार को एडीजी जोन के साथ ही मंडलायुक्त व डीआईजी ने पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों को लेकर गहन मंथन किया। 19 फरवरी को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर संदेश लिखा था। इसके बाद ही पुलिस प्रशासन आयोजन की तैयारियों को पूरा करने में जुट गया। आयोजन स्थल गांव की आबादी और खेतों से सटा है इसलिए प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर खास मशक्कत की जा रही है।

बुधवार को सबसे पहले एडीजी बरेली पीसी मीना ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे तो डीआईजी मुनिराज जी, पुलिस



कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह को जानकारी देते डीएम मनीष बंसल, साथ में मौजूद आईजी मुनीराज जी, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व अन्य। ● अमृत विचार

### अगले पांच दिन में आ सकते हैं मुख्यमंत्री

**संभल, अमृत विचार** : 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यदि कल्कि धाम के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे तो अगले पांच दिन में मुख्यमंत्री का आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंचना तय माना जा रहा है। अधिकारी प्रधानमंत्री से पहले मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियां पूरी करने का भी काम कर रहे हैं।

अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत व जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उन्हें आयोजन के स्वरूप के बारे में बताया। निर्देश देकर एडीजी वापस लौटे तभी मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह पहुंच गये। सभी ने घंटों तक शिलान्यास समारोह में वीआईपी सुरक्षा को लेकर रणनीति पर विचार किया।

कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से अधिकारियों ने जाना कि कितने लोगों को समारोह में आमंत्रित किया गया है। यह भी पूछा गया कि निमंत्रित लोगों को कैसा पास जारी किया जा रहा है।

### पहले हेलीपैड बनाने का काम होगा पूरा

**संभल, अमृत विचार** : एडीजी व कमिश्नर ने डीएम व एसपी से कहा कि हेलीपैड बनाने का काम प्राथमिकता से किया जाये। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले मुख्यमंत्री के आगमन पर उनका हेलीकॉप्टर लैंड कराने के लिए हेलीपैड की जरूरत पड़ेगी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री के आगमन से पहले एसपीजी टीम भी हेलीकॉप्टर से आ सकती है। हेलीपैड बनाने के लिए डीएम, एसपी व अन्य अफसरों ने उस जगह को देखा जहां हेलीपैड बनाए जाने हैं।

## दुकानदार की मशीन से कट गई अंगुलियां

**संभल/ओबरी, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में लकड़ी चीरते समय मशीन की चपेट में दुकानदार के हाथ की अंगुलियां कट गईं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने दुकानदार को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी जाकिर हुसैन थाना क्षेत्र में असमोली लोधीपुर मार्ग पर गांव खासपुर बस स्टेंड के पास अली फर्नीचर के नाम से शोरूम स्थित है। बुधवार की दोपहर में जाकिर हुसैन शोरुम के आगे लगी मशीन पर लकड़ी चीर रहा था। अचानक से जाकिर हुसैन का हाथ लकड़ी के साथ मशीन की चपेट में आ गया और जाकिर हुसैन के हाथ की अंगुलियां कट गईं। जिससे जाकिर हुसैन की चीख निकल गई। परिजन जाकिर हुसैन को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचे और उपचार के लिए भर्ती कराया।




## एक नजर

### निर्धन कन्या को उपहार भेंट किए

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर की ओर से एक निर्धन कन्या को बीएस हॉस्पिटल में उपहार भेंट किए। ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी शर्मा, सचिव शालिनी सक्सेना व कोषाध्यक्ष रागिनी सैनी की ओर से उपहार भेंट किए गए और कन्या के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान डॉ. सुधा चौधरी, शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, नंदिनी आदि रहीं।

### 25 हजार का इनामी दबोचा गया

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी, गैंगस्टर एक्ट के आरोपी वांछित को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करते हुए जेल भेजा गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कबूलपुरा के मुगल गार्डन निवासी मोहम्मद साहिल आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

# पालिकाध्यक्ष पति संग हुईं भाजपाई

## लखनऊ में दो उपमुख्यमंत्रियों व प्रदेश अध्यक्ष ने ग्रहण कराई पार्टी की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय पर सदस्यता ग्रहण करतीं पालिकाध्यक्ष लता व उनके पति अखिलेश। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद चन्दौसी की अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने पति के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। बुधवार को लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की उपस्थित में सदस्यता ग्रहण की है।

नगर के समाज सेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी की पत्नी लता वार्ष्णेय ने 2023 में पालिकाध्यक्ष पद का चुनाव 13 हजार से अधिक वोटों से जीतने के साथ ही राजनीति में कदम रखा। नगर निकाय चुनाव में यहां महिला आरक्षित सीट थी।

लता वार्ष्णेय के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने पत्नी के लिए भाजपा से टिकट की मांग की थी लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके

**▸▸ 2023 में भाजपा से टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं लता वार्ष्णेय, भाजपा प्रत्याशी रहीं थी तीसरे स्थान पर**

बाद लता वार्ष्णेय ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और 13892 वोटों से जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहीं। लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों से वह काफी प्रभावित हैं। जिससे प्रभावित होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। वह भाजपा पदाधिकारियों के निर्देश पर कार्य कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने का प्रयास करेंगी। भाजपा में शामिल होने पर उनके समर्थकों व भाजपाइयों में खुशी की लहर है।

### वेतन वृद्धि के लिए डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचार:** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश से जुड़े पदाधिकारी ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रुकी हुई वेतन वृद्धि शिक्षकों बहाल किए जाने की मांग उठाई।

जिला संयोजक विकास यादव के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पर पहुंचे शिक्षकों ने डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा कि कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं का बौद्धिक मूल्यांकन किया गया था। जिसका परीक्षा परिणाम आने के बाद जिले के बहुत विद्यालय लाल श्रेणी के तहत आए थे। हालांकि उसके बाद विभाग की ओर से एक चेतावनी देते हुए 252 विद्यालयों के प्रधानाचार्य और सहायक अध्यापकों की अस्थाई वेतन वृद्धि बहाल कर दी थी। लेकिन अभी तक ऐसे 22 विद्यालय बचे हुए जिनमें शिक्षकों की वेतन वृद्धि बहाल नहीं की गई है। इस दौरान उधम सिंह, पुष्पेंद्र तोमर, विजय राठी, पंकज राठी, बिल्लू सिंह, रविंद्र सिंह, राहुल वार्ष्णेय, हितेश कुमार शर्मा, ओमवीर, सुशील आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



दुबई थीम कार्निवल मेले का उद्घाटन करते राज्यमंत्री के पति रामपाल सिंह।

### समारोह पूर्वक दुबई थीम कार्निवल मेले का आगाज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहर के सीता आश्रम स्थित पं. हनुमान सिंह ग्राउंड में बुधवार को 30 दिवसीय दुबई थीम कार्निवल मेले की शानदार शुरूआत हुई। माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह ने फीता काट कर मेले का आरंभ किया। पहले दिन मेले में भारी भीड़ उमड़ी। श्री साईं सर्विसेज की ओर से मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में दुबई जैसा नजारा देखने को मिलेगा। मेले में कपड़े, खिलौने, आर्टवर्क, ऊंट की सवारी, फूड स्टाल समेत बुर्ज खलीफा व गगनचुम्बी झूले आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अलावा रंगारंग कार्यक्रम, स्टेज शो, फ्री प्रतियोगिताएं आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उद्घाटन अवसर पर मेला संचालक सुमित गुप्ता, मोहम्मद याशीन, पवन गुप्ता, अनुज उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने ब्लॉक बनियाखेड़ा मुख्यालय में खण्ड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीओ पंचायत को सौंप कर समस्या समाधान की मांग की। समाधान नहीं होने पर 12 फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी तमाम महिला व पुरुष किसानों के साथ बुधवार की दोपहर 12 बजे ब्लॉक बनियाखेड़ा पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की। साथ ही बीडीओ की गैरमौजूदगी में एडीओ पंचायत नीरज कुमार कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि छुट्टा गाय व सांड जो झुण्ड के रुप में खेतों पर पहुंच कर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। जिससे किसान को भारी नुकसान हो रहा है। इन छुट्टा पशुओं को गोशाला में बंद किया जाए। छोटे-छोटे गांव में गोशालाओं का निर्माण कराया जाए। छुट्टा पशुओं के द्वारा बर्बाद फसलों का क्षतिपूर्ति मुआवजा किसानों को दिलाया जाए। फसल बर्बाद होने से किसानों के सभी कर्ज माफ करने को शासन को रिपोर्ट भेजी जाए। छुट्टा गोवंश के हमले में घायल किसानों को उपचार व आर्थिक सहायता देने की योजना बनायी जाए। कहा कि 11 फरवरी तक मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 12 फरवरी को ब्लॉक मुख्यालय पर भारी संख्या में किसान एकत्र होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान राहुल कश्यप, शैलभ शर्मा, संजीव राघव, महेंद्र कुमार, नितिन, सत्यप्रकाश, ओमकार सिंह, सत्यप्रकाश, मुकेश चंद्र शर्मा, सत्यम राघव, सुरजीत राघव, ओमपाल, वीना देवी, विनीता देवी, माया देवी आदि रहे।



कस्बा नरौली के गांव खेड़ा खास में धर्म रक्षा निधि पत्र बांटते विहिप कार्यकर्ता।

### जनसंपर्क अभियान चला कर धर्म रक्षा निधि पत्रक बांटे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड नरौली के खंड खेड़ा खास में मेरठ प्रांत धर्म रक्षा निधि के लिए बुधवार को घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें पदाधिकारियों ने लोगों को विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और उपलब्धियां की जानकारी देते हुए पत्रक बांटे। नगराध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीमाली ने बताया कि यह कार्यक्रम 15 फरवरी तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए अन्य टोलियों का भी गठन किया गया है। जो लोगों से जनसंपर्क कर संगठन की विचारधारा का प्रचार प्रचार करेंगी। धर्म रक्षा निधि से किसी हिंदू बहन बेटी की रक्षा हो सकेगी, बेरोजगार हिंदू युवाओं को रोजगार का प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। गो रक्षा और गो सेवा होगी। किसी सेवा बस्ती में संस्कारशाला आरंभ होगी। धर्मांतरण रोकने में मदद मिलेगी। हिंदू समाज की सेवा सुरक्षा संस्कार के लिए प्रयत्नशील हिंदू युवाओं को संबल मिलेगा। इस दौरान अमित कश्यप, दीपक कश्यप, मुकुल शर्मा, विशाल शर्मा, विपुल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर बीसी सखियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**बहजोई, अमृत विचार :** विशिष्ट करसपोर्डेंट महिला उत्थान समिति से जुड़ी महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। विशिष्ट करसपोर्डेंट महिला उत्थान समिति से जुड़ी बीसी सखी कलेक्ट्रेट पहुंचीं। जहां उन्होंने अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अपनी मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर दीपक कुमार को सौंपकर कहा कि सरकार के द्वारा 75000 सपोर्ट फंड दिया गया था उसे पूरी तरह से माफ किया जाए। क्योंकि बीसी सखियों की इतनी आमदनी नहीं होती जो इस कर्ज की भरपाई कर सकें। उन्होंने कहा कि मानदेय बढ़ाकर स्थाई किया जाए। डिवाइस वापस कर इस पैसे से लैपटॉप दिया जाए। इस दौरान तब्बू, निशा, नीतू, कंचन सिंह, पिंकी, अर्चना, सर्वेश, सुमन, सुशीला, निर्दोष, संगीता, मीरा देवी, सुनीता देवी, रीना कुमारी, रानी देवी, नीलम यादव, चंद्रकली, मंजू कुमारी, पूनम, राधा रानी सहित आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बनाई रणनीति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सीकरी गेट स्थित विधानसभा सह संयोजक सुशील कुमार सीडीओ के आवास पर बुधवार को बैठक हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। एक दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता को पटका और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव बहुत नजदीक आ रहा है और हम सभी को मिलकर संभल सीट भाजपा की झोली में डालनी है। उसके लिए बूथ पर कार्य कर रही बूथ समिति और पन्ना प्रमुख के साथ बैठक करके चुनाव की रूपरेखा बनाएं। घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क कर किया जाए। संचालन विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी ने किया। इस अवसर पर मेवाराम, सुशील कुमार सीडीओ, अभिनव शर्मा, शुभम अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, निशान्त शर्मा आदि उपस्थित रहे।



गुन्नौर के सराय मोहल्ले में सड़क पर भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

### सड़क पर भरा गंदा पानी, संक्रामक रोगों की आशंका

**संभल/गुन्नौर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के वार्ड तीन के मुहल्ला सराय में नाली चोक होने से जल निकासी नहीं हो रही है और घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई है। मुहल्ला सराय में सड़क पर गंदा पानी भरा है। लोगों को सड़क से निकलने में परेशानी हो रही है। लोगों का आरोप है कि सभासद और नगर पंचायत के अधिकारी से नाली की सफाई कराने की मांग की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध से परेशानी है। वहीं संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका बनी है। लोगों ने कहा कि नाली की सफाई नहीं होने से हालात नरकीय बने हैं। गंदा पानी घरों में भी घुस जाता है। लोगों ने अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई। इस दौरान राकेश, जयप्रकाश, उमेश, दिनेश, विजयपाल और कुसुमा देवी आदि रहे।



एनकेबीएमजी कॉलेज से जागरुकता रैली निकालतीं स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

# रैली निकाल सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज में बुधवार सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी संदेश देने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई के द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने झंडी दिखाकर किया।

छात्राओं ने लोगों को बताया कि वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग चालक एवं पीछे बैठने वाले दोनों को करना चाहिए और कार आदि चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। ताकि अपने जीवन के साथ-साथ दूसरों के जीवन को भी बचाया जा सके। प्राचार्या द्वारा छात्राओं को बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाना चाहिए एवं तेज गति से वाहन चलाने से बचना चाहिए। छात्राओं ने रैली के माध्यम से जनमानस को जागरुक करते हुए सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ, सीट बेल्ट का प्रयोग है जरूरी आदि नारे लगाए। रैली मालवीय चौक से होते हुए महाविद्यालय पहुंच कर संपन्न हुई। रैली को सफल बनाने में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत, डॉ. प्रियंका का सहयोग रहा।

# जीसीसी टीम को 10 विकेट से हरा कर ब्लैक पैंथर पहुंची फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



सिद्धार्थ गुप्ता को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के कैथल गांव स्थित मैदान में आयोजित सेठ लक्ष्मी नारायण टनाटन मेमोरियल आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को हुए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में ब्लैक पैंथर ने 10 विकेट से जीसीसी की टीम को हरा कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी सिद्धार्थ मैन ऑफ द मैच रहे। गुरुवार को ब्लैक पैंथर और इज्जतनगर बरेली की टीमों के बीच फाइनल मुकाबला होगा।

दूसरे सेमीफाइनल में जीसीसी की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लेते हुए टीम को मैदान में उतारा। बल्लेबाजी करते हुए जीसीसी 54 रन पर ढेर हो गई। जीसीसी की ओर से अनुज शर्मा ने सर्वाधिक 22 रन और

**▸▸ विजेता टीम के खिलाड़ी सिद्धार्थ गुप्ता मैन ऑफ द मैच रहे**

**▸▸ गुरुवार को ब्लैक पैंथर व इज्जतनगर बरेली के बीच होगा फाइनल**

मोहित पंजाबी 20 रन की पारी खेली। ब्लैक पैंथर की ओर से गेंदबाज सिद्धार्थ गुप्ता ने 6 विकेट झटके।

जवाब में ब्लैक पैंथर ने 3 ओवर में 55 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। ब्लैक पैंथर्स की ओर से रोबिन ने 30 और अनमोल ने 26 रन बनाए।

इस प्रकार ब्लैक पैंथर ने 10 विकेट से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ गुप्ता रहे। अंपायरिंग जितेंद्र लारा व राम ने की। इस दौरान अंशुल टनाटन, राहुल टनाटन, प्रिया टनाटन, मोनिका टनाटन, माधव, विराट, राम, राहुल, सुजल मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का किया आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज में डॉ. मनीषा अग्रवाल एवं डॉ. इमराना प्रभारी रोवर्स रेंजर्स के संयोजन में बुधवार को तीन दिवसीय रेंजर्स शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मोहित कुमार, मीनू राघव् (गाइड) व प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।

तदोपरांत ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात अतिथियों को बैज लगा कर सम्मानित किया।

जिला संगठन आयुक्त मोहित कुमार व मीनू राघव ने छात्राओ को रेंजर्स के इतिहास, झण्डा गीत, प्रार्थना, वर्दी, नियम, प्रतिज्ञा, आयु वर्ग के अनुसार वर्गीकरण, सेल्युट, बायां हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार की तालियां, प्राथमिक चिकित्सा तथा टोली आदि की जानकारी दी।

# बच्चों के स्वास्थ्य व दांतों की जांच कर सुझाव दिए

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी




स्वास्थ्य शिविर में बच्चों के दातों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय मानव कल्याण समिति की ओर से बुधवार को मोहल्ला खातियान स्थित सरोजनी नायडू कंपोजिट विद्यालय में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के दांतों व स्वास्थ्य की जांच की गई।

मुख्य अतिथि सभासद तरुण कुमार नीरज ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। समिति प्रबन्धक डॉ. टीएस पाल ने कहा कि जब तन स्वस्थ्य होगा तभी पढ़ाई में मन लगेगा। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने बच्चों के दांतों का परीक्षण करके दवा दी। सुबह शाम पेस्ट करने के साथ ही मीठा एवं खाना खाने के बाद कुल्ला करने की सलाह दी। प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि बच्चे स्वस्थ होंगे तो विद्यालय की उपस्थिति भी शत

**▸▸ 40 बच्चों का ब्लड ग्रुप एवं 30 बच्चों का शिविर में हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया**

प्रतिशत होगी। जिससे नियमित रूप से अध्ययन अध्यापन कार्य संचालित हो सकेगा। शिविर में सीएचसी की टीम में फार्मासिस्ट जितेंद्र कुमार, एलटी शमीम अहमद, सुरेंद्र सिंह ने 40 बच्चों का ब्लड ग्रुप एवं 30 बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया। साथ ही 40 बच्चों के दांतों की जांच की। इस दौरान प्रधानाध्यपक अभिषेक गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, मुनीश वार्ष्णेय, आयुषी गुप्ता, वीनू शर्मा, प्रदीप वार्ष्णेय, राजेश पाल आदि का सहयोग रहा।

# छापेमारी से सदमे में आए ईंट भट्ठा संचालक की जान गई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**▸▸ भट्ठा संचालक के बेटे ने तहसील की टीम पर आरोप लगाया, दी तहरीर**

**▸▸ आरोप है कि तहसीलदार ने आते ही गाली-गलौज कर भट्ठे की कुर्की करने की बात कही**

**अमृत विचार:** ईंट भट्ठा संचालक के पुत्र ने तहसील प्रशासन पर जबरन भट्ठे पर आकर पिता के साथ अभद्रता करने व भट्ठे की कुर्की करने का आरोप लगाया है। घटना से सदमे में आए भट्ठा संचालक की मौत हो गई। घटना की तहरीर थाना कुढ़फतेहगढ़ में दी गई है।



थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव मुड़िया खेड़ा निवासी अमित कुमार पुत्र नेमचंद्र ने दी तहरीर में कहा है कि उनका ईंट भट्ठा है। सोमवार को तहसील से तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपने साथ पुलिस लेकर पहुंचे। आरोप है कि तहसीलदार ने आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी तथा भट्ठे की कुर्की करने की बात कही। जब कुर्की का आदेश दिखाने की बात कही तो अधिकारी नाराज हो गए। आरोप है कि भट्ठा संचालक के साथ मारपीट करने का प्रयास किया और जीप से भट्ठे पर खड़ा ट्रैक्टर खींच कर ले गए।

इस घटना से क्षुब्ध होकर भट्ठा संचालक गुमसुम व बेहोश हो गए और अवसाद में चले गए। सोमवार को चिकित्सक से उपचार कराया। बुधवार की सुबह 11 बजे उनकी मौत हो गई। घटना की तहरीर मृतक के पुत्र ने थाने में देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है।



मदरसे में आयोजित उर्स में कलाम पेश करते मौलाना। ● अमृत विचार

# नबी के बताए रास्ते पर चलने की नसीहत दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** नगर के जारई गेट मिल परिसर में बने मदरसा गौसुल आलम में आयोजित उर्स के दूसरे दिन हजरत मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अल्हेह की कुल शरीफ का प्रोग्राम हुआ। जिसमें ख्वाजा साहब की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि ख्वाजा साहब ने नबी के बताए हुए तरीके पर चलकर अपनी पूरी जिंदगी गुजार दी। जिसकी वजह से आज पूरे आलम में लाखों करोड़ों उनके मुरीद हैं। मुसलमान को अपनी जिंदगी में नबी का तरीका और अल्लाह का हुकुम मानना चाहिए। जिससे जिंदगी खुश गवार गुजरे। कुल शरीफ में दुआ कराई गई। जिसमें देश में अमनो अमन कायम रहे तथा मुल्क और कौम तरक्की करे। इस मौके पर हाफिज मतीन अशरफी, शाह आलम मंसूरी, अशफाक भारती, नजर मोहम्मद, अब्दुल सलाम, हाफिज मोहम्मद अहमद, सूफी अबरार, तौफीक अशरफ, तुफैल अशरफी, हाफिज असजद आदि तमाम मुरीद शामिल रहे।

**दिक्कत** — लीकेज के चलते जल निगम की पाइप लाइन में नहीं पहुंच रहा पानी

# टोटियों में आ रहा दूषित पानी, नागरिक परेशान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**▸▸ कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है**

**▸▸ जलनिगम ने अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल पाइल लाइन बिछाई गई थी**

**अमृत विचार :** जलनिगम की पेयजल पाइप लाइन में पानी नहीं पहुंच रहा है। जिन स्थानों पर पानी पहुंच रहा है, वह दूषित होने से लोग उसका इस्तेमाल में नहीं कर रहे हैं। कई बार शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है।

शहर में नगर पालिका परिषद की वर्षों पुरानी पेयजल पाइप लाइन बिछी है। लेकिन उसमें प्रेशर नहीं आने से घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था। इसके बाद जलनिगम ने अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल पाइल लाइन बिछाई गई थी। चार साल में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बाद जलनिगम ने इस पाइप लाइन को नगर पालिका के नियंत्रण में दे दिया। इस पाइप लाइन से घर-घर पेयजल पहुंचने लगा। मगर शहर के खुर्जा गेट, गोपाल मोहल्ला, ब्रह्म बाजार क्षेत्र में कुछ स्थानों पर टोटियों में पानी नहीं पहुंच रहा है। जबकि नगर पालिका की पुरानी पाइप लाइन भी बंद पड़ी है। जिन स्थानों पर पानी पहुंच रहा है, वहां दूषित होने से लोग उसे प्रयोग में नहीं ले रहे हैं।

मोहल्ला मोती समेत कई मोहल्लों में लीकेज के कारण टोटियों में दूषित पानी पहुंच रहा है। जिससे लोगों को आसपास लगे हैंडपंपों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है।



वार्ड 17 बड़ा महादेव में कई दिनों से जलनिगम की पाइप लाइन में दूषित पानी आने की शिकायत मिल रही है। शिकायत के निस्तारण को नगर पालिका के अधिकारियों से कहा गया है।

**-तरुण कुमार नीरज, सभासद**



वार्ड 9 खुर्जा गेट में जलनिगम की पाइप लाइन में कुछ स्थानों पर पानी पहुंच रहा है, तो कुछ में दूषित पानी आ रहा है। जबकि नगर पालिका की पुरानी पाइप लाइन का यही हाल है। समस्या की शिकायत की गई है।

**-नवकांत शर्मा, सभासद**



शहर में अधिकांश लोग जलनिगम की पेयजल पाइप लाइन पर निर्भर हैं। क्योंकि उनके घर हैंडपंप नहीं लगे हैं। जब पाइप लाइन में पानी नहीं आता है तो लोगों को हैंडपंप से पानी लाना पड़ता है। खुर्जा गेट का भी यही हाल है।

**-रमेश साहनी, खुर्जा गेट**



पिछले कई दिनों से मोहल्ला खुर्जा गेट में पाइप लाइन में दूषित पानी आ रहा है। कई बार शिकायत कर चुके हैं, मगर समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। सुबह को घरेलू कार्य के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।

**-कृष्णा शर्मा, खुर्जा गेट**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

श्व : कार्यमद्य कुर्वीत पूर्वान्हे चापरान्हिकम्।
न हि प्रतीक्षते मृत्यु : कृतमस्य न वा कृतम्।।

जिस काम को कल करना है उसे आज और जो काम शाम के समय करना हो तो उसे सुबह के समय ही पूर्ण कर लेना चाहिए। क्योंकि मृत्यु कभी यह नहीं देखती कि इसका काम अभी भी बाकी है।

## संपादकीय

# भारतीय छात्रों पर हमले

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले लगातार जारी हैं। हमले की ये घटनाएं परेशान करने वाली हैं। अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में डॉक्टरेट की पढ़ाई कर रहे एक भारतीय छात्र का शव मिला जबकि शिकागो में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) की पढ़ाई कर रहे एक और भारतीय छात्र के साथ बेरहमी से मार-पीट की गई। रविवार से भारतीय छात्रों पर हमले की एक के बाद एक घटनाएं सामने आई हैं और अकेले 2024 में ही ऐसी छह घटना दर्ज की गई हैं। सवाल उठता है कि भारतीय छात्रों के साथ अमेरिका में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। क्या यह हमले केवल लूटपाट के इरादे से हो रहे हैं। क्या यह आपराधिक घटनाएं हैं। ध्यान रहे अमेरिका में रह रहे भारतीयों को अक्सर नस्लीय भेदभाव का शिकार होना पड़ा है। विदेश में पढ़ रहे भारतीय छात्रों पर हमले का मुद्दा पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में जानकारी दी थी कि मंत्रालय के पास मौजूद आंकड़ों के हिसाब से विदेश में पढ़ रहे 403 छात्रों की मौत 2018 से अब तक हुई है। इनमें सबसे ज्यादा 91 मौत कनाडा में हुई हैं। जबकि ब्रिटेन 48, रूस में 40, अमेरिका में 36, ऑस्ट्रेलिया में 35, यूक्रेन में 21 और जर्मनी में 20 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। गौरतलब है कि पढ़ाई के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों की पहली पसंद है। संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से एक चौथाई से अधिक भारतीय छात्र हैं। ओपन डोर्स रिपोर्ट (ओडीआर) के आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसे लोगों की संख्या सबसे अधिक है, जिन्होंने वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) लिया है। अमेरिका में हुई ताजा घटनाओं ने संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाले तीन लाख से अधिक भारतीय मूल के छात्रों को चिंतित किया है। हालांकि विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि विदेश में पढ़ रहे छात्रों की सुविधा और सुरक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमले के बाद तेलंगाना सरकार ने अमेरिका में एक हेल्प डेस्क के गठन का फैसला किया है। छात्रों को मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए जागरूकता और सहायता प्रणालियों में वृद्धि पर जोर दिया है। ऐसे में विदेश मंत्रालय को भारतीय छात्रों को अमेरिका में सुरक्षित रखने के लिए एक सलाह जारी करने की जरूरत है।

# हमारा मौजूदा संसदीय जनतंत्र: समस्या और समाधान



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई।

> हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें।

हमारी मौजूदा जनतांत्रिक व्यवस्था में संसद सर्वोपरि है, वह संप्रभु है। 'संसदीय संप्रभुता', इसके पीछे अवधारणा यह है कि सभी संसद सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, विभिन्न मुद्दों पर मुक्त बहस करने के बाद, व्यक्तिगत रूप से अपना-अपना स्वतंत्र मत व्यक्त करेंगे। इस तरह बहुमत से जो निर्णय होगा वह जनता का निर्णय होगा और वही अंतिम हो जाएगा। न्यायपालिका भी उसको केवल संवैधानिकता/असंवैधानिकता (के आधार पर निरस्त कर सकेगी। निरपेक्ष औचित्य/अनौचित्य (डयू प्रोसेस ऑफ लॉ) के आधार पर नहीं। (वैसे हमारी न्यायपालिका ने धीरे-धीरे डयू प्रोसेस ऑफ लॉ के रकबे में दखल देकर इस अधिकार को भी हथिया लिया है।) किंतु दलीय प्रणाली (जिसकी संविधान में न तो व्यवस्था है, न निषेध) ने सचेतक की संस्था के साथ गठजोड़ कर संसदीय संप्रभुता को शासक दल की संप्रभुता में बदल दिया है। यदि शासक दल में आंतरिक जनतंत्र न हो तो यह संप्रभुता दल के एक कॉकस में या एकछत्र शीर्ष नेतृत्व में केंद्रित हो जाती है और संसद महज चिल्लपों मचाने की दुकान में अवमूल्यित हो जाती है।

भारत की संसद के बारे में एक राय होना असंभव है, किंतु अपने विश्वविद्यालयीन शिक्षाकाल से लेकर आज तक के लंबे अंतराल में मैंने अधिकांश समय इसे तत्वतः टॉकिंग शॉप का ही एक प्रतिरूप पाया है। इसकी काट में जो चीज व्यवहार में आई। वह दरअसल काट नहीं संसद को सड़क पर लाने की जुगत है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इसमें कुछ हाथ हमारे "राष्ट्रपिता" का भी बनता है जिन्होंने उन दिनों की संसदनुमा कौंसिल के बहिष्कार, अंतरात्मा या ईश्वर की आवाज वगैरह के जरिए संसदीय गरिमा को चपड़चूं करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। किसी राष्ट्र में अपने पिता के गुण न आएं तो उसे अवैध संतान ही कहा जाएगा न? तो वैधता-अवैधता का मुद्दा इतना अहम है कि हम किसी भी कीमत पर अपने राष्ट्र को पिता की वैध संतान सिद्ध करने में लगे रहते हैं।

यह जो संसद से सरक कर सड़क तक (स्व. धूमिल जी के "भक्त" माफ करेंगे) आने वाला जनतंत्र है, वह तत्वतः जनतंत्र नहीं, भीड़तंत्र है। साथ ही उसमें अगर टीआरपी-क्षुधित मीडिया भी शामिल हो जाए तो वह देश के किसी भी कोने में हो, देशव्यापी भीड़तंत्र बन जाता है।

भीड़तंत्र का फंडा यह है कि उसमें तथ्य, तर्क और बुद्धि का सर्वथा लोप हो जाता है। नतीजतन वह अपरिहार्य रूप से भेड़तंत्र बन जाता है। आगे वाली भेड़ (नेता) भीड़ को जिधर चाहे ले जा सकती है, खड्डा और कुआं भी अपवाद नहीं हैं। इसके लिए निहित स्वार्थ को बस भावना की चाशनी में डुबोकर मुंह से टपकाते रहने की कला आनी चाहिए।

अकारण नहीं कि अरस्तू ने जनतंत्र को सबसे उत्तम शासन प्रणाली बताने के बाद उसके इस भीड़तंत्री (या भेड़तंत्री) संस्करण को सबसे निकृष्ट शासन प्रणाली भी बता डाला। भ्रष्ट व निरंकुश राजतंत्र और भ्रष्ट व निरंकुश कुलीनतंत्र से भी निकृष्ट। कारण तंत्र के भ्रष्ट होने पर वहां गड़बड़ी पैदा करने वाला एक व्यक्ति (राजा) या कुछ व्यक्ति (सत्तासीन कुलीन लोग) होते हैं, जब कि जनतंत्र के भ्रष्ट होने पर पूरी जनता ही गड़बड़ी पैदा करने के शुभ कार्य में संलग्न हो जाती है। इस भेड़तंत्र से हम आम को इमली और इमली को आम सिद्ध करने का चमत्कार कर सकते हैं। निर्दोष को अपराधी और अपराधी को निर्दोष सिद्ध करना तो बाएं हाथ का खेल है। विकल्प क्या है? है भी या नहीं? एक विकल्प कांग्रेस की ओर से राहुल जी ने निकाला है-देश के आरपार यात्राएं करना। इस विकल्प की उपयोगिता-अनुपयोगिता पर दो राय हो सकती है। किंतु उसका संबंध संसदीय जनतंत्र नामक संस्था के इलाज से कम और इस वर्ष होने वाले संसदीय चुनाव से अधिक लगता है। यदि ऐसा है तो चुनाव परिणाम आते ही उसकी उपयोगिता-अनुपयोगिता का परिणाम भी मालूम हो जाएगा। दुर्भाग्य से राजनीतिशास्त्र कोई फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स नहीं है, जहां हर सिद्धांत सूत्रबद्ध किया जा सके। सार्वजनिक क्षेत्र के सारे सिद्धांत अमल के लिए आदमी नाम के प्राणी पर निर्भर करते हैं और आदमी जैसा जटिल, अननुमेय प्राणी इस पृथ्वी पर पाया नहीं जाता। लिहाजा जितना ऊंचा सिद्धांत, धूर्तों की कृपा से व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति।

एक विकल्प मुझे भी थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। हर सांसद संसद-सत्र के समय को छोड़कर बाकी समय अपने-अपने क्षेत्र में रहे। वहां भी घर पर या किसी डाक बंगले में दरबार लगाने या आराम फरमाने नहीं, लगातार अपने क्षेत्र का भ्रमण करने। वहां के लोगों का काम करने-कराने। ब्लॉक, तालुका/तहसील और जिला स्तर पर उनकी समस्याओं का निपटारा कराने। सामान्य समस्याओं से दल के शीर्ष नेतृत्व को लगातार अवगत कराने जिससे उन्हें संसद में उठाया जा सके। और विपक्ष? उसके लिए तो जनता के बीच काम करने का यही स्वर्णिम अवसर है। सत्ता की खींचतान से मुक्त सभी विपक्षी दल संसद के कार्यकाल की शुरुआत में ही अगले चुनाव के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दें। वे जनता के बीच रहकर दल की नीतियों के अनुरूप कार्य करें। जनता की दिन-प्रतिदिन की समस्याएं स्थानीय स्तर पर सुलझाने की कोशिश करें, जो उनके वश में न हों, दल के नेतृत्व की जानकारी में लाएं, नेतृत्व ऐसे क्षेत्रों का दौरा करें। उनकी आवाज संसद में उठाए।

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का द्वंद्व, सत्ता के लिए उनकी प्रतिद्वंद्विता हर चुनाव क्षेत्र की जमीनी समस्याओं के आलोक में हो, उनके नीतिगत समाधान और उसकी भिन्नता की दिशा परिलक्षित करे। सत्ता का संघर्ष महज वाग्जाल और स्टंट न रहकर इन समस्याओं और उनके समाधान के परिप्रेक्ष में हो।

सांसदों के इस कार्यकलाप के आधार पर संसद की बहसें व्हिप से मुक्त होकर, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की ठोस, जमीनी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में हों। उनके निदान के लिए जनता के ठोस हालात की बेहतरी के लिए, उसके विकास के मार्ग की बाधाओं और समस्याओं को दूर करने के लिए हों। संसद सांसदों के लिए अपनी वाकपटुता के प्रदर्शन से एक दूसरे को नीचा दिखाने, स्वयं को जनता का सच्चा सेवक और विरोधी को देश और जनता का दुश्मन सिद्ध करने, हल्ला मचाकर संसद के काम में अवरोध उत्पन्न करने, आए दिन संसद से बहिर्गमन करने आदि का अड्डा (टॉकिंग शॉप) बनने के बजाय जनता की समस्याओं का, जनता का प्रतिबिंब बने। हर सांसद और संसदीय उम्मीदवार अक्सर अपने क्षेत्र की सड़कों पर दिखे तो शायद संसद को सड़क पर लाने की जरूरत न रह जाए। जनतंत्र को भीड़तंत्र/भेड़तंत्र में अंतरित होकर निकृष्टतम शासन प्रणाली बनने से रोकने का, ढीलाढाला ही सही, काम चलाऊ ही सही, शायद यही विकल्प हो।

## प्रसंगवश

# महिलाओं की जिम्मेदारी कर्तव्य या मजबूरी

> देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता।

कई बार औरतों और लड़कियों का व्यवहार मुझे समझ में नहीं आता है। जब मां बाप घूमने-फिरने, आने-जाने और पहनावे पर टोका-टोकी और रोक-टोक करते हैं, तब मां बाप दकियानूस लगते हैं, जल्लाद लगते हैं, पुराने खयालात के लगते हैं। उनकी मूल आजादी और भावनाओं के खिलाफ लगते हैं। लेकिन जब लड़की का ब्वाय फ्रेंड या औरत का पति उसके कहीं आने-जाने, घूमने-फिरने पर टोका टोकी करता है। उसके पहनावे को लेकर सवाल उठाता है या विरोध करता है तो तब उन्हें लगता है कि उनका प्रेमी या पति उनसे बहुत प्यार करता है। ना कुछ अजीब, एक ही व्यवहार के लिए दो अलग-अलग भावनाएं? वैसे भी महिला शक्ति को समझना इतना आसान नहीं है।

प्रेमिका या पत्नी जब कहती है कि उसका पुरुष उसके प्रति बहुत पजेसिव है, वह उस से बहुत प्यार करता है तो वह घुमा-फिराकर अंजाने ही इशारों ही इशारों में यह कहना चाह रही होती है कि उसका पुरुष शक करता है। पुरुष अपनी स्त्री पर मालिकाना हक जताता है। उसे एक वस्तु से अधिक नहीं समझता है। ऐसा पुरुष अपनी स्त्री पर हमेशा दबाव बनाए रखता है। उस पर हमेशा अंकुश लगा कर रखता है। उसे अपनी जायदाद समझता है। इस धरती पर अधिकांश पुरुष ऐसे ही होते है। जब कोई औरत स्वीकार करती है कि उसका पुरुष उसके प्रति पजेसिव है तो बिना लाग लपेट आप समझ जाएं कि वह स्त्री आसमान में स्वच्छंद उडान भरना चाहती है लेकिन वह दबाव में है। यह दबाव वह अपने पुरुष से महसूस करती है।



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

मनोवैज्ञानिक नियम है कि अपहृत किया हुआ व्यक्ति साथ में रहते हुए कुछ वक्त के बाद अपने अपहरण कर्ता के प्रति प्यार के भाव से भर जाता है। उस से स्नेह करने लगता है और इस बात की भनक तक अपहृत व्यक्ति को नही लगती है। एक पजेसिव पुरुष और उसकी स्त्री के बीच लगभग ऐसा ही रिश्ता होता है। स्त्री में इस बात की समझ विकसित नहीं हो पाती कि उसके पुरुष ने मानसिक और सामाजिक रूप से उसका अपहरण कर लिया है। उस को बंधन में रखे हुए है, यह नागवार विपरीत परिस्थिति स्त्री को अपने अनुकूल लगती है।

भारतीय समाजिक ताना बाना भी ऐसा है कि अधिकांश महिलाओं को आत्मनिर्भर नहीं बनने देता है। जो आत्मनिर्भर होती भी हैं तो घर और परिवार के लिए त्याग करने की जिम्मेदार उन पर आ जाती है। जब कुछ छोड़ छाड़ कर वे अपने पुरुष पर आश्रित हो जाती है। अधिकांश भारतीय महिलाएं पुरूषों पर आश्रित होती है। इसलिए भी शायद रिश्ते लंबे निभ जाते हैं और ऐसे में पुरुष की सौ गलतियां भी माफ हो जाती हैं। शब्दों की मीठी चाशनी में आपसी संबंधों के समर्थन में भले लाख तर्क दिए जाएं लेकिन इस के मूल में मजबूत मजबूरियां ही होती हैं वर्ना किसी इंसान का आत्म सम्मान न जागें, यह असंभव है। जब पुरुष नारी को अपने वश में करने में असफल हो जाता है तो उसे चरित्रहीन साबित कर देता है और जब चरित्र की बात आती है तो मजबूरी में ही सही नारी अपना हथियार नीचे रख आत्म समर्पण कर देती है। ऐसे में सब जानते, बुझते, समझते न चाहते हुए भी स्त्री सबसे पहले अपना घर बचाती है।

देखा जाए तो भारतीय पति बड़े किस्मत वाले होते हैं। अच्छे हो या बुरे हर हाल में पूजे जाते हैं। अगर यही अमेरिका और रूस होता तो कब के बदल दिए जाते और ऊपर से पति शक्की होता तो दुर्गति कराता और खाता फिर कानूनी भरण-पोषण का खर्च देता वह अलग से होता।

आम स्त्री को अपनी मूलभूत सुविधाएं फलीभूत होने से ही मतलब होता है। इसलिए भी वे चाह कर भी अपने पुरुष का विरोध नहीं कर पाती है। इतिहास गवाह है, स्त्री समानता, महिला अधिकार और आत्म निर्भरता की पहल भी पुरूषों ने ही की थी! उनको जागरूक करने की अलख भी पुरुषों ने ही जगाई है।

# अर्थशास्त्र समझाकर मानेंगी मजबूरियां



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

> यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है।

पिछले महीने जौनपुर तक यात्रा पर गया था, कार से गया था, रास्ते में जगह जगह बने फास्टैग के साथ टोलों पर 1500 रुपये से ज्यादा टैक्स देना पड़ा। खल गया। ट्रेन से चलो तो सीनियर सिटीज़न को मिलने वाली छूट ख़त्म कर दी गई है, सड़क पेट्रोल/डीज़ल की क़ीमत के साथ साथ टोल पर टोल। यात्रा करना मुश्किल होता जा रहा है।

सोचा, इतने महंगे टोल क्यूं हो गए? यू-ट्यूब पर मिल गए लेखक और अर्थशास्त्री अंशुमान तिवारी। वह कालम लिखते हैं। पता चला कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एक सरकारी स्वायत्त संस्था है जो बाजार से लोन ले सकती है और इसने केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बजट के अतिरिक्त, श्री गड़करी जी के कार्यकाल में 3.48 लाख करोड़ का कर्ज उठाया जबकि वर्ष 2014 तक यह कर्ज मात्र 24 हजार करोड़ था। मतलब करीब 24 गुना ज्यादा। मैं तो दंग रह गया। सुन रहा था कि गड़करी जी खूब सड़कें बनवा रहे है, बहुत सफल है, पर पता लगा यह सब तो हम पर लादे जा रहे कर्ज की वजह से है। हम सबको पता है कि सड़कें बनाने में बड़ी-बड़ी कंपनियों को ठेका दिया जाता है और सड़क के साथ उसके तमाम छेदों से इधर उधर भी वह खूब गिरता है। कितना सड़क पर गिरा, कितना बाहर, यह जांच का विषय है पर हम नागरिकों को इसके कारण बली का बकरा ज़रूर बनना पड़ रहा है। इतने कर्ज की अदायगी कैसे होगी, साफ़ है हमारी आपकी जेब से होगी, जितनी काटी जा सकती है, उतनी काटी जाएगी। कुछ हम कटेंगे, कुछ बैंक में डिफ़ॉल्ट होगा। बैंक का डिफ़ॉल्ट भी, अपना डिफ़ॉल्ट होगा। यह भी पता चला कि केंद्र सरकार ने यह सब देखते हुए वर्ष 2022 से एनएचएआई को आगे क़र्ज़ लेने से रोक दिया है। बहुत अच्छा हुआ। आप देख रहे होगे अब एनएचएआई की चाल काफ़ी धीमी पड़ गई है। लखनऊ जाता रहता हूं। 2014 के बाद दिल्ली से लखनऊ जैसे सबसे बड़े प्रांत को जोड़ने वाली, सत्ता पक्ष को सबसे ज्यादा सांसद देने वाली यूपी की राजधानी को देश की राजधानी से जोड़ने वाली नेशनल हाइवे (न.24) रामपुर से सीतापुर के बीच बननी थी, शेष बन चुकी थी और अफ़सोस आज भी वह कई जगहों पर पूरी नहीं हुई है।

केंद्र सरकार ने एनएचएआई को तो रोक दिया पर इसी छानबीन में पता चला कि केंद्र सरकार द्वारा लिए जा रहे क़र्ज़ों को लेकर पिछले दिनों अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेतावनी दी है और इसे सरकार तथा बैंक का ख़तरनाक गठजोड़ बताया। बताया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और सरकारी संस्थाओं का कर्ज हमारी जीडीपी के बराबर का हो गया है, ख़तरनाक स्तर पर पहु गया है। जो कर्ज 2014 -15 में जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत होता था, अब उसके बराबर हो गया है। आईएमएफ ने तो यह तक कह दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था 'डूम लूप' की तरफ़ जा रही है।

सोचता हूं कि मैं ज़िंदगी भर कर्ज से दूर भागता रहा, पर कर्ज है पीछे पड़ा हुआ है। लखनऊ में मकान बनवाने के लिए सरकारी कर्ज ज़रूर लिया था, दो बार मिलता था, मैंने कोशिश कर तीन बार लिया क्योंकि सरकारी कर्ज तनख्वाह से कटता रहता था, ज्यादा तंग नहीं करता था। ऊपर से गर कोई अनहोनी हो जाए तो कर्ज के बराबर ही उसका बीमा भी करा दिया था शुरू से ही सेविंग भी करता रहा ताकि वक्त ज़रूरत पर काम आए पर आज पता लग रहा है कि मैंने कर्ज भले ही नहीं ले रखा पर मेरे नाम पर सरकार द्वारा लिया गया कर्ज तो बहुत हो गया है। यह कर्ज हमीं सब को भरना है। डाइरेक्ट टैक्स में भी 30 प्रतिशत तक के दायरे में हूं। इनडाइरेक्ट टैक्स तो हर जगह देना ही देना है। जो कुछ ख़रीदो तो टैक्स , चलो तो टैक्स, खाओ तो टैक्स, देखो तो टैक्स। गर मुद्रा छापकर, इसे सरकार ने भुगताया तो रुपये का अवमूल्यन भी हमीं सब को झेलना होगा।

हो सकता है कि आप न डर रहे हो पर जब आईएमएफ चिंतित हो रहा है तो मेरा चिंतित होना स्वाभाविक है। मेरी बचत स्टेट बैंक में जमा है। जानकर लोग राय दें कि वहां सुरक्षित है ना। अर्थशास्त्र कभी मेरा विषय नहीं रहा पर लगता है कि ज़िंदगी की मजबूरियां, अर्थशास्त्र भी समझा कर मानेगी।

## सोशल फोरम

# त्रिकालदर्शी

एक त्रिकालदर्शी गुरु थे। त्रिकालदर्शी वह है जो भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को जानते हैं। द्विकाल दर्शी तो मैं भी हूं अर्थात भूत याद है और वर्तमान दिखाई दे रहा है। गुरु जी जन्म मृत्यु के भय से मुक्त शिष्यों को संसार की नश्वरता का ज्ञान देते थे। एक दिन शिष्य हैरान कि गुरु जी दहाड़ मार कर रो रहे हैं। एक शिष्य ने पूछ लिया कारण। गुरु जी ने कहा, 'मेरा अंत समय आ गया है'। शिष्य ने आश्चर्य से पूछा कि आप तो संसार की नश्वरता को हमें समझाते हैं और स्वयं रो रहे हैं? गुरु बोले कि रोने का कारण पुत्र मृत्यु नहीं वरन् अगला शरीर है। शिष्यों ने पूछा कि वह क्या है?' मूझे अगले जन्म में शूकर (सुअर)का शरीर मिल रहा है। शिष्य भी दुखी। कहां इतने तपस्वी, सदाचारी, निर्मलाहारी भोजक और छी छी ऐसा अगला शरीर। शिष्यों ने पूछा कि ऐसा दंड क्यों? गुरु जी ने कहा कि यह तो मैं यम से पूछ लूंगा लेकिन अभी मुक्ति का उपाय सोचना है। परामर्श के बाद तय हुआ कि ज्यों ही गुरु जी का पुनर्जन्म होगा उनके उस शरीर का वध कर दिया जाए। उनका एक शिष्य शायद उत्तराखंड सचिवालय में बाबू रहा हो, ने सवाल किया कि गुरु जी शहर-शहर गली-गली इतने घूमते हैं कितने मारेंगे? प्रश्न उचित था। उपाय निकाला गया और तय हुआ कि गुरु जी सुअर के रुप में जन्म लेंगे तो उनके माथे पर सफेद निशान होगा। यथा समय गुरु ने शरीर त्याग दिया, शिष्य गण भी इनक्यूबेशन पीरियड की समाप्ति के बाद हाथ में लट्ठ, बरछी, तलवार, भाला आदि लेकर गुरू की खोज में निकल पड़े। संयोग से गुरु की निशानी वाला एक नया नया बाल शूकर नाली में लोटता और मल भक्षण करता मिल ही गया। शिष्य वध करने दौड़े। गुरु जी चीं-चीं करते भागे और बोले मत मारो मत मारो। समझदार शिष्य ने कहा कि गुरु जी यह तो आपका आदेश है? गुरु (सूअर रुप) गंभीर स्वर में बोले, वत्स, जब मैं मानव शरीर में था तो मुझे यह शरीर घृणित लगता था, लेकिन अब इस शरीर में आ गया हूं तो इसी में आनंद आ रहा है। इस आख्यान से मेरी समझ में यह आ रहा है कि मनुष्य को त्रिकालदर्शी नहीं होना चाहिए।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

-फेसबुक वॉल से

# विश्व पुस्तक मेले को स्तरीय बनाना होगा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है।

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला अब दुनिया के सर्वाधिक बड़े पुस्तक मेलों में शामिल है। इस बार यह 10 से 18 फरवरी 2024 तक है। हालांकि फेडरेशन आफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) भी हर साल अगस्त में दिल्ली के प्रगति मैदान में ही पुस्तक मेला लगा रहा है और इसमें लगभग सभी ख्यातिलब्ध प्रकाशक आते हैं, बावजूद इसके नेशनल बुक ट्रस्ट के पुस्तक मेले की मान्यता अधिक है।

वैश्वीकरण के दौर में हर चीज बाजार बन गई है, लेकिन पुस्तकें, खासकर हिंदी की, अभी इस श्रेणी से दूर हैं। पिछले कुछ सालों से नई दिल्ली पुस्तक मेला पर बाजार का असर देखने को मिल रहा है। किताबों के स्वत्वाधिकार के आदान-प्रदान के लिए दो दिन "राइटर्स टेबल" का विशेष आयोजन होता है। यह बड़ी बात है कि केवल किताब खरीदने के लिए तो दर्जनों वेबसाईट उपलब्ध हैं जिस पर घर बैठे आदेश दो और घर बैठे डिलेवरी लो, इसके बावजूद इसके बावजूद यहां 1200 से 1400 प्रतिभागी होते हैं और कई चाह कर भी हिस्सेदारी नहीं कर पाते क्योंकि जगह नहीं होती। हालांकि यह पुस्तक मेला एक उत्सव की तरह होता है, जहां किताब का व्यापार मात्र नहीं, कई तरह के समागम होते हैं। लेकिन यह नई दिल्ली पुस्तक मेले का 31 वां आयोजन है और इसे अब बदलना होगा। पिछले साल से यह मेल प्रगति मैदान के नए बने हॉल में हो रहा है और इतने विशाल परिसर में कोई स्टाल तलाशना बहुत जटिल है। पेइचिंग पुस्तक मेले में बड़े-बड़े हाल्स को चौराहों की तरह विभाजित किया जाता है और बीच के रास्ते पर बड़े बड़े प्लेट लटकते हैं जो पंक्ति और स्तंभ में शामिल विक्रेताओं के नंबर स्पष्ट दिखते हैं। अंग्रेजी के हिस्से में लोग विदेश से आए रद्दी में से किताबों को बेहद कम दाम पर बेचते हैं, उनके यहां भीड़ भी होती है लेकिन ऐसे दृश्य किसी मेले के 'विश्व स्तरीय' होने पर सवाल उठाते हैं।

यह बात भी तेजी से चर्चा में है कि इस पुस्तक मेले में विदेशी भागीदारी लगभग ना के बराबर होती जा रही है। यदि श्रीलंका और नेपाल को छोड़ दें तो विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र श्रम संगठन, स्वास्थ्य, यूनीसेफ आदि के स्टाल विदेशी मंडप में अपनी प्रचार सामग्री प्रदर्शित करते दिखते हैं। फ्रेंकफर्ट और अबुधाबी पुस्तक मेला के स्टाल भागीदारों को आकर्षित करने के लिए होते हैं। इक्का-दुक्का स्टालों पर विदेशी पुस्तकों के नाम पर केवल 'रिमेंडर्स' यानी अन्य देशों की फालतू या पुरानी पुस्तकें होती हैं। ऐसी पुस्तकों को प्रत्येक रविवार को दरियागंज में लगने वाले पटरी-बाजार से आसानी से खरीदा जा सकता है। पहले पाकिस्तान से दस प्रकाशक आते थे लेकिन बीते एक दशक से पाकिस्तान के साथ बाकी तिजारत तो जारी है लेकिन एक दूसरे के पुस्तक मेलों में भागीदारी बंद हो गई। हालांकि विदेशी तो बहुत दूर है, हमारे मेले में संविधान में अधिसूचित सभी 22 भारतीय भाषाओं के स्टाल्स भी नहीं होते। पहले राज्यों के प्रकाशक संघों को निशुल्क स्टाल और आवास की व्यवस्था की जाती थी तो ढेर सारे भाषाई प्रकाशक यहां आते थे।

नई दिल्ली पुस्तक मेला की छवि पर एक दाग वहां हर हाल में बजने वाले प्रवचन और हल्ला-गुल है। बीते कुछ सालों से हर बार वहां कुछ संगठन उधम करते हैं और सारा साहित्यिक जगत सांप्रदायिक विवाद में धूमिल हो जाता है। समझना होगा कि किताबें लोकतंत्र की तरह हैं- आपको अपनी पसंद का विषय, लेखक, भाषा चुनने का हक देती हैं। यह मेल ही है तो है जहां गांधी- और सावरकर, चे-गोवएरा और भागवत गीता साथ साथ रहते हैं और पाठक निर्णय लेता है कि वह किसे पसंद करे। या तो इस तरह के धार्मिक स्टाल्स को लगाने ही नहीं देना चाहिए या फिर उन्हें किसी एक जगह एक साथ कर देना चाहिए। पुस्तक मेला के दौरान बगैर किसी गंभीर योजना के सेमिनारों, पुस्तक लोकार्पण आयोजनों का भी अंबार होता है। यह बात भी अब किसी से छिपी नहीं है कि अब एक ही तरह की विचारधारा के लोगों को आयोजक द्वारा निर्धारित "लेखक मंच" में समय दिया जाता है। असल में यह स्थान भागीदार प्रकाशकों के लिए बना था कि वे अपने स्टाल पर लोकार्पण आदि न करें और इससे वहां भीड़ न जमा हो। लेकिन लेखक मंच राजनीतिक मंच बन गया और प्रकाशक यथावत अपने स्टाल पर आयोजन करते हैं। बाल मंडप में भी बच्चे स्कूल्स से बुलाए जाते हैं जबकि यह स्थान इस तर्क का होना चाहिए कि मेले में आए बच्चे स्वतः यहां की गतिविधियों में शामिल हों।

छुट्टी के दिन मध्यवर्गीय परिवारों का समय काटने का स्थान, मुहल्ले व समाज में अपनी बौद्धिक ताबेदारी सिद्ध करने का अवसर और बच्चों को छुट्टी काटने का नया डेस्टीनेशन भी होता है- पुस्तक मेला। यह बात दीगर है कि इस दौरान प्रगति मैदान के खाने-पीने के स्टालों पर पुस्तक की दुकानों से अधिक बिक्री होती है। पार्किंग, मैदान के भीतर खाने-पीने की चीजों के बेतहाशा दाम, हाल के भीतर मोबाईल का नेटवर्क कमजोर होने, भीड़ के आने और जाने के रास्ते एक ही होने जैसी कई ऐसी दुविधाएं हैं जिनसे यदि निजात पा ले तो सही मायने में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेल "विश्व" स्तर का होगा।

## एक नजर

### चेयरमैन रघुराज सिंह यादव भाजपा में शामिल



**बिलारी, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। बुधवार को लखनऊ में कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक की उपस्थिति में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### गाली गलौज व मारपीट की शिकायत

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम मधुआ खालसा में चकरोड को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज व मारपीट हो गई। पीड़ित ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मधुआ खालसा निवासी सुरेश कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति व उनके पुत्रों द्वारा चकरोड के विवाद को लेकर मेरे साथ गाली गलौज की। मेरे मना करने पर आरोपी मारपीट पर उतारु हो गए। शोर मचाने पर गांव वालों ने मुझे बचाया। पीड़ित ने थाना छजलैट में दबंगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस ने शांतिभंग में एक को भेजा जेल

**भोजपुर, अमृत विचार :** बुधवार को पुलिस ने शांतिभंग में एक युवक को एसडीएम कोर्ट में पेश किया। थाने के उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया गांव भगवंतपुर निवासी शाहिद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी नजीर पर घर के बंटवारे को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जांच पड़ताल कर आरोपी को पकड़कर शांति भंग में एसडीएम कोर्ट में पेश किया था।

### डॉ. अर्चना वर्मा ने परीक्षा उत्तीर्ण की



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** यूक्रेन से एमबीबीएस करने के बाद ठाकुरद्वारा निवासी डॉ. अर्चना वर्मा पुत्री दिनेश वर्मा ने नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अर्चना के परिवार में खुशी की लहर है। परिजनों ने डॉ. अर्चना वर्मा को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

# शौचालय के टैंक में डूबने से किशोरी की मौत

## कुलवाड़ा गांव का मामला, किशोरी के टैंक में गिरने की नहीं हुई जानकारी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में 15 वर्षीय किशोरी निर्माणाधीन शौचालय के टैंक में गिर गई। जानकारी होने पर किशोरी को टैंक से निकालकर चिकित्सक को दिखाया। लेकिन चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया।



अल शिफा का फाइल फोटो।

थाना क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम कुलवाड़ा में शहादत का परिवार ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। पता चला है कि शहादत घर में शौचालय का निर्माण करा रहा है। बुधवार को निर्माण कार्य बंद था तो शहादत घर से बाहर गया था। परिवार के लोग मजदूरी करने गए थे। दोपहर 11 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री अल शिफा घर के बाहर खड़े ठेले वाले से चाऊमीन लेकर खाती हुई घर के अंदर आ रही थी। जहां शौचालय का टैंक बनाया जा रहा है। इस समय टैंक में पानी भरा है और ऊपर से खुला है। बाहर से घर के अंदर आ रही अल शिफा उसमें गिर गई। घर में किसी और के न होने के कारण इस हादसे के बारे में किसी को पता नहीं चला। बाद में किशोरी के पिता घर पहुंचे तो उन्होंने टैंक में गिरी हुई बेटी को देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिसके बाद किशोरी को टैंक से बाहर निकाला और चिकित्सक को दिखाया। किशोरी को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृत किशोरी के पिता शहादत ने बताया कि वह और उसका परिवार ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसने अपने खर्चे पर शौचालय का निर्माण शुरू कराया था। लेकिन रुपये खत्म होने के चलते शौचालय निर्माण बीच में ही रुक गया और इसी कारण इसका टैंक भी नहीं बंद हो सका। जिससे यह दुर्घटना हो गई। मृतका की मां का करीब सात वर्ष पहले देहांत हो चुका है। परिवार में भाई शमीम, साजिद, भूरा, नाजिद, बहन सना सभी का बुरा हाल है। बताया कि उसके भाई और बहन दूसरे प्रदेश में भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए गए हैं। उनके आने पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।



निर्माणाधीन टैंक दिखाता मृतका का पिता। ● अमृत विचार



घर में बैठीं गमगीन महिलाएं। ● अमृत विचार

### सहकारी समिति कार्यालय में मारपीट

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में चार व्यक्तियों ने सहकारी समिति कार्यालय में कर्मचारी से मारपीट की। समिति के कर्मचारियों ने थाने पहुंच कर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।

ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी अनिल पाल पुत्र सूरजपाल सहकारी समिति मौढ़ी हजरतपुर में आंकिक के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार दोपहर को दो बजे के वह समिति में कार्य कर रहा था। तभी रवि कुमार, मोहित चौहान निवासी फकीरगंज एवं दो अन्य व्यक्ति वहां पर पहुंचे और उन्होंने बिना कारण पूछे ही अनिल पाल के साथ गाली गलौज शुरू कर दी और इसके बाद लात घूसों से मारना पीटना शुरू कर दिया। समिति के अन्य कर्मचारी साथी को बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद सहकारी समिति के कर्मचारी विक्रम सिंह, राजवीर सिंह, महिपाल सिंह, नरेश कुमार थाना पहुंचे। पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मामला दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को इसी माह मिलेगा बकाया मानदेय

**बिलारी, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को इसी माह उनका बकाया मानदेय मिलेगा। सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान के प्रतिनिधि प्रशांत ने मीडियाकर्मियों को बताया की विधायक ने तीन नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने बीते दो वर्षों से बकाया मानदेय न मिलने की शिकायत की थी। इस मुद्दे को विधायक ने विधानसभा सत्र के दौरान उठाया था। जिस पर महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति ने आदेश जारी कर बकाया मानदेय शीघ्र भेजने को कहा था। जिस पर पता चला कि उनके बकाया मानदेय संबंधी डाटा बाल विकास परियोजनाओं के कार्यालय से भेजा जा चुका है। विधायक ने बताया कि फरवरी में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं का बकाया मानदेय उनके खातों में भेज दिया जाएगा।

### खेतों का रास्ता खुलवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नदी पर बने पुल के कारण किसानों का खेतों पर जाने का रास्ता बंद हो गया है। रास्ते को खुलवाने की मांग को लेकर एसडीएम को ग्रामीणों ने शिकायती पत्र देकर समस्या का निस्तारण कराये जाने की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम राजुपुर कलां निवासी ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम अजय कुमार मिश्रा को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि गांव के निकट जब्दी नदी पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। जिस कारण पुल के पास की सड़क 10 फुट ऊंची हो गई है। इससे मुख्य सड़क से श्मशान घाट और खेतों को जाने वाला रास्ता बन्द हो गया है। किसानों को खेतों में जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने उक्त रास्ते को खुलवाने की मांग की है। इस दौरान सलीम अय्यूब, बाबू, यामीन, इरशाद, उमेश, जमील, नसीम सहित अन्य ग्रामीण रहे।

### 14 लोगों को कुत्तों ने काटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कुत्तों ने 14 लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। फर्रखपुर निवासी दुष्यंत कुमार, उस्मानपुर निवासी लक्ष्मण सिंह, नगर निवासी अर्शी, मुनीमपुर निवासी प्रियांसू, भरतावाला निवासी आरोही, भरतावाला निवासी आरूषी, भरतवाला निवासी हरिओम, किशनपुर गांवड़ी निवासी निगम सिंह, नगर निवासी जावेद आलम, भायपुर निवासी अलीशा, जटपुरा निवासी विनीता, विजयपुर मंडैया निवासी रिया, अब्दुल्लापुर लेदा निवासी सुभाष कुमार, नगर के वार्ड-4 निवासी सलमान को आवारा कुत्तों ने काटकर जख्मी कर दिया। उनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया गया।



ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

### ग्राम प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के तहत महिला ग्राम प्रधान द्वारा दो लोगों के खिलाफ थाने में की गई छेड़छाड़ मामले में बुधवार को दूसरा पक्ष भी थाने पहुंचा। थाने के बाहर लोगों ने प्रदर्शन कर ग्राम प्रधान के पति और ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दूसरे पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ऊंचाकनी द्वारा ग्राम पंचायत की जमीन के पट्टे ग्राम से बाहर के लोगों को काट दिए हैं। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की थी। इस मामले में जिलाधिकारी ने एक टीम गठित की है। इसी रंजिश में महिला ग्राम प्रधान ने उन पर गलत आरोप लगाए हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने थाने के बाहर प्रदर्शन कर ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जांच के बाद कार्रवाई होगी।

### न्यायमूर्ति विजय विश्नोई के मुख्य न्यायाधीश बनने पर हर्ष

**कांठ, अमृत विचार :** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने राजभवन में समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा की उपस्थिति में न्यायमूर्ति विजय विश्नोई को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति विजय विश्नोई के गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनने पर विश्नोई समाज में खुशी का माहौल है। विजय विश्नोई के मुख्य न्यायाधीश बनने पर अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के प्रदीप विश्नोई, रविंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह विश्नोई, हरिओम विश्नोई, कुंवर सुरेंद्र सिंह विश्नोई, सुदेश विश्नोई, दीपक विश्नोई आदि ने खुशी जाहिर की है।

# रामलला के दर्शन को श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या को राम भक्त बसों से रवाना हुए। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने झंडा दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया।

बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता ने अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को पार्टी का झंडा दिखाकर रवाना किया। बताया कि नगर मंडल के सभी 84 बूथों से 400 कार्यकर्ता आठ बसों से अयोध्या के लिए प्रस्थान कर रहे हैं। इस दौरान अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं में धर्मेंद्र गांधी, मनोज ठाकुर, निहाल सिंह, हेमंत शर्मा, शरद गुप्ता, पंकज चौहान, डॉ. मेघपाल सिंह, भगवान दास, अमित गुप्ता, रामपाल कश्यप, विनीत शर्मा, अजय गोयल, गीता चौधरी, निशा त्यागी, गीता गुप्ता, गीता, गायत्री कोहली, सरोज देवी, अनामिका राघव, शैलेंद्र प्रताप सिंह, गजेंद्र चौधरी, रजनी गुप्ता आदि रहे। दूसरे जत्थे में विश्वास यादव उर्फ लवली यादव, पंडित रामनिवास शर्मा, रचित माथुर, पवन शर्मा, विकास गुप्ता, डॉ. राजीव सैनी, बाबूराम लोधी, अजय अग्रवाल, मनोज सक्सेना, मानु अग्रवाल रहे।




बिलारी में अयोध्या जाने से पहले एकत्र श्रद्धालु। ● अमृत विचार



कांठ में अयोध्या रवाना होते रामभक्त। ● अमृत विचार



ठाकुरद्वारा से अयोध्या के लिए रवाना होते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** कांठ एवं छजलैट मंडल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए बसों से अयोध्या रवाना हुए। कांठ में भाजपा के जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सत्यवान सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, जीतू वर्मा, देवेंद्र चौहान, बलवंत सिंह, प्रमोद सिंह चौहान, सतेंद्र सिंह, राजीव कुमार, अशोक कुमार, शेर सिंह, ओमपाल सिंह, महिला की पूर्व अध्यक्ष रेखा विश्नोई, मुकेश कुमारी, विजया सिंह रहीं। छजलैट मंडल से भी बसों से श्रद्धालु अयोध्या रवाना हुए। यहां भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने राम भक्तों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जयपाल सिंह, डॉ. अंगद सिंह चौहान, नीलम चौहान, रीतिका चौहान, सविता शर्मा, ललित कुमार, सुधीर कुमार आदि रहे।

### 200 श्रद्धालु बसों से अयोध्या रवाना

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाजपा की ओर से रामलला के दर्शन को श्रद्धालु बसों से रवाना हुए। नगर से 200 श्रद्धालुओं को बसों से मुरादाबाद रोड स्थित शिव मंदिर से रवाना किया। भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह और वीर सिंह सैनी ने श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर रवाना किया। बसों की व्यवस्था नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल एवं महामंत्री मुकेश चौधरी ने की। श्रद्धालुओं में ओमपाल सिंह सैनी, दिनेश कुमार प्रजापति, नागेंद्र लाम्बा, उमेश कश्यप, ओम कुमार, लक्ष्मण कुमार, लकी चौधरी, निशांत चौधरी, रितेश कुमार, रवि कुमार, विशाल कुमार, विकाश कुमार, आकाश रहे।

# सड़क पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

- मृतक के जीजा व उसके साथियों पर हत्या का आरोप
- मृतक के भाई ने पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मंगलवार रात एक युवक का शव संदिग्ध हालात में सड़क पर पड़ा मिला। वह शाम सात बजे से लापता था।



राजीव का फाइल फोटो

मंगलवार शाम सात बजे घर से निकला गांव कालाझाड़ा निवासी राजीव कश्यप देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश की। उसके बारे में रिश्तेदारों से भी जानकारी जुटाई। इस दौरान राजीव के जीजा ने फोन पर परिजनों को बताया कि उसने राजीव को फोन किया था। वह बुरी तरह घबराया हुआ था। इसके बाद परिजन रात 11 बजे तक राजीव की तलाश में जुटे रहे। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद शिवनगर पत्थर खेड़ा निवासी उसके जीजा राजेश भी आ गए। उनकी बताई गई सड़क पर जाकर देखा तो गांव के उदयवीर सिंह के खेत के पास रास्ते में राजीव मृत अवस्था में पड़ा था। उसके माथे और गाल पर चोट के निशान थे। मौत की सूचना पर गांव में भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी पर कोतवाली प्रभारी किरन पाल सिंह पुलिस बल के साथ घटना पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ कर राजीव कश्यप के शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया। राजीव के परिजनों का कहना है कि वह शादी-विवाह में खाना बनाने का कारीगर था। वह काशीपुर में रहकर काम करता था। शनिवार को वह पत्नी और बच्चों के साथ घर आया था। मंगलवार को दिन में शराब को लेकर उसका अपने जीजा से विवाद भी हुआ था। मृतक के भाई पदम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में उसके जीजा और साथियों पर भाई से मारपीट करने और हत्या की आशंका व्यक्त की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो मृतक के पिता नारायन सिंह, भाई पदम सिंह, पत्नी मोनी देवी, उसके तीन बच्चों का बुरा हाल है।



कालाझाड़ा में बिलखते मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

### सड़क पर बाइक से गिरकर महिला की मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पति के साथ बेटे की शादी का सामान खरीदने जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत हो गई।

शरीफनगर नई बस्ती निवासी अनवार अहमद के बेटे रहमान की बरात शनिवार को उत्तराखंड जानी थी। बुधवार को अनवार अहमद पत्नी भूरी के साथ ठाकुरद्वारा बाजार से शादी का सामान खरीदने जा रहे थे। सुरजननगर-ठाकुरद्वारा रोड पर मदारपुर मोड़ के नजदीक बाइक को झटका लगने पर पीछे बैठी भूरी रोड पर गिर गई। रोड पर गिरने से भूरी के सिर में गंभीर चोट आई। आननफानन में भूरी को परिजन काशीपुर के निजी अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर मुरादाबाद ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजन भूरी को लेकर मुरादाबाद निजी चिकित्सालय पहुंचे तो चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# चोरी की घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र में खेतों से हो रही चोरी की घटनाओं से किसान परेशान हैं। खासकर नगर क्षेत्र में अधिक चोरी हो रही हैं।

मंगलवार रात भी कई नलकूपों से उपकरण चोरी हुए। बुधवार सुबह भाजपा नेता हरपाल सैनी अपने नलकूप पर पहुंचे तो देखा कि नलकूप के कमरे की खिड़की टूटी हुई है। अंदर देखने पर पता चला कि चोर ट्यूबवेल से सामान ले गए। नगर निवासी पूर्व सभासद सिकंदर रजा के निजी नलकूप से भी चोर कमरे का ताला तोड़कर सामान ले गए। किसानों का कहना है कि एक सप्ताह में नलकूपों से चोरी की कई वारदातें हो चुकी हैं। बताया कि एक दिन पहले ही कुलदीप सैनी, माहिर हुसैन, नोबत सैनी, कल्लू खां के यहां पर भी चोरी हो चुकी है। जबकि पूर्व सभासद सिकन्दर रजा के नलकूप से तीसरी बार चोरी हुई है। नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं से आक्रोशित किसान अंकुर सैनी, इंतेजार हुसैन, नरेश सैनी, नीरज सैनी, मुरलीलाल, मटरू हाजी, राजू सैनी, रामावतार आदि ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की है।



कुंदरकी में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

### चोरी का सामान ले जा रहे लोगों को पीटा

**कुंदरकी, अमृत विचार :** बुधवार को नगर स्थित बछुआ बाग में फरजाना और दूसरा व्यक्ति तौफीक अपने अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। बताया है कि जहां से चोर वहां रखा फावड़ा परात और लोहे का सामान आदि चुरा कर ले गए थे। बताया कि बुधवार दोपहर को तीन व्यक्ति यह सामान लेकर जा रहे थे। इसी दौरान जिनके यहां चोरी हुई थी। उन्होंने सामान को पहचान लिया और चोरी के शक में तीनों को पकड़ लिया। जिसमें से एक व्यक्ति मौका देखकर भाग गया और पकड़े गए दो लोगों को पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# पाइपलाइन के लिए खोदे गड्ढों से सड़कों पर चलना दूभर

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर में पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे जा रहे गड्ढों के कारण नागरिकों का इन सड़क से निकलना दूभर है। इन गड्ढों के कारण पुरानी पाइपलाइन के जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से नागरिक त्रस्त हैं।

नगर में तीन दशक पहले भी पेयजल जलापूर्ति के लिए पाइनलाइन बिछाई गई थी। वर्तमान में तहसील क्षेत्र की जनसंख्या लगभग तीन गुनी हो गई है। अब दशहरा मेला स्थल पर बनाई जा रही 1800 किलो लीटर पानी की टंकी से पेयजल की आपूर्ति के लिए क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इससे नगर के गली-मोहल्लों में सड़कों में गड्ढे खोदे जा रहे हैं। इन्हीं गड्ढों से होकर सड़क के नीचे पाइपलाइन बिछाई जा रही है। पाइप लाइन बिछाकर इन गड्ढों के ऊपर सड़क का टूटा हुआ मलवा डाल दिया गया है। सड़कों पर मलवा पड़ा होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। कई जगह मुख्य पाइपलाइन के पाइप जगह-जगह टूट गए हैं, जिस कारण पेयजल आपूर्ति भी जगह ठप हो रही है। हालांकि टूटी पाइपलाइन को ठीक किया जा रहा है। लेकिन इस काम भी देरी के कारण नागरिकों को परेशानी हो रही है।

### जंगल में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत

**छजलैट, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम ठाठ और लाडलाबाद के जंगलों में तेंदुआ दिखाई देने से ग्रामीणों में भय है।

बुधवार को सुबह ग्राम ठाठ के किसान रामप्रसाद पशुओं के लिए चारा लेने जा रहे थे। जैसे ही वह परमानंद के खेत के पास पहुंचे तो उसको वहां तेंदुआ दिखाई दिया। इससे वह गांव की तरफ चलने लगे। लौटते समय उन्हें दो व्यक्ति और मिले, तीनों ने मिलकर जब शोर मचाया तो तेंदुआ गन्ने के खेत में चला गया। गांव के मुकेश कुमार ने बताया कि तेंदुआ कई दिनों से इस क्षेत्र में दिखाई दे रहा है। ग्राम ठाठ निवासी देवेंद्र ने मंदिर के लाउडस्पीकर से लोगों को जंगल में तेंदुए के होने की जानकारी दी।

# मोनू विश्नोई की रिहाई को दिया ज्ञापन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** विश्नोई समाज के संत स्वामी राजेंद्रानंद के नेतृत्व में समाज के लोगों ने तहसील पहुंचकर बजरंग दल नेता मोनू विश्नोई को फंसाने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले की सीआईडी जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की है।

स्वामी राजेंद्रानंद के नेतृत्व में एसडीएम सचिन कुमार राजपूत के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। इसमें बताया है कि थाना छजलैट पुलिस ने मोनू उर्फ सुमित विश्नोई पुत्र खूब सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर गुर्जर को झूठे एवं मनगढंत आरोप में जेल भेज दिया है। उन्हें द्वेषपूर्ण तरीके से फंसाया है। विश्नोई समाज सीआईडी से जांच कराने एवं मोनू उर्फ सुमित विश्नोई की रिहाई की मांग करता है। इस अवसर पर स्वामी राजेंद्रानंद, स्वामी मुक्तानंद, श्रीओम विश्नोई, पंकज कुमार, धर्मवीर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, दीपक विश्नोई, अरविंद विश्नोई, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, अजीत कुमार, जितेंद्र सिंह, फूल सिंह, राजीव कुमार, लकी विश्नोई, देव सिंह, राजकुमार सिंह, कमल, अमित, विमल, रविंद्र सिंह, आकाश कुमार आदि उपस्थित रहे।



तहसील में एकत्र विश्नोई समाज के लोग। ● अमृत विचार

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौंगी खुर्द निवासी महिला विमला देवी पत्नी सुरेश सिंह बुधवार सुबह अपने घर से पैदल खेतों की ओर जा रही थी। तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल महिला को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने विमला देवी की हालत गम्भीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद चालक बाइक सहित फरार हो गया।

### जुआ खेल रहे तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**कांठ, अमृत विचार :** थाना पुलिस ने जुआ खेलते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज की और जेल भेज दिया है। गिरफ्त में आए आरोपियों ने अपना नाम अनीश पुत्र हनीफ, सलमान पुत्र सफीक एवं नाजिम पुत्र अब्दुल मजीद निवासी ग्राम गढ़ी बताया है। पुलिस ने आरोपियों से 910 रुपए नकद एवं 52 ताश के पत्तों को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।


**नीलामी सूचना**

कम्पोजिट वि० नन्हूवाला वि० क्षे० ठाकुरद्वारा में स्थित जर्जर भवन नीलामी प्रक्रिया कार्यालय जि० बे० शि० अधिकारी महोदय के पत्रांक 7425 (SSA) के अनुपालन में की जानी है। इस सम्बन्ध में S.M.C. नन्हूवाला द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 12-02-2024 को प्रातः 11 बजे नीलामी बैठक का आयोजन विद्यालय में किया जाएगा। इच्छुक क्रेता उपर्युक्त समय/ दिनांक पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी प्रक्रिया S.M.C अधिकृत है। तथा अग्रिम धन राशि S.M.C के पास जमा की जाएगी।

अध्यक्ष
विद्यालय प्रबंध समिति
कम्पोजिट विद्यालय नन्हूवाला
वि0 ख0 ठाकुरद्वारा जि0- मुरादाबाद

## एक नजर

### आग लगने से 20 झोपड़ियां जलीं

**उसहैत, अमृत विचार :** कटरा सहादतगंज बांध के पास झोपड़ी डाल कर गुजर बसर करने वालों के घरों में अचानक आग लग गयी जिससे करीब बीस झोपड़ियां जल कर राख हो गईं। पीड़ितों के हजारों के सामान जलकर राख हो गए। आग लगने से दर्जनों परिवार खुले आसमान के नीचे पड़े रो रहे हैं। जटा गांव के कई परिवार बाढ़ की त्रासदी के चलते अपने घर मकान छोड़ कर कटरा सआदतगंज बांध पर झोपड़ी डाल कर गुजर बसर कर रहे हैं। इन परिवारों के पास कुछ भी नहीं है। उनकी खेती तो है मगर वह गंगा में डूब जाने से मेहनत मजदूरी करके अपने परिवारों का पेट पालते हैं।

### तहसीलों में 153 नए लेखपालों की हुई तैनाती

**बरेली, अमृत विचार :** लंबे समय से लेखपालों की कमी से राजस्व कार्य को समय से निपटाने में आ रही समस्या जल्द दूर होने वाली है। शासन स्तर से भर्ती प्रक्रिया के बाद जिले को डेढ़ सौ से ज्यादा नए लेखपाल मिल गए हैं। सभी की तैनाती अलग-अलग तहसीलों में कर दी गई है। नए लेखपालों की तैनाती के बाद लंबित कार्यों में तेजी आएगी। पहले से तैनात लेखपालों पर काम का बोझ भी कम होगा।

# हत्या में दोषी दो सगे भाइयों और पिता-पुत्र समेत पांच को उम्रकैद

## 2017 में छोटी सब्जी मंडी में दिनदहाड़े हुई थी विकास की हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम पंकज कुमार श्रीवास्तव ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** करीब सात साल पहले हुई हत्या में दोष सिद्ध होने पर दो सगे भाइयों और पिता-पुत्र समेत पांच अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सभी अभियुक्तों ने मिलकर वर्ष 2017 में दिनदहाड़े 18 वर्षीया विकास की हत्या कर दी थी। मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम पंकज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने दोषी करार देने के साथ सजा सुनाई। अभियुक्तों पर एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने जुर्माने की राशि को प्रतिकर के रूप में मृतक के वारिसान को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार जलालाबाद के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी रूबी गुप्ता ने जलालाबाद थाना प्रभारी को तहरीर देकर बताया था कि 6 जनवरी 2017 की सुबह 10 बजे वह और मां सरोजनी गुप्ता, भाई सचिन गुप्ता, विकास गुप्ता को मोहल्ले के ही अंजु उर्फ अनुज गुप्ता ने अपने भाई रंपत गुप्ता और आशीष राठौर, तारिक के साथ मिलकर मारा पीटा था। जिससे हम लोगों को काफी चोटें आईं। अंजु गुप्ता ने जान-बूझकर झगड़ा कराया और आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए थे। तहरीर पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की थी। इस घटना के अगले दिन यानी 7 जनवरी 2017 को विकास गुप्ता छोटी सब्जी मंडी में स्थित दुकान पर सुबह 10:30 बजे बैठा था। उसी समय महेश राठौर, राहुल राठौर, अन्जु उर्फ अनुज गुप्ता, रम्पत गुप्ता, आशीष राठौर व एक बाल अपचारी वहां आ धमके और विकास गुप्ता पर चाकू और ईट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में विकास गुप्ता की मौत हो गई। इस घटना की रिपोर्ट विकास के भाई सचिन की तहरीर पर दर्ज की गई थी। पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय भेजा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशम पंकज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई हुई। न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कोर्ट की सुनवाई के दौरान पेश किए गए गवाहों और शासकीय अधिवक्ता श्रीपाल वर्मा के तर्कों को सुना। पत्रावली का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने आरोप सिद्ध होने पर अन्जु उर्फ अनुज गुप्ता, रम्पत गुप्ता, आशीष राठौर, राहुल राठौर, महेश राठौर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायाधीश ने आदेशित किया कि जुर्माना एक लाख रुपये प्रतिकर के रूप में मृतक विकास गुप्ता के विधिक वारिसान को नियमानुसार प्रदत्त किया जाए। सजा पाने वालों में अनुज गुप्ता और रंपत गुप्ता सगे भाई हैं और महेश राठौर और पुत्र आशीष शामिल हैं।

### सीबीआई ने शाखा प्रबंधक व दलाल से की पूछताछ सहमा रहा बैंक स्टाफ

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर, अमृत विचार :** गत दिवस शाम करीब दो बजे पहुंची सीबीआई टीम ने पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक और एक दलाल से करीब रात 2 बजे तक पूछताछ की, इसके बाद दलाल को हिरासत में लेकर टीम गाजियाबाद के लिए रवाना हो गई। गढ़ में मेरठ रोड पर बस स्टैंड के बराबर में स्थित पंजान नेशनल बैंक शाखा में सीबीआई ने छापा मारकर एक युवक से हजारों की नकदी बरामद की,तभी वहां पहुंचे शाखा प्रबंधक को भी सीबीआई टीम ने बैठा लिया। जिसके बाद बैंक के गेट पर ताला लगा दिया गया। गढ़ नगर के आदर्श नगर में रहने वाले दीपक ने लोन लेने के लिए आवेदन किया था, लेकिन शाखा प्रबंधक गौरव गुप्ता लोन पास नहीं कर रहे थे। जिसकी सूचना दीपक ने सीबीआई को दी। इस बीच शाखा प्रबंधक के दलाल ने रिश्वत की रकम हाथ में ली, इतने में ही उसको पकड़ लिया। । इसके बाद दिन भर घंटों तक सीबीआई ने पूछताछ की। जिसके बाद करीब 2 बजे रकम के साथ पकड़े गए दलाल को साथ ले गए। सुबह बैंक स्टाफ सहमा रहा ।

# सेवानिवृत कर्मी को दुष्कर्म में झूठा फंसाने के बहाने 4.5 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसएसपी के आदेश पर तथाकथित पत्रकार समेत चार पर रिपोर्ट
- वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कर रहे थे ब्लैकमेल

**अमृत विचार :** रोडवेज के रुहेलखंड डिपो के सेवानिवृत्त कर्मी को जाल में फंसाकर साढ़े चार लाख रुपये वसूल लिए गए। उन्हें तथाकथित पत्रकार समेत चार आरोपी वीडियो वायरल की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करते रहे। सुभाषनगर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, इसमें एक रोडवेज का ड्राइवर भी है।

नेकपुर गल्ला मंडी निवासी चक्रपाल सिंह ने बताया कि वह 12 जुलाई 2023 की सुबह 5.30 बजे वह घर की सफाई कर रहे थे। घर में अचानक मढ़ीनाथ के रहने वाले तथाकथित पत्रकार सत्यप्रकाश शर्मा उर्फ सत्यम एक अज्ञात महिला और एक व्यक्ति के साथ घुस आए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इस दौरान महिला ने चिल्लाना शुरू कर दिया कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। सत्यप्रकाश वीडियो कैमरा निकाल कर महिला की वीडियो रिकार्डिंग करने लगा। इसके बाद तीनों ने धमकाते हुए जेल भिजवाने की धमकी दी और थाने चलने की बात कहने लगे। जब चक्रपाल थाने चलने को तैयार हो गए तो सत्य प्रकाश और महिला ने पांच लाख रुपये में मामला खत्म करने की बात कही। सत्य प्रकाश ने धमकाया कि उसके पिता शाहजहांपुर के थाना कलान में दरोगा हैं और रुपये नहीं दिए तो वह झूठे मुकदमे में फंसा देगा। तीनों ने उनके कमरे की तलाशी ली और बिस्तर के नीचे रखे साढ़े चार लाख रुपये लेकर फरार हो गए। आरोप है कि दो दिन बाद सत्य प्रकाश ने वीडियो वायरल की धमकी देकर और 50 हजार रुपये मांगे। परेशान होकर जब चक्रपाल ने पूछा कि उनके घर का पता और नंबर किसने दिया तो सत्य प्रकाश ने बताया कि रुहेलखंड डिपो में तैनात ड्राइवर विजय प्रकाश शर्मा ने दी है। उन्होंने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शिक्षक ने छात्र के सिर में मारा पेपर तो किया हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा के दौरान बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। प्रश्नपत्र बांटने को लेकर कक्ष निरीक्षक ने एक परीक्षार्थी के सिर में प्रश्नपत्र मार दिया। इस पर वहां मौजूद छात्र नेता और छात्रों ने हंगामा कर दिया। आसपास के कक्ष से भी छात्र इकट्ठे हो गए। सूचना पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाकर मामला शांत किया। एलआईयू भी बरेली कॉलेज पहुंच गई। वहीं कुछ शिक्षकों का कहना है कि छात्रनेता ने नकल करने से रोकने पर हंगामा किया।

एलएलबी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे शुरू हुई। एक कक्ष में शाहजहांपुर के एक निजी स्कूल के प्रिंसिपल भी परीक्षा दे रहे थे। उन्होंने कक्ष निरीक्षक से जल्दी प्रश्नपत्र देने को कहा तो इससे निरीक्षक ने नाराज होकर प्रश्नपत्र सिर पर मार दिया। इससे चश्मा टूटकर गिर गया। इससे वहां सपा के छात्र नेता और अन्य परीक्षार्थियों ने विरोध किया और हंगामा शुरू हो गया। चीफ प्राक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि प्रश्नपत्र बांटने के दौरान कक्ष निरीक्षक से कहासुनी हो गई थी।

### मानसिक अवसाद के चलते पेंटर ने फंदा लगाकर दी जान

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक युवक ने मानसिक अवसाद के चलते फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सुबह जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया और सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर निवासी विक्की हल्दार पेंटर का काम करता था और परिवार को आर्थिक सहयोग करता था। मंगलवार की देर शाम वह खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। बुधवार की सुबह जब काफी देर तक युवक बाहर नहीं निकला,तो परिवार के लोगों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया। मगर दरवाजा बंद होने के कारण जब खिडकी से देखा,तो युवक ने पंखे की कुडी में फंदा लगाकर लटक गया। युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# समारोह पूर्वक मनाई रमाबाई आंबेडकर की जयंती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



आंबेडकर पार्क में रमाबाई आंबेडकर की जयंती मनाते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पत्नी त्यागमूर्ति ममतामई माता रमाबाई आंबेडकर की जयंती समारोह "महिला संकल्प दिवस" के रूप में खुर्जा गेट स्थित आंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाई गई। चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंभ भंते अनागरिक राहुल बौद्धि ने बुद्ध वंदना तथा पंचशील का पाठ कराकर किया और करुणा मैत्री के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए अपना जीवन यापन करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने कहा कि माता रमाबाई आंबेडकर की लगन और प्रेरणा ने बाबा साहब को महान बनाने का कार्य किया। उन्होंने बाबा साहब को अपना संकल्प पूरा करने में सुखी ग्रस्त जीवन तथा अपने बच्चों को कुर्बान कर दिया। माता रमाबाई वह त्याग की मूर्ति हैं जिन्होंने अपने दुखों, तकलीफों को बाबा साहब के मार्ग में कभी रोड़ा नहीं बनने दिया। महिलाओं को माता रमाबाई आंबेडकर से सीख लेनी चाहिए। लेकिन यह तभी संभव होगा जब पुरुष घर की महिलाओं को बराबरी का सम्मान दें। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब तथा माता रमाबाई आंबेडकर के त्याग को समाज को समाज कभी भूल नहीं सकता।

अध्यक्षता शकुन प्रेमी सदस्य जिला पंचायत ने तथा संचालन प्रवीण कुमार बंटी ने किया। इस दौरान योगेश कुमार, शीशपाल सुगंध, सुरजीत सिंह, मुकेश गौतम, हिरदेश आंबेडकर, नरेश भारती, कपिल देव, सतीश भारती, कपिल कुमार, विमलेश गौतम, ममता आंबेडकर, गौरी बौद्ध, छाया बौद्ध, शीतल बौद्ध, समलेश गौतम, ज्ञानवती, एनपी सिंह, धर्मपाल, राजाराम, शोभित प्रेमी, आर्यन आनंद, सलीम राईन आदि थे।

### ग्रामीणों ने मनाई रमाबाई अंबेडकर जयंती

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई देहात के ग्रामीणों ने रमाबाई अंबेडकर जयंती मनाई। उनके चित्र पर पुष्कर सत्कार श्रद्धांजलि दी उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के पदाधिकारी ने बहजोई देहात में रमाबाई अंबेडकर की जयंती मनाते हुए उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी। महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक समानता व सद्भाव की प्रबल पक्षधर बताया। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए आह्वान। कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलकर सामाजिक समानता के लिए कम करें। इस दौरान दर्शन कुमार, विपिन कुमार, रमेशचंद्र, प्रशांत गौतम, प्रेम इंडियन, धर्मपाल सिंह, जीतू गौतम, मोंटी आदि मौजूद रहे।

### पिंक बूथ पर तैनात महिला दरोगा ने खाया जहरीला पदार्थ

**हापुड़, अमृत विचार :** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में कुचेसर चौपला पर बने पिंक बूथ पर तैनात महिला दरोगा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। बुधवार दोपहर महिला दरोगा चौकी पर ड्यूटी कर रही थी। इसी दौरान उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। इसके बाद महिला दारोगा रंजना शर्मा के मुंह से झाग निकलता देखकर वहां तैनात अन्य पुलिसकर्मी उसे लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। अधिकारी अस्पताल पहुंचे और महिला दरोगा के परिजनों को अवगत कराया। जिसके बाद दरोगा का भाई राहुल परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचा। परिजन व पुलिसकर्मी भी मामले की जानकारी देने से बचते रहे। उपचार कर रहे चिकित्सकों ने भी महिला दारोगा के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। बताया जा रहा है कि 2011 में महिला दारोगा के सिपाही पति की मौत हो गई थी। जिसके बाद मृत आश्रित में उसे पुलिस में नौकरी मिली थी।

# व्यापारी लूटकांड का किया पर्दाफाश, दो आरोपी दबोचे

संवाददाता, रुद्रपुर

- 30 जनवरी को साइकिल से टक्कर मारकर लूटे थे 35 हजार
- गिरफ्तार आरोपियों में मुरादाबाद का अकिल भी

**अमृत विचार:** साधारण सी दिखने वाली व्यापारी लूटकांड का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि फरार दो भाईयों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

खुलासे में पता चला कि गिरोह पहले साइकिल से टक्कर मारता और उसी दौरान लूट की वारदात को अंजाम दे डालता है। सामान्य सी दिखने वाली घटना के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

बुधवार को खुलासा करते हुए एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और सीओ सदर एवं आईपीएस प्रशिक्षु निहारिका तोमर ने बताया कि 31 जनवरी को रुद्रपुर के व्यापारी राजकुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह सब्जी मंडी से सब्जी लेकर नैनीताल-दिल्ली हाईवे पर निकला ही था कि अचानक पीछे से अज्ञात साइकिल सवार ने टक्कर मार दी। उसके बाद जेब में रखी 35 हजार रुपये गायब थे।

घटना के वक्त मौके पर चार लोग मौजूद थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जब सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया तो साधारण सी दिखने वाली घटना, लूट की घटना का अनोखा अंदाज निकला।

इस पर पुलिस ने प्रारंभिक तफ्तीश करते हुए सूचना के आधार पर लाइन नंबर-13 आजाद नगर बनभूलपुरा हल्द्वानी नैनीताल निवासी अफजाल और अगवानपुर ढाप नगर सिविल लाइंस मुरादाबाद निवासी अकिल को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से 15 हजार रुपये की नकदी भी बरामद कर ली है।

# काशीपुर में भाजपा जिला मंत्री के घर पर ईडी ने की छापेमारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में हुए कथित वन घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने भाजपा जिला मंत्री के घर पर छापा मारा। सत्ताधारी दल के नेता के घर अचानक हुई इस कार्रवाई से आम लोगों के साथ ही राजनीतिक दलों में भी चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। ईडी की यह कार्यवाही देर शाम तक जारी रही। बताया जा रहा है कि भाजपा जिला मंत्री पूर्व मंत्री और उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरक सिंह रावत के बेहद करीबी रहे हैं।

बुधवार तड़के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आठ सदस्यीय टीम तीन गाड़ियों में सवार होकर बाजपुर रोड पर राजाजी पुरम स्थित भाजपा जिला मंत्री अमित सिंह की कोठी पर पहुंचीं। टीम के साथ देहरादून से पुलिस टीम भी आई थी। जोकि एहतियातन घर के बाहर तैनात रही। वहीं ईडी की टीम अपने साथ दो महिला पुलिस कर्मियों को लेकर कोठी के अंदर चली गई। देर शाम तक ईडी की टीम अमित सिंह के आवास पर पड़ताल में जुटी रही। इस दौरान घर के अंदर व बाहर जाने की किसी को इजाजत नहीं दी गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान ईडी की टीम ने अमित सिंह सहित उनके परिवार से भी पूछताछ की है। साथ ही ईडी की टीम ने उनके आवास से कुछ जरूरी दस्तावेज व अन्य सामान कब्जे में लिया है।

### सड़क की बदहाली पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार :** बदहाल सड़क की समस्या लंबे समय बाद भी दूर न होने से बहेड़ी की ग्राम पंचायत बिजौरिया के लोग नाराज हैं। लोगों ने सड़क न बनने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार की चेतावनी दी है। एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह ने एसडीएम बहेड़ी को पत्र भेजकर समस्या के समाधान के निर्देश दिए हैं।

ग्राम पंचायत बिजौरिया के पूर्व प्रधान रंपूरा निवासी जयदीप सिंह के अनुसार बहेड़ी केसर मिल से रंपुरा तक करीब दो किलोमीटर की सड़क की करीब आठ साल पहले मरम्मत की गई थी। इसके अलावा रंपुरा से मितापुर जागीर को जाने वाली डेढ़ किलोमीटर की सड़क भी जर्जर है। इसकी मरम्मत दस साल पहले हुई थी। लंबे समय से दोनों सड़कों के निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# आईजीआरएस रैंकिंग में संभल प्रदेश में नंबर वन

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** सीमित संसाधनों के बावजूद संभल जनपद की पुलिस ने अपने शानदार काम से खुद को साबित किया है। जनवरी माह के दौरान आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में संभल जनपद को उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त मिला है।

जनपद संभल में पुलिस प्रशासन सीमित संसाधनों में अपना काम कर रहा है। जिला मुख्यालय न बनने की वजह से जहां पुलिस कार्यालय अस्थाई भवन में काम कर रहा है वहीं जनपद के तीन थानों के पास अपने भवन नहीं हैं। इसके बावजूद सरकार की प्राथमिकता वाले समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली में शिकायतों के निस्तारण में संभल पुलिस प्रदेश में अव्वल आई है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि जनवरी महीने की रैंकिंग में संभल जनपद को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। नियत समय में गुणवत्ता के साथ शिकायतों का निस्तारण कर संभल जनपद पुलिस को 115 अंक दिये गये हैं। जनपद के ऐंचोड़ा कंबोह व जुनावई थानों के पास अपने भवन भी नहीं हैं। इसके बावजूद इन थानों में सौ प्रतिशत यानि 90 अंक प्राप्त किये हैं। इसी तरह चन्दौसी,हजरतनगर गढ़ी, महिला थाना, हयातनगर व थाना एएचटीयू को शिकायतों के बेहतर निस्तारण पर 90 अंक मिले हैं।

### स्कूल स्टाफ को धमकाने वाली शिक्षिका निलंबित

**बदायूं, अमृत विचार:** ब्लॉक सालारपुर के प्राथमिक स्कूल में कार्यरत स्टाफ के साथ व्यवहार सही न करना एवं अवकाश के दिन स्कूल खोलकर उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करना एक शिक्षिका को भारी पड़ गया। शिकायत पर जब बीईओ ने उनकी जांच की तो इस बात की पुष्टि होने पर अब सहायक अध्यापिका को बीएसए ने निलंबित कर दिया है।

ग्राम प्रधान और ग्रामीणों के साथ मिलकर स्कूल स्टाफ ने बीएसए से शिकायत करते हुए कहा था कि 14 जनवरी को अवकाश के दिन स्कूल खोलकर शिक्षिका अनुपम लता द्वारा रजिस्टर पर 30 दिसंबर के हस्ताक्षर कर दिए गये। 16 जनवरी को इनके द्वारा अन्य स्टाफ को अनुपस्थित दर्शाते हुए हस्ताक्षर कर दिए गए।

# छापे में दो मेडिकल स्टोर पकड़े गए

कार्यालय संवाददाता, बदायूं/बिसौली

- दवाओं के सैंपल लेकर दुकानों को सील कर दिया है।

**अमृत विचार :** औषधि निरीक्षक और पुलिस ने संयुक्त रूप से छापे मार कर अवैध रूप से संचालित दो मेडिकल स्टोर पर दवाओं का भंडारण पकड़ा है। विभाग ने दोनों मेडिकल स्टारों से पांच-पांच दवाओं के सैंपल लेकर दुकानों को सील कर दिया है।

बुधवार को बिसौली-बिल्सी रोड स्थित चीनी मिल के निकट के मुख्य रोड पर औषधि निरीक्षक बबीता रानी और बिसौली पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमार कार्रवाई की। बबीता रानी ने सबसे पहले मुकेश कुमार के मेडिकल स्टोर पर छापा मारा। यहां पर मेडिकल का रजिस्ट्रेशन नहीं था। फर्जी तरीके से मेडिकल स्टोर चलाया जा रहा था। औषधि निरीक्षक ने यहां पर दवाओं का भंडार देखा तो उनका दिमाग भी चकरा गया। उन्होंने यहां से पांच दवाओं के सैंपल लिए और मेडिकल स्टोर सील कर दिया। मुकेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई को लिखा गया है। उसके बाद टीम ने पास के धर्मेन्द्र यादव निवासी तखौरा के मेडिकल स्टोर पर छापा मारा उसका भी रजिस्ट्रेशन नहीं था। औषधि निरीक्षक ने पुलिस की मदद से दवाएं जब्त कर ली और पांच दवाओं के सैंपल लिए उसके बाद स्टोर सील कर दी।

धर्मेन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है। वह मौके से भाग गया। औषधि निरीक्षक ने बताया कि दोनों मेडिकल स्टोर अवैध रूप से चला रहे थे। दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने को पुलिस को तहरीर दी गयी है।

### लुईस खुर्शीद समेत दो के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी

**बरेली, अमृत विचार :** दिव्यांग उपकरण वितरण को मिले 71 लाख रुपये गबन मामले में स्पेशल जज एमपी-एमएलए कोर्ट शाम्भवी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी डॉ. जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद और सचिव अतहर फारुखी के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया। सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तिथि नियत की है।

### मौलाना तौकीर रजा समेत 30 लोगों को नोटिस

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी के नाम से शहर की मस्जिदों में बांटे जा रहे पर्चों को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां समेत पार्टी के 30 लोगों को सीआरपीसी की धारा 149 के तहत नोटिस दिया है। जिन लोगों को नोटिस दिए गए हैं, यदि वह नौ जनवरी को खुराफात करेंगे तो उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। वहीं कोतवाली पुलिस ने भड़काऊ पोस्टर बांटने के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाराणसी में ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में मूर्तियों की कोर्ट के आदेश पर पूजा शुरू होने के मामले में रविवार को तौकीर रजा खां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे* | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# दे दो केवल पांच गांव..से फूंका चुनावी महाभारत का बिगुल

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सुनाई महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृष्ण की चेतावनी

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ



**अमृत विचार :** महाकवि रामधारी सिंह दिनकर ने कृष्ण की चेतावनी रचते समय कभी नहीं सोचा होगा कि एक दिन इसके जरिए काशी में ज्ञानवापी और मथुरा में कृष्ण जन्मस्थान की विवादित भूमि लेने का संदेश गूंजेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बुधवार को दे दो केवल पांच गांव.. से चुनावी महाभारत में संघ और विहिप के 35 साल पुराने दांव आजमाने का भी संकेत दे दिया। जाके प्रिय न राम वैदेही..के जरिए अयोध्या न जाने वालों को वोट बैंक का लालची ठहराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भरे सदन में काशी और मथुरा की मांग करने वाला संकेत यूं ही नहीं दिया। राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले भाजपा, संघ और विहिप के जिम्मेदार नेता कहते थे कि अभी काशी-मथुरा पर कोई बात नहीं होगी। सिर्फ भव्य और दिव्य राममंदिर निर्माण ही एक मात्र लक्ष्य है। मगर, प्रभु रामलला की अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अब लोकसभा चुनाव को देखते हुए काशी-मथुरा का मुद्दा गरमाने की तैयारी है।

राममंदिर आंदोलन के दौरान हिंदुत्व के फायरब्रांड नेता के रूप में चर्चित रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सदन में काशी और मथुरा का जिक्र करना बड़ा राजनीतिक संकेत है। भाजपा की रणनीति मथुरा और काशी के जरिए लोकसभा चुनाव में पुराना दांव आजमाने की कोशिश है। लगता है कि मोदी की गारंटी के बाद अब हिंदू और मुसलमान के बीच वोटों का ध्रुवीकरण मिशन-80 की पूर्ण सफलता की गारंटी बनने वाला है।

मुख्यमंत्री योगी समेत भाजपा के रणनीतिकार जानते हैं कि उत्तर-प्रदेश में मुख्य मुकाबला समाजवादी पार्टी से ही होगा, ऐसे में पीडीए के जरिये हिंदू वोटों का बिखराव रोकने का एक मात्र आसरा राममंदिर के बाद काशी और मथुरा है। भाजपा और संघ को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद माहौल और अवसर भी साथ दिख रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या की उपेक्षा, कर्फ्यू, गलियों में गोलियों की तड़तड़ाहट, कारसेवकों की हत्या, परिक्रमा पर प्रतिबंध, रामनामी धारण करने वालों की पिटाई आदि तमाम शब्दों के जरिए सपा पर जमकर निशाना साधा। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से भारत के गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की बात कहते हुए अयोध्या की भव्यता-दिव्यता से देश-दुनिया में बढ़ी धमक गिनाई।

**वोट बैंक के लिए विदेशी लुटेरों का साथी ठहराया :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए सदन में मुख्यमंत्री ने सपा समेत इंडिया गठबंधन में शामिल दलों व नेताओं को मुस्लिम परस्त साबित करने की पूरी कोशिश की गई। यहां तक कहा कि भारत में आए विदेश आंक्राताओं ने केवल धन-दौलत ही नहीं लूटी, बल्कि आस्था पर भी हमले किए। लेकिन वोट बैंक के लिए लोग आक्रांताओं को महिमामंडित करते हैं।

### सपा ने सदन से किया वाकआउट

**लखनऊ, अमृत विचार :** विधान परिषद में बुधवार को सपा विधायकों ने किसानों की समस्याओं का मुद्दा जोर-शोर से उठाया और सरकार विरोधी नारे बाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। जवाब में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश सरकार को किसान हितैषी बताते हुए कहा कि गन्ना मूल्य बढ़ाया जा चुका है, निजी नलकूपों के बिल माफ कर दिये गये हैं। किसानों की आय, खेती से दोगुनी हो जाए बल्कि इसके लिए अन्य अनेक योजनाएं सरकार द्वारा चलायी जा रहीं हैं। सुबह कुंवर मानवेंद्र सिंह के सभापतित्व में प्रश्न प्रहर सामान्य रूप से चला। सपा के सदस्यों ने प्रदेश के किसानों को लागत के अनुरूप उपज का लाभ दिलाने व उनकी आय दोगुनी करने का मामला कार्य स्थगन के रूप में उठाया। डॉ. मान सिंह यादव ने कहा इस सरकार में किसानों की तकलीफें और बढ़ गयी है। शाहनवाज खान ने कहा गन्ना मूल्य सरकार ने 20 रूपये प्रति क्विंटल बढ़ाया है जबकि किसानों की लागत लगभग 24 सौ रूपये आ रही है। यूरिया की बोरी का 10 किग्रा वजन कम कर दिया गया। मार्केटिंग की व्यवस्था न होने से जैविक खेती नहीं हो रही है। सरकार की ओर से पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने छुट्टा जानवरों के विषय में कहा ये जानवर छुट्टा नहीं हैं, बल्कि दूध प्राप्त करने के बाद छोड़े गये पशु हैं। पहले कसाईंयों की वजह से किसान पशुओं को अंदर बंद रखता था, वर्तमान में निश्चिंत होकर खुले में छोड़ दे रहा है।

### अखिलेश की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री ने किया प्रहार

**लखनऊ, अमृत विचार :** महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रहार करते हुए समूचे विपक्ष को नसीहत दे डाली। बुधवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर आभार ज्ञापन के दौरान योगी ने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महिला संबंधित अपराध के बारे में नेता प्रतिपक्ष ने टिप्पणी की थी। सपा का रवैया महिलाओं के प्रति क्या है उसका उदाहरण हमने सदन में महिला राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान दिखा। राज्यपाल एक संविधानिक प्रमुख हैं इतनी वरिष्ठ हैं। उनके एक घंटे से अधिक के उनके अभिभाषण के दौरान सपा का व्यवहार महिलाओं के प्रति उसके वास्तविक चरित्र को प्रदर्शित करता है। वहीं, योगी ने सदन में आश्वासन दिया कि 2025 के महाकुंभ को 2019 से भी अधिक भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। योगी ने कहा कि हम 2025 के महाकुंभ को भव्य दिव्य रूप में संपन्न कराएंगे। 2019 में जब प्रयागराज कुंभ था, तब काशी, अयोध्या, चित्रकूट, नैमिषारण्य और विंध्यवासिनी का धाम इस रूप में नहीं था। हमारा अनुमान है कि 19 के कुंभ की तुलना में दोगुना श्रद्धालु यहां आएंगे। अयोध्या राम मंदिर का भी जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 16 दिन में 36 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किया है। मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री और पूरी कैबिनेट ने दर्शन किया। मंगलवार को ही नेपाल के सांसद और बुधवार को फिजी और सूरीनाम के लोग वहां आ रहे हैं।

# ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाना विवाद की सुनवाई अब 12 को होगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाना विवाद से संबंधित मामले में हिंदू पक्ष ने बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान दावा किया कि तहखाने के अंदर पूजा-अनुष्ठान कभी रुका ही नहीं। वर्ष 1993 में जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया, तब भी पूजा होती रही। हालांकि साल में केवल एक बार ही ऐसा होता था, लेकिन ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने कभी इस पर आपत्ति नहीं जताई। मस्जिद समिति का तहखाने पर कभी कोई कब्जा नहीं था। वे पूजा-अनुष्ठानों पर आपत्ति नहीं कर सकते हैं। यह दलील अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति द्वारा दाखिल याचिका पर न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान दी। समयाभाव के कारण तर्क पूरे नहीं हो सके, इसलिए मामले को 12 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है।

मुस्लिम पक्ष की याचिका में वाराणसी कोर्ट के 31 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है। वादी शैलेंद्र कुमार पाठक व्यास द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने में देवताओं की पूजा और तहखाने के दक्षिणी हिस्से के रिसीवर के रूप में जिला मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की मांग को लेकर जारी आदेश को सही ठहराते हुए अधिवक्ता जैन ने कहा कि उनकी पहली प्रार्थना (रिसीवर की नियुक्ति) के लिए 17 जनवरी को अनुमति दी गई जबकि कुछ चूक के कारण उनकी दूसरी प्रार्थना व्यास तहखाने में प्रार्थना करने की अनुमति नहीं मिली थी, लेकिन 31 जनवरी को पूजा करने की अनुमति भी मिल गई। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने अपने तर्कों को उचित ठहराने के लिए 1800 दशक के विभिन्न दस्तावेजों को रिकॉर्ड में रखा कि व्यास परिवार का तहखाना पर कब्जा था। मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि वर्ष 1993 में जब बैरिकेडिंग की गई तो व्यास परिवार ने वहां पूजा करने का अपना अधिकार छोड़ दिया था। यह सत्य है कि मुसलमानों ने तहखाने में कभी नमाज नहीं पढ़ी, लेकिन यह समिति के कब्जे में था।

## सार-संक्षेप

### भाजपा में शामिल हुए नगर निकायों के 55 अध्यक्ष और 24 ब्लाक प्रमुख

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर समाजवादी पार्टी, बसपा, आप और कांग्रेस छोड़कर नगरपालिका के 20 और नगर पंचायत के 35 अध्यक्ष समेत 24 ब्लाक प्रमुख, 185 जिला पंचायत सदस्य और 155 नगर निगम के पार्षदों ने समारोहपूर्वक भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ 10 हजार समर्थकों ने भी सदस्यता ग्रहण की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर लोग तेजी से भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। श्री चौधरी ने शामिल होने वाले नेताओं से विश्वास जताया कि भाजपा की अद्वितीय एवं प्रेरणादायी नीतियों, लोककल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करेंगे।

### पीएनबी के शाखा प्रबंधक, फील्ड अफसर गिरफ्तार

लखनऊ,अमृत विचार : केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को पीएनबी के गढ़मुक्तेश्वर शाखा के प्रबंधक और फील्ड अफसर को 20 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मेरठ एवं हापुड में स्थित आरोपियों के परिसरों पर तलाशी भी ली गई। सीबीआई को मिली एक शिकायत के आधार पर बैंक अफसरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि शिकायतकर्ता ने पीएमईजीपी योजना के तहत सिलाई मशीनों की खरीद के लिए केवीआईसी ऋण के लिए पंजाब नेशनल बैंक, गढ़मुक्तेश्वर शाखा, हापुड में आवेदन किया था। बैंक द्वारा ऋण, स्वीकृत किया गया था। ऋण राशि दो लाख रुपये का भुगतान के लिए शाखा प्रबंधक और फील्ड अफसर (क्षेत्राधिकारी) ने घूस मांगी। यह भी आरोप है कि बैंक कर्मियों ने शिकायतकर्ता से कहा कि दो लाख की बजाए चार लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने ऋण राशि का 25 फीसदी की दर से एक लाख रुपये की घूस मांगी। इस शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया एवं बैंक के दोनों अफसरों को पहली किस्त के रूप में बीस हजार रुपये घूस लेते समय रंगे हाथ दबोच लिया।

### प्रवक्ताओं की हुई पदोन्नति, बने प्रधानाचार्य

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्य बनाए गए 13 शिक्षकों को समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बधाई दी प्रदेश के सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रधानाचार्यों के पद रिक्त पड़े थे। इन विद्यालयों में काफी लंबे समय से प्रवक्ता के पद पर कार्यरत शिक्षकों को 2004 की नियमावली के तहत प्रधानाचार्य बनाया गया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण बुधवार को समाज कल्याण निदेशालय पहुंचे और कहा कि प्रवक्ताओं के प्रधानाचार्य बनने से शिक्षण गुणवत्ता और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि जल्द अन्य विद्यालयों को भी स्थायी प्रधानाचार्य मिल जाएंगे। इस दौरान समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत, उप निदेशक सिद्धार्थ मिश्र आदि मौजूद रहे। ये बने प्रधानाचार्य : राधे श्याम चौधरी, नरेंद्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार, बलराज सिंह, डॉ. वंदना त्रिवेदी, नविता यादव, वंदना त्रिपाठी, निर्मल चंद्र बाजपेयी, मान सिंह, सुशील दत्त, कालिका मौर्य, कमल राज पाल।

### तीन आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने तीन आईपीएस अफसरों को बदल दिया है। इसमें सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी दुर्गेश कुमार को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनाती दी गई है। वहीं विद्या सागर मिश्र का पुलिस उपायुक्त गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट से पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। वह डीसीपी नोएडा बने रहेंगे। अपर पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ सैयद अली अब्बास को अपर पुलिस उपायुक्त आगरा के पद पर भेजा गया है।

# 19 को धरातल पर उतरेगा 10 लाख करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लखनऊ में प्रधानमंत्री करेंगे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आरंभ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को सदन में रखते हुए बताया कि आगामी 19 फरवरी को राजधानी लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आरंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस दौरान 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारा जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में थल, जल और नभ में इन्फ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि हुई है। वहीं, इस बात की भी जानकारी दी कि बहुत जल्द ही उप्र 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। योगी ने कहा कि प्रदेश अब बिजनेस हब और निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बन चुका है। कानून व्यवस्था अच्छी और सरकार की नियत साफ हो तो देश और दुनिया के निवेशक निवेश के लिए आना चाहते हैं। आगामी 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। उसी समय रिपोर्ट भी पढ़ेंगे कि पिछले निवेश से कितनी नौकरियां लगी हैं, कितने रोजगार का सृजन हुआ है और यूपी में इसका क्या असर पड़ा है।

### विपक्ष को यूपी की विकास गाथा को स्वीकार करना चाहिए

योगी ने एक प्रमुख इंग्लिश अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का भी उल्लेख किया जिसमें बताया गया कि तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में यूपी के दो लाख से अधिक लोग कार्य करते थे, मगर पिछले सात साल में उनमें से 60 हजार लोग वापस यूपी में जा चुके हैं, क्योंकि उन्हें वहीं रोजगार मिल गया है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष को इंगित करते हुए कहा कि यूपी की इस विकास गाथा को सभी को स्वीकार करना चाहिए।

# महिलाओं को साधने के लिए शक्ति संवाद पर फोकस

**लखनऊ, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा इस बार कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा समाज के हर वर्ग से संवाद कर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जुगत में लगी है। शक्ति वंदन अभियान के तहत शक्ति संवाद कर महिलाओं को केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। महिलाओं को पार्टी से जोड़ने और उसे वोट में बदलने के लिए भाजपा ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। भाजपा स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क करेगी। साथ ही उनके अध्यक्ष एवं सचिव से बात करेगी। 10 फरवरी को जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 और 12 फरवरी को विधानसभा स्तर पर शक्ति सम्मान समारोह होंगे। 12 से 21 फरवरी तक मंडल में सक्रिय स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से जुड़ी महिलाओं से संपर्क किया जाएगा। 22 फरवरी को हर मंडल में प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना जाएगा।

# रालोद की भाजपा से बढ़ रहीं नजदीकियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सपा डैमेज कंट्रोल में जुटी, जयंत चौधरी को मनाने का जिम्मा शिवपाल यादव को मिला

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर राष्ट्रीय लोकदल के भाजपा से नजदीकियां बढ़ाने की चर्चाओं के बीच मुजफ्फरनगर सीट से गठबंधन में टिकट के दावेदार पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को अखिलेश यादव ने लखनऊ बुलाया है।

सपा प्रमुख की मलिक से अगली राजनीतिक रणनीति पर मंत्रणा होगी। साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव को रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह से बातचीत करने का जिम्मा सौंपा गया है। दोनों के बीच शीघ्र ही बात हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सपा और रालोद के गठबंधन में बड़ा मतभेद मुजफ्फरनगर सीट को लेकर है। माना जा रहा है कि यह सीट रालोद के कोटे की है, लेकिन अखिलेश यादव यहां से हरेंद्र मलिक को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। रालोद ने इस पर नाराजगी जताई। एक तरफ हरेंद्र मलिक और उनके बेटे चरथावल से विधायक पंकज मलिक लोगों के बीच पहुंचकर चुनाव की तैयारी में जुट गए और दूसरी तरफ रालोद में उनके नाम पर सहमति नहीं बनी। भाजपा से इसी दौरान रालोद की बातचीत हुई और समीकरण बदल गए।

### कुछ पक अवश्य रहा है

**लखनऊ।** रालोद की राजनीतिक गतिविधियां बता रहीं हैं कि कुछ पक अवश्य रहा है। रालोद का फिलहाल चौधरी चरण सिंह की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम टल गया है। यह कार्यक्रम 12 फरवरी की जगह 24 फरवरी को अब होगा। वहीं, रालोद के सभी विधायक विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ रामलला के दर्शन करने भी जाएंगे।

# 31 छात्रावास जर्जर अब 230 में ही चलाओ काम

राजीव शुक्ला, लखनऊ

▸▸ 20 हजार छात्रों के गुजर बसर को छात्रावासों के कमरे हुए और कम
▸▸ प्रदेश में अब सिर्फ 230 छात्रावासों का हो रहा है संचालन
▸▸ एक छात्रावास की क्षमता 40 से 100 छात्रों की

**अमृत विचार :** घर का सुख चैन छोड़कर जीवन को नया आयाम दे परिवार को बुलंदियों पर ले जाने का सपना संजोए आने वाले छात्रों की गुजर-बसर अब थोड़ा मुश्किलों भरी होगी।

वैसे ही छात्र सीमित संसाधन का उपभोग कर रहे थे। अब अचानक जर्जर 31 छात्रावासों पर ताला लटकने से उनके सामने रिहाइश की नई समस्या खड़ी हो गई। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन जर्जर छात्रावासों को बंद कर दिया गया है। ऐसे में 230 छात्रावासों में ही फिलहाल 20 हजार छात्रों को रहना पड़ेगा। विभाग जब तक छात्रावास को सुधारेगा नहीं तब तक उनकी सुविधाएं बहाल नहीं हो पाएंगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 261 छात्रावास का संचालन किया जा रहा था। इसमें 187 बालक और 74 बालिका छात्रावास हैं।

इसमें 70 प्रतिशत अनुसुचित जाति के लिए, 20 प्रतिशत ओबीसी के लिए और 10 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को आवंटन होता है। छात्रावास में सिर्फ रहने की व्यवस्था होती है जबकि छात्र को नाश्ते से लेकर भोजन तक की व्यवस्था स्वयं करनी पड़ती है। छात्रावासों की क्षमता 40 से लेकर 100 छात्रों की है। 30 छात्रावास बदहाल होने के कारण बंद कर दिए गए हैं। छात्रावास बंद होने से छात्रों की परेशानी और बढ़ गई है। बंद हुए छात्रावासों के छात्रों को अब दूसरी जगह समायोजित किया गया है।

### छात्रावासों का बनेगा डाटा बेस

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित 231 छात्रावासों में लगभग 20 हजार छात्र प्रवास कर रहे हैं। छात्रावास का अब डाटा बैंक बनाने की तैयारी है। साथ ही एक वेबसाइट भी बनाई जाएगी। जिससे छात्रावास का पूरा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होगा। जरूरतमंद छात्र ऑनलाइन जानकारी लेने के बाद अपनी सुविधानुसार छात्रावास के लिए आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में समाज कल्याण विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

## वर्ग पहेली-336

**बाएं से दाएं**

1.1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।

3.1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।

4.1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।

6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।

8.1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2.1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।

3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना; कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।

5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।

7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| ■ | ■ | 4 | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| 6 | | 7 | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 8 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली - 335 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 मँ | ■ | ■ | ■ | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | ■ | ला |
| ■ | वा | ■ | रो | ■ | ना |
| ■ | ■ | 5 सं | हि | ति | ■ |
| 6 द | ढ़ी | भू | त | ■ | 7 श |
| ■ | ■ | त | ■ | ■ | फ़ी |
| 8 शि | फा | ■ | 9 त | पा | क |

## सुडोकू-53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 11.17 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 9 फरवरी 02.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** – आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आप लोगों के बीच में आदरणीय रहेंगे। शाम को शरीर में थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है। अपने आहार को पौष्टिक रखें और स्वास्थ्य का ध्यान दें। मेहनत के साथ ही आराम को भी महत्व दें।

**वृष** – आज विदेश में रह रहे परिजनों से कुछ अच्छी सूचना मिल सकती है। अपना लक्ष्य पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। गुरुजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बच्चों की उन्नति से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन** – आज लोग आपसे धन उधार तो लेना चाहेंगे पर उसे लौटाने की मंशा नहीं रखेंगे। समय से काम पूरा न होने के कारण क्रोधित हो सकते हैं। सभी जिम्मेदारियों को अपने ऊपर लादने से बचें। आज आप मेहनत करते रहें, परिणाम जल्द ही आपको प्राप्त होगा।

**कर्क** – आज आपकी देखभाल और नरम रवैये से जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित रहेगा। कारोबार में निवेश बढ़ा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त मेहनत के बाद सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। व्यवसाय के उद्देश्य से की गयी यात्रा सफल रहेगी।

**सिंह** – आज नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आज का दिन अनुकूल है। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। जॉब में प्रमोशन मिलने की प्रबल सम्भावना है। प्रतियोगी परीक्षा में आशानुकूल सफलता मिल सकती है। विरोधी शान्त रहेंगे।

**कन्या** – आज सिनेमा और वेबसीरीज आदि में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देंगे। आज आप मित्रों से ज्यादा अपेक्षा न करें। संक्रमण से जुड़ी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**तुला** – आज सम्पत्ति के मामलों में गतिरोध आ सकता है। शाम के समय किसी निकटस्थ व्यक्ति से झगड़ा हो सकता है। कोई पुरानी बात निकल कर सामने आ सकती है। यदि तनाव में हैं, तो अपने जीवनसाथी से अपने मन की बात कहें।

**वृश्चिक** – आज आप अपने प्रोफेशनल और दांपत्य जीवन दोनों में संतुलन रख पायेंगे। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन उचित नहीं है। आपके काम की बाधाएं दूर होगी। रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धि भरा रहेगा। आमदनी के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

**धनु** – आज आपको खरीदारी में अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड भी खराब हो सकता है। प्रेम प्रसंग को लेकर जल्दबाज़ी न करें। लोग आपकी बातों का गलत मतलब न निकाल लें, इसका ध्यान रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**मकर** – आज बच्चे माता-पिता के प्रति आज्ञाकारी रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के सुझाव को अवश्य मानें। उच्च प्रतिष्ठित लोगों से आपके संपर्क मजबूत होंगे। यदि आप परिस्थितियों का सही उपयोग कर पाते हैं, तो दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहेगा।

**कुंभ** – आज तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। लवमेट्स को रिश्ते में गम्भीरता लाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को फिलहाल दो दिनों के लिए टाल देना उचित होगा। विवादित विषयों को शुरू करने से बचें। रात में यात्रा करने से बचें।

**मीन** – आज समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेन्ट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी – सुबह : 09.00
गद्दार – रात : 09.00

Utsav Gold
वीरता द पॉवर – दोपहर : 12.15
कलंक – रात : 06.45

SONY MAX
मलंग – सुबह : 10.44
पीकू – रात : 07.00

ZEE CINEMA
हीरो – सुबह : 07.10
दिवार – रात : 07.00

colors CINEPLEX
कभी खुशी कभी गम – सुबह : 08.24
राजा हिन्दुस्तानी – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति- क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी- तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति- ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा।

पप्पू गुस्से में बैंक से बाहर निकलते हुए बड़बड़ा रहा था...
दूध वाले हड़ताल करते हैं, तो दूध सड़क पर फेंक देते हैं...!
टमाटर वाले हड़ताल करते हैं, तो टमाटर सड़क पर फेंक देते हैं...!
न जाने बैंक वालों को कब अक्ल आएगी...!

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लेग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लेग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 900।

## मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 -106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 चना काबली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्रा: 145 लोबिया लाल: 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

## एक नजर

### सोना 170 रुपये मजबूत, चांदी में 300 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 170 रुपये की मजबूती के साथ 63,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### वस्तुओं का निर्यात कम होने का अनुमान

**मुंबई।** भारत का वस्तुओं का निर्यात चालू वित्त वर्ष (2023-24) में घटकर 435 .3 अरब डॉलर पर आने का अनुमान है। बीते वित्त वर्ष में यह 447 .46 अरब डॉलर रहा था। एक्जिम बैंक (निर्यात-आयात बैंक) ने बुधवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की अंतिम (जनवरी-मार्च, 2023) तिमाही में व्यापारिक निर्यात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 118 .2 अरब डॉलर हो जाएगा। वहीं पहली दो तिमाहियों में निर्यात में गिरावट आई है।

# भारत 2027 में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा केंद्र होगा: आईईए

## अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा-पड़ोसी देश चीन को भी छोड़ देगा पीछे

बेतुल (गोवा), एजेंसी



भारत 2027 में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के केंद्र के रूप में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह अनुमान लगाते हुए कहा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में परिवहन तथा उद्योग की खपत स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतीकरण पर बड़े जोर के बावजूद इस वृद्धि को गति देगी।

पेरिस स्थित एजेंसी ने बुधवार को यहां भारत ऊर्जा सप्ताह में जारी एक 2030 तक भारतीय तेल बाजार परिदृश्य पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा है कि देश की कच्चे तेल पर मांग 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से बढ़कर 2030 में 66.4 लाख बीपीडी हो जाएगी। चीन वर्तमान में तेल की मांग का सबसे बड़ा चालक है और भारत इस सूची में नंबर दो पर है। पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू खपत करीब 50 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) है। आईईए के निदेशक (ऊर्जा बाजार एवं सुरक्षा) किसुके सदामोरी ने कहा-त्वरित हरित ऊर्जा कदमों के बावजूद 2030 तक भारत की तेल मांग तीव्र गति से बढ़ेगी। भारत की वृद्धि दर 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी।

### डीजल पर कंपनियों को तीन रुपये प्रति लीटर का घाटा, पेट्रोल पर मुनाफा घटा




कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया मजबूती आने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल पर प्रति लीटर लगभग तीन रुपये का घाटा हो रहा है जबकि पेट्रोल पर उनके मुनाफे में कमी आई है। तेल उद्योग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल पर मुनाफे में कमी आने और डीजल पर घाटा होने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा कीमतों में कटौती करने से परहेज कर रही हैं। अप्रैल, 2022 से ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के करीब 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है। इन कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में स्वेच्छा से कोई बदलाव नहीं किया है।

### एआई पर भारत और अमेरिका को सहयोग बढ़ाने की जरूरतः नडेला

**मुंबई।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के प्रमुख सत्या नडेला ने बुधवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत की। भारत में पले-बढ़े नडेला ने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है। नडेला ने यहां माइक्रोसॉफ्ट के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि एआई एक शक्तिशाली नई प्रौद्योगिकी है जिसे दुनिया के हर कोने में तेजी से 'प्रसारित' करने की जरूरत है। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए सत्या नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें।

### नीति आयोग ने एलएनजी को परिवहन ईंधन के रूप में प्रोत्साहन देने की वकालत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ रिपोर्ट में कहा-देश का ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने के लिए अग्रसर

नीति आयोग ने मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने की वकालत की है। आयोग ने 'मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों में परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी' शीर्षक वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता सेवाओं (ईईएसएल) की तरह एलएनजी ट्रक खरीदने के लिए एक मांग एग्रीगेटर कंपनी स्थापित करने का सुझाव दिया है।

आयोग ने कहा कि भारत का तेजी से बढ़ता ट्रक बाजार उत्सर्जन को कम करने और वृद्धि के लिए निवेश को प्रोत्साहित करने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है। इस बाजार के 2022 में 40 लाख ट्रक से बढ़कर 2050 तक लगभग 1.7 करोड़ ट्रक होने की उम्मीद है। आयोग ने सुझाव दिया कि एलएनजी को बढ़ावा देने के लिए गैर-वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में एलएनजी वाहनों के लिए प्राथमिकता वाली लेन पहुंच को प्रदान की जा सकती है। इसमें कहा गया-प्रमुख शहरों और सड़कों को पहचानने की जरूरत है और ऐसी प्राथमिकता वाली लेन पहुंच का परीक्षण पहले प्रमुख शहरों और सड़कों पर किया जा सकता है। आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि वैकल्पिक ईंधन की स्वीकार्यता को प्रोत्साहित करने के लिए एलएनजी पर चलने वाले हेवी-ड्यूटी ट्रकों को शहरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकती है जबकि डीजल ट्रकों पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,300 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

### डब्ल्यूटीओ में श्रम, गैर व्यापारिक मुद्दे पर नहीं होनी चाहिए चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ भारत की ओर से एक अधिकारी ने की टिप्पणी

भारत अपने इस रुख पर कायम है कि श्रम एवं पर्यावरण जैसे मामले गैर-व्यापारिक मुद्दे हैं और उनकी चर्चा विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में नहीं होनी चाहिए। भारत की ओर से एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही।

अधिकारी ने कहा कि पर्यावरण-अनुकूल विकास की आड़ में व्यापार बाधाएं खड़ी नहीं की जानी चाहिए और इन मुद्दों की चर्चा संयुक्त राष्ट्र जैसे विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर की जा सकती है। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री इस महीने के अंत में कृषि जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए अबू धाबी में एकत्रित होंगे। इस लिहाज से भारत की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है। विकसित देश इन गैर-व्यापारिक मुद्दों पर औपचारिक बातचीत शुरू करने पर जोर दे रहे हैं और वे अबू धाबी बैठक में भी इन मुद्दों को उठाने का प्रयास करेंगे। डब्ल्यूटीओ का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी) 26-29 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में होगा।

### भारत यूएसजीबीसी की वैश्विक सूची में तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा और पर्यावरण डिजाइन लीडरशिप (एलईईडी) प्रमाणन के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 देशों और क्षेत्रों की वार्षिक सूची-2023 में तीसरे स्थान पर है। इस सूची को अमेरिकी ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (यूएसजीबीसी) ने तैयार किया है। अमेरिका को सूची में शामिल नहीं किया गया है। एलईईडी हरित इमारतों की रेटिंग प्रणाली है। प्रमाणन पर्यावरण के स्तर पर उपलब्धि को बताता है। यूएसजीबीसी ने बयान में कहा कि रेटिंग प्रणाली लगभग सभी प्रकार की इमारतों के लिए उपलब्ध है।

### जनवरी में शाकाहारी थाली हुई महंगी और मांसाहारी थाली की लागत हो गई कम

मुंबई, एजेंसी

▸▸ एमआईएंडए रिसर्च की रिपोर्ट से हुआ खुलासा



घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (एमआईएंडए) रिसर्च की तरफ से जारी 'राइस रोटी रेट' अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो गई। वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई। रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं। इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया। पिछले साल के समान महीने में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### लोकसभा में अंतरिम बजट पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को 2024-25 के लिए 47 .66 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट ध्वनिमत से पारित हो गया। साथ ही केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1.8 लाख करोड़ रुपये के बजट को भी ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दोनों बजट, अनुदान की अनुपूरक मांगों और संबंधित विनियोग विधेयकों पर चर्चा का जवाब दिया। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 2024-25 में घटाकर 5 .1 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य है।

### मलबा के नीचे दबकर 6 महिला श्रमिकों की मौत

**उधगमंडलम (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के नीलगिरी जिले में एक निर्माण स्थल पर रेत और मलबे के नीचे दबने से छह महिला निर्माण श्रमिकों की बुधवार को मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में दो महिलाओं समेत चार अन्य लोग घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब 17 मजदूर लवडेल में एक परिसर की दीवार को गिराने के लिए रेत हटाने जैसे काम में लगे हुए थे, तभी पास की एक इमारत ढह गई और रेत एवं मलबे का ढेर उन पर गिर गया जिसमें 10 मजदूर पूरी तरह से दब गए। घटना के तुरंत बाद लोगों ने दमकल एवं बचाव सेवा विभाग को सूचित किया। दमकल विभाग के कर्मियों ने मलबे में फंसे श्रमिकों को बाहर निकाला।

# कांग्रेस आउटडेटेड और आरक्षण की जन्मजात विरोधी

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चर्चा के जवाब में बोले-अब उसकी कोई वारंटी भी नहीं रही

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी पुरानी पड़ चुकी है और अब उसकी कोई 'वारंटी' भी नहीं रही। उन्होंने देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर देश को बांटने वाले विमर्श गढ़ने का भी आरोप लगाया। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव में जीत के साथ तीसरा कार्यकाल मिलने का भरोसा जताया और अगले पांच साल के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को 'आउटडेटेड' और आरक्षण का 'जन्मजात विरोधी' बताया तथा उसके पतन के लिए संवेदनाएं प्रकट करते हुए 'प्रार्थना' की कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट ही बचा ले। करीब डेढ़ घंटे के अपने संबोधन के दौरान उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और उन्हें 'कांग्रेस के युवराज' के नाम से संबोधित करते हुए उन्हें ऐसा 'नॉन स्टार्टर' बताया जो न तो 'लिफ्ट' हो पा रहे हैं और ना ही 'लांच'। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत के आत्मविश्वास, उज्ज्वल भविष्य के प्रति उसके विश्वास और आमजन के सामर्थ्य को बहुत ही कम शब्दों में लेकिन बहुत ही शानदार तरीके से देश के सामने प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा-कांग्रेस के 10 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार थी।

### देश को बांटने वाला विमर्श गढ़ना बंद करे कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार से देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने वाला विमर्श ना गढ़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यह देश के भविष्य को खतरे में डालता है। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने अफसोस जताया कि कर्नाटक सरकार विज्ञापनों के जरिए इस तरह की कहानी गढ़ रही है। प्रधानमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर कांग्रेस के उस धरने का जिक्र कर रहे थे।

### प्रधानमंत्री ने पेश की मोदी 3.0 योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगातार तीसरी बार अपनी सरकार 'मोदी 3 .0' बनने का भरोसा जताते हुए अगले पांच साल की रूपरेखा पेश की जिसमें गरीबों, युवाओं, मध्यम वर्ग, किसानों, ऊर्जा आत्मनिर्भरता सहित विभिन्न क्षेत्रों के लक्ष्य रखे गये ताकि भारत 2047 तक 'स्वर्णिम युग को छू सके।' उन्होंने कहा कि मोदी 3 .0 सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी। प्रधानमंत्री ने कहा-गरीबों को दी जाने वाली पांच लाख रुपये की बीमा सहायता आगे भी जारी रहेगी।

### जनता अब उन्हें सबक सिखाने वाली है : खरगे



कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्यसभा में उस पर किए गए तीखे प्रहार के बाद पलटवार करते हुए दावा किया कि मोदी इस बात को लेकर डरे हुए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाने जा रही है। वहीं महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने मल्लिकार्जुन खरगे पर हमला करने का फैशन बना लिया है।

### भाजपा में शामिल हुए तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ शामिल होने वाले नेताओं में अधिकांश अन्नाद्रमुक से

तमिलनाडु के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद समेत कई नेता बुधवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी इस दक्षिणी राज्य में अपनी स्थिति मजबूत करने की लगातार कोशिश कर रही है। भाजपा में शामिल होने वाले इन नेताओं में अधिकांश भाजपा की पूर्व सहयोगी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) से हैं।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और एल मुरुगन तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की मौजूदगी में इन नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अन्नामलाई ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले ये नेता काफी अनुभवी हैं और सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है और मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आएंगे। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और उसकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि वे तमिलनाडु में हो रही घटनाओं को देख रहे हैं। द्रविड़ राज्य में अपनी पार्टी के वैचारिक रुख पर मजबूत स्थिति और आरोपित पार्टियों की तीखी आलोचना के कारण युवा नेता ने दावा किया-तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के रास्ते पर जा रहा है।

### अजित पवार गुट ने कोर्ट में कैविएट दायर की

**नई दिल्ली।** अजित पवार गुट ने उच्चतम न्यायालय में बुधवार को कैविएट दायर की और निर्वाचन आयोग द्वारा उसे असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घोषित करने के आदेश को शरद पवार गुट की ओर से चुनौती दिये जाने की स्थिति में उसका पक्ष भी सुने जाने का अनुरोध किया। वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के जरिए कैविएट यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गयी है कि अगर शरद पवार गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करता है तो अजित पवार गुट के खिलाफ एकतरफा आदेश पारित न किया जाए और उसका भी पक्ष सुना जाए। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। चुनाव निकाय का यह निर्णय पार्टी संस्थापक शरद पवार के लिए एक बड़ा झटका है।

### रिश्वत की रकम चुनावी कोष के तौर पर आप को दी गई

नई दिल्ली, एजेंसी

**ईडी ने लगाया आरोप**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में निविदा के जरिये भ्रष्टाचार से मिली रिश्वत की रकम चुनावी कोष के तौर पर आम आदमी पार्टी (आप) को दी गई।

संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि डीजेबी से जुड़े कथित धन शोधन मामले में मंगलवार की छापेमारी के बाद 1.97 करोड़ रुपये मूल्य का सामान और चार लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त की गई। इसने कहा कि छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य भी जब्त किए गए। हालांकि, बयान में विभिन्न बरामदगी के विशिष्ट स्थान का उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने अपने बयान में कहा कि अगर डीजेबी अधिकारियों या उसके ठेकेदारों द्वारा किया गया कोई भी गलत काम सच साबित होता है तो वे इसकी निंदा करते हैं। वहीं, पार्टी ने ईडी पर उसके नेताओं के खिलाफ झूठे आरोप लगाने का दावा किया।

### संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में गिरफ्तार आप के नेता संजय सिंह को जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुनाते हुए कहा, "इस स्तर पर आरोपी को जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता है।" फैसले की विस्तृत प्रति की प्रतीक्षा है। ईडी द्वारा 4 अक्टूबर, 2023 को गिरफ्तार किए गए सिंह ने इस आधार पर जमानत का अनुरोध किया था कि वह तीन महीने से अधिक समय से हिरासत में हैं और इस अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं दिखाई गई है। जांच एजेंसी ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि सिंह 2021-22 की नीति अवधि से संबंधित दिल्ली शराब घोटाले से उत्पन्न अपराध की आय को प्राप्त करने उपयोग करने में शामिल थे।

### बीआरओ के मजदूरों को मुआवजे पर छूट को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव के लिए दी सहमति



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। मौजूदा प्रावधानों के तहत, जिन आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों ने बीआरओ में कम से कम 179 दिन काम किया है, उन्हें पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि एकमुश्त भुगतान के दायरे में रखा गया है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा-रक्षा मंत्री ने बीआरओ/सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स (जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को अनुग्रह राशि के एकमुश्त भुगतान के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अभी तक 179 कार्य दिवसों की इस बाध्यता के कारण, दिवंगत सीपीएल के कई परिवार इस अनुदान से वंचित रहे हैं। बीआरओ इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

मंत्रालय ने कहा कि प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे जैसे कारक आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं। मंत्रालय ने कहा-आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों की काम करने के दौरान हुई मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर न्यूनतम 179 कार्य दिवसों की शर्त में छूट इनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत होगी, जो सरकारी ड्यूटी के दौरान अपने कमाऊ सदस्य को खो देते हैं।

### उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के प्रदर्शन की एक फर्जी तस्वीर का कथित तौर पर इस्तेमाल करने के लिए पुलिस को उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के साथ-साथ कांग्रेस की राज्य इकाई के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख बी.आर. नायडू के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। भाजपा नेताओं ने वर्ष 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस आंदोलन का हिस्सा रहे कार सेवक श्रीकांत पुजारी की गिरफ्तारी को लेकर हाल ही में हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया था भाजपा के प्रदर्शनकारियों ने हाथ में तख्तियां ली हुईं थीं।

### सिद्धारमैया व कांग्रेसियों ने केंद्र के खिलाफ किया प्रदर्शन

▸▸ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके राज्य के लिए मांगी राशि

नई दिल्ली, एजेंसी




नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और अन्य कर्नाटक कांग्रेस नेता। ● एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कई नेताओं ने कर राजस्व वितरण में राज्य के साथ हुए ''अन्याय'' को लेकर बुधवार को केंद्र के खिलाफ यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के हिस्से की राशि तत्काल जारी करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार, राज्य के कई सांसद, मंत्री और विधायक शामिल हुए। कांग्रेस का आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों में कर राजस्व में उसके प्रदेश के हिस्से की राशि के हस्तांतरण और सहायता अनुदान में कर्नाटक के साथ ''अन्याय'' किया गया है।

विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार 15वें वित्त आयोग के तहत कर्नाटक को कथित तौर पर हुए 1.87 लाख करोड़ रुपये के नुकसान की भरपाई करे। सिद्धारमैया ने कहा कि यह विरोध भाजपा के खिलाफ नहीं, बल्कि कर्नाटक के साथ भेदभाव के खिलाफ है। उन्होंने भाजपा के इस आरोप को खारिज किया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ावा देना है।

सिद्धारमैया ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा-हम भारत सरकार द्वारा कर्नाटक और अन्य दक्षिणी राज्यों के साथ किए गए भेदभाव का मुद्दा उठा रहे हैं। इसीलिए मैंने भाजपा और जनता दल (एस) के सभी सांसदों को पत्र लिखकर इस आंदोलन में भाग लेने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि 14वें वित्त आयोग के तहत राज्यों, खासकर कर्नाटक को कर राजस्व बांटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्मूले को 15वें वित्त आयोग ने बदल दिया था।

# पंत को आईपीएल खेलने का पूरा भरोसा: पोंटिंग

मेलबर्न, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेट कीपिंग से दूर रह सकता है। पंत दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। उन्होंने कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है।

पोंटिंग ने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होगी, वह सक्रिय है और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा है। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेट कीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच ना खेले लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

पंत अगर विकेट के पीछे अपनी की भूमिका निभाने में सक्षम नहीं हुए तो वह बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं या आगामी आईपीएल में उनका इस्तेमाल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में हो सकता है। आईपीएल का आगामी सत्र मार्च के आखिर में शुरू हो सकता है। पोंटिंग ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि अगर मैंने अभी उससे खेलने के बारे में पूछा तो वह कहेगा, मैं हर मैच खेलने के लिए तैयार हू, मैं हर मैच में कीपिंग और चौथे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। हम हालांकि अभी इस मामले में और इंतजार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि वह कमाल का खिलाड़ी है। वह स्पष्ट रूप से हमारा कप्तान है।

## मेजर लीग क्रिकेट में वाशिंगटन फ्रीडम के मुख्य कोच होंगे रिकी



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र से पहले बुधवार को वाशिंगटन फ्रीडम फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम दिल्ली कैपिटल्स के भी मुख्य कोच। उन्होंने भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी संजय गोविल के स्वामित्व वाली वाशिंगटन फ्रीडम के साथ दो साल का करार किया है। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल पोंटिंग फ्रेंचाइजी में ग्रेग शेफर्ड की जगह लेंगे। इस टी-20 लीग का दूसरा सत्र छह टीमों के बीच जुलाई में खेला जाएगा। पोंटिंग ने कहा कि मैं 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम से जुड़ने के लिए बेहद उत्साहित हूं। अमेरिका में क्रिकेट वास्तव में बढ़ रहा है और मैं मेजर लीग क्रिकेट का हिस्सा बनने का इंतजार कर रहा हूं।

# राज्यस्तरीय बालिका हैंडबाल स्पर्धा 15 से

**लखनऊ, अमृत विचारः** राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका (अंडर-15) हैंडबाल प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 15 से 18 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर की टीमें हिस्सा लेंगी। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय सेठी के अनुसार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली लखनऊ टीम के गठन को ट्रायल भी बाबू स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तर पर चयन ट्रायल 13 फरवरी और मंडल स्तर पर ट्रायल 14 फरवरी को आयोजित होंगे। इस ट्रायल में शामिल होने वाले बालिकाओं का जन्म एक जनवरी 2009 के बाद होना चाहिए।

# इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में फूंकी जानः बॉथम

मेलबर्न, एजेंसी



महान आल राउंडर इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है।

बॉथम ने कहा कि आपको बस दर्शकों की तरफ देखने की जरूरत है। दर्शकों ने अब टेस्ट क्रिकेट देखने के लिए वापसी करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत में 20-30 साल पहले भारत के खिलाफ खेलते हुए मैदान भरे रहते थे। अचानक से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) आया, फिर इसने और वनडे क्रिकेट के कारण टेस्ट में दर्शकों की संख्या में गिरावट आई, लेकिन अब लोग वापसी कर रहे हैं और 'बैजबॉल' क्रिकेट देखना चाहते हैं।

पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड ने 'बैजबॉल' तरीके से खेलने के बाद से हारने की तुलना में ज्यादा टेस्ट मुकाबलों में जीत हासिल की है। आखिरकार आप मनोरंजन करने के लिए हो और अगर आप चाहते हो कि लोग मैच देखने आएं तो आपको उनका मनोरंजन करना पड़ेगा। वे ऐसे खिलाड़ी को नहीं देखना चाहेंगे जो काफी कम रन जुटाए। आप ऐसे क्रिकेटर को देखना चाहोगे जो मैच में आक्रामक बल्लेबाजी से दबदबा बनाए। इंग्लैंड के लिए 1977 से 1992 के बीच 102 टेस्ट मैच खेलकर 383 विकेट चटकाने और 5200 रन बनाने वाले बॉथम ने कहा कि आप एक या दो मैच गंवाओगे ही, लेकिन इंग्लैंड ने 15 मैच खेले और 12 जीते। टेस्ट क्रिकेट अब पहले से बेहतर हो गया है। अब अन्य टीम भी इंग्लैंड की तरह खेलना चाहती हैं। इसका अन्य टीमों पर प्रभाव पड़ रहा है। अकसर देखा है कि जब टीम के 3 या 4 विकेट गिर गए तो गेंदबाजी करने वाली टीम थोड़ी 'रिलैक्स' होती दिखती है। जब आपने दबाव बना लिया है तो आपको ऐसा ही रखते हुए अपना काम करना चाहिए।

## खेल डायरी

### बेंगलुरु ओपन में डेविस कप नायकों पर होगी निगाह

**बेंगलुरु, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी सहित कई शीर्ष खिलाड़ी 12 से 18 फरवरी के बीच यहां होने वाले बेंगलुरु ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। डेविस कप में नहीं खेलने वाले भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल को भी उनकी 137वीं रैंकिंग के कारण प्रतियोगिता में सीधा प्रवेश दिया गया है। बेंगलुरु ओपन में 257वीं रैंकिंग तक के खिलाड़ियों को सीधा प्रवेश मिला है। पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नागल ने मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। युगल में रामकुमार ने हमवतन साकेत मायनेनी के साथ, जबकि बालाजी ने जर्मनी के आंद्रे बेगेमैन के साथ जोड़ी बनाई है। रामकुमार और माइनेनी ने 2022 में यहां युगल खिताब जीता। पाकिस्तान के मोहम्मद शोएब के खिलाफ जीत दर्ज करके डेविस कप में शानदार आगाज करने वाले निकी पूनाचा ने हमवतन ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली के साथ जोड़ी बनाई है।

### सैफ अंडर-19 के फाइनल में पहुंचे भारत-बांग्लादेश

**ढाका, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां जब सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में मेजबान बांग्लादेश से भिड़ेगी तो उसकी निगाह मिथक तोड़कर खिताब हासिल करने पर होगी। भारत में महिला फुटबॉल में सुधार के बावजूद आयु वर्ग की प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। भारतीय टीम को सैफ प्रतियोगिताओं में एक से अधिक बार खिताब से हाथ धोना पड़ा था। वह पिछले साल सैफ अंडर-20 प्रतियोगिता के फाइनल में बांग्लादेश से हार गयी थी। ऐसे में भारतीय टीम के पास अपने रिकॉर्ड में सुधार करने का यह शानदार मौका है। भारतीय टीम ने वर्तमान प्रतियोगिता में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने ग्रुप चरण में भूटान (10-0) और नेपाल (4-0) को आसानी से हराया था लेकिन बांग्लादेश से वह एकमात्र गोल से हार गयी थी। भारतीय टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने के कारण फाइनल में जगह बनाई। भारत अब बदला चुकता करने के लिए मैदान पर उतरेगा लेकिन बांग्लादेश को पराजित करना इतना आसान नहीं है।

### पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की पैरालंपिक जाने पर नजर

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मानसी जोशी, मंदीप कौर और पलक कोहली की निगाहें 20 से 25 तक पटाया में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन से इस साल के अंत में होने वाले पैरालंपिक में जगह बनाने पर लगी हैं। भारत ने पिछले साल हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में ऐतिहासिक 111 पदकों में से 21 पदक बैडमिंटन में हासिल किए थे, जिसमें मानसी और मंदीप ने एकल में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं की एसएल3-एसयू5 युगल स्पर्धा में मानसी ने टी मुरूगेसन के साथ रजत पदक और मंदीप ने मनीषा रामदास के साथ कांस्य पदक जीता था। मानसी ने कहा कि हम सभी विश्व चैम्पियनशिप में खेलेंगे जिसके लिए हम 17 फरवरी को जा रहे हैं। यह फाइनल है, यह पैरालंपिक क्वालीफिकेशन वर्ष का अंत है। क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 31 मार्च को खत्म हो रही है, इस दिन से हमारी रैंकिंग और 'रेस टू पेरिस' यही पर रूक जाएगी। इसलिए यह विश्व चैम्पियनशिप हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

### स्नेहा सिंह ने हासिल की दो शॉट की बढ़त



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह ने बुधवार को यहां महिला प्रो गोल्फ टूर के चौथे चरण के शुरूआती दौर में चार होल में तीन बर्डी की बदौलत दो शॉट की बढ़त हासिल की। इस सत्र के दूसरे चरण की विजेता स्नेहा ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह अंडर पार का कार्ड खेलने वाली एकमात्र गोल्फर थीं। उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी हिताशी बख्शी 72 के कार्ड से खुशी खानिजाऊ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावड़ी 74 के कार्ड से अकेले चौथे स्थान पर हैं।

# शीर्ष पर पहुंचने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने बुमराह

## 11 महीने से सूची में शीर्ष पर चल रहे रविचंद्रन अश्विन की ली जगह

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

| रैंकिंग | खिलाड़ी | रेटिंग |
|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | 881 |
| 2 | कगिसो रबाडा | 851 |
| 3 | आर अश्विन | 841 |
| 4 | पैट कमिन्स | 828 |
| 5 | जोश हेजलवुड | 818 |
| 6 | प्रभात जयसूर्या | 783 |
| 7 | जेम्स एंडरसन | 780 |
| 8 | नाथन लियॉन | 746 |
| 8 | रवींद्र जडेजा | 746 |
| 8 | ओली रॉबिन्सन | 746 |

**भारत के तीन स्पिनर्स बिशन सिंह बेदी अश्विन और जडेजा को मिल चुका है खिताब**



दुबई, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने 9 विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले स्पिनर बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए। बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। बल्लेबाजों की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गये है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के लेग स्पिनर रेहान अहमद 70वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले सूची में सुधार करने में सफल रहे।

# हम खिलाड़ियों से संवाद को प्राथमिकमा दे रहे हैं: रूट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

**नतीजे की परवाह किए बिना उसी अंदाज में खेलेंगे जो हमें आता है**



इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही 5 मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। जो रूट ने कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं। इस पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम श्रृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।



# द. कोरिया को हराकर जॉर्डन एशियाई कप के फाइनल में

**अल-रेयान (कतर), एजेंसी।** याजन अल नैमत और मूसा तमारी के गोल के दम जॉर्डन ने खिताब के प्रबल दावेदार द. कोरिया को 2-0 से हराकर पहली बार एशियाई कप फुटबॉल के फाइनल में जगह बनाई। अहमद बिन अली स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अल नैमत और तमारी ने दूसरे हाफ में गोल किए, जिससे जॉर्डन ने इतिहास रच दिया। इसके साथ की द. कोरिया के कोच जुर्गेन क्लिंसमैन का टीम को तीसरी बार चैम्पियन बनाने का सपना भी टूट गया। जॉर्डन के कोच हुसैन अम्मौता ने कहा कि मैंने अपने खिलाड़ियों से कहा था कि वह द. कोरियाई टीम का जितना सम्मान करना चाहिए उससे अधिक न करें। मुझे लगता है कि इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा। हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था। फाइनल में जॉर्डन के सामने ईरान और गत चैम्पियन कतर के बीच खेले जाने वाले सेमीफाइनल मैच के विजेता की चुनौती होगी। खिलाड़ी के तौर पर 1990 में वेस्ट जर्मनी के लिए विश्व कप जीत चुके द. कोरिया के कोच क्लिंसमैन ने इस हार की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि किसी टीम के लिए टूर्नामेंट कैसा होगा इसके लिए कोच जिम्मेदार होता है।

# नहीं रहे क्रिकेटर नीरू कपूर खेल जगत में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**पूर्व खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने जताया शोक**



**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश के बेहतरीन स्ट्रोक क्रिकेटर नीरू कपूर (81 वर्षीय) ने बुधवार की सुबह दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजधानी का खेल जगत शोक में डूब गया। विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों और खेल संघों के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट पर किया जाएगा। परिजनों के अनुसार वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। नीरू कपूर की अस्पताल में मृत्यु हई। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें तीन दिन पहले मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## बॉलीवुड हलचल

# 'सारिपोधा सनिवारम' का शेड्यूल पूरा




**मुंबई, एजेंसी।** नेचुरल स्टार नानी की एक्शन फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। यह फिल्म विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित है। निर्माताओं ने तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें दूसरे शेड्यूल के पूरा होने का खुलासा किया गया। डीवीवी एंटरटेनमेंट ने लिखा कि सारिपोधा सनिवारम ने महत्वपूर्ण दूसरा शेड्यूल पूरा किया। एक सुखद मनोरंजन अनुभव की गारंटी जल्द ही आपके पास आने वाली है। सारिपोधा सनिवारम में एसजे सूर्या और प्रियंका अरुल मोहन भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि संपादन कार्तिका श्रीनिवास द्वारा किया गया है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया गया है।

### 16 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म प्यार के बंधन



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म प्यार के बंधन 16 फरवरी को रिलीज होगी। यशी फिल्म्स प्रा. लि. प्रस्तुत फिल्म प्यार के बंधन के निर्माता अभय सिन्हा और निर्देशक अनंजय रघुराज हैं। अभय सिन्हा ने बताया कि यह बेजोड़ फिल्म है। इसको रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट और निशांत उज्जवल इस फिल्म का वितरण कर रहे हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह फिल्म बंसत ऋतु, के महीना में आ रही है। यामिनी ने कहा कि यह पारिवारिक फिल्म है और इसका निर्माण भव्यता से किया गया है।

# श्रीमद रामायण में काम करना अद्भुत अनुभव : सुजय



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे शो श्रीमद् रामायाण में श्रीराम की भूमिका निभा रहे सुजय रेऊ ने कहा है कि श्रीमद् रामायण में काम करना उनके लिए अद्भुत अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के दिव्य महाकाव्य 'श्रीमद् रामायण' भगवान श्रीराम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है। भगवान श्रीराम का किरदार निभा रहे सुजय रेऊ ने बताया कि एक एक्टर के रूप में, शाही पोशाक से वनवास की साधारण पोशाक में बदलाव एक गहरा बदलाव रहा है, लेकिन भगवान श्रीराम के गुणों को मूर्त रूप देना निरंतर जारी है, जो सभी स्थितियों में सौम्यता और हौसला बनाए रखते हैं, जो महाकाव्य कथा का केंद्र है। इस शो में काम करना एक बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है, यह न केवल मुझे अपनी कला को विकसित करने में मदद कर रहा है बल्कि इस दिव्य चरित्र की शूटिंग के दौरान मिली सीख के साथ मुझे अपने व्यक्तित्व को आकार देने में भी मदद कर रहा है। माता सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता अटूट भक्ति का प्रतीक है, यह साबित करती हैं कि सच्चा प्रेम चुनौतियों से परे है, भगवान श्रीराम और माता सीता का बंधन सभी के लिए एक सच्ची प्रेरणा है कि वे जीवन की परीक्षाओं का सामना करते हुए अपने जीवनसाथी के साथ खड़े रहें। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित किया जाता है।

# अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी करन की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिलमकार करण जौहर की वेबसीरीज 'लव स्टोरियां' 14 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' में छह एपिसोड होंगे, जिसमें सच्ची प्रेम कहानियां दिखाई जाएंगी। धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन तले बनी वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' वैलेंटाइन-डे पर 14 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम अकाउंट से वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा है, 'इस वैलेंटाइन हम आपके लिए ऐसी कहानियों को लेकर आए हैं, जो आपको प्यार पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगी। ये फेयरीटेल रोमांस के मेकर्स द्वारा बनाई गई हैं।' वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' की कहानियों को 6 निर्देशक अक्षय इंडिकर, अर्चना फड़के, कॉलिन डी'कुन्हा, हार्दिक मेहता, शाजिया इकबाल और विवेक सोनी के जरिए दिखाया जाएगा। वहीं, वेब सीरीज 'लव स्टोरियां' को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है।

### यश कुमार की तीन फिल्मों का हुआ भव्य मुहूर्त



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की तीन फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हो गया। यश कुमार की तीनों फिल्मों का निर्माण उनके होम प्रोडक्शन की कंपनी यश कुमार एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति होगी, जिसकी निर्माता निधि मिश्रा हैं। यश कुमार की जिन तीन फिल्मों का मुहूर्त हुआ है, उनमें दिल तो बच्चा है जी, जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर हैं 2 है। यश कुमार ने बताया कि तीनों फिल्में अलग-अलग और बेहतरीन पटकथाओं पर आधारित है। उन्होंने कहा है कि जानवर और इंसान 2 और दामाद जी किराए पर है 2 का पहला भाग बेहद सफल रहा था। तब दर्शकों ने दोनों फिल्मों को खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इस वक्त हमने इस फिल्म के सीक्वल को बनाने का निर्णय लिया था जिसके लिए अब हम तैयार हैं और यह जल्द ही आपके सामने होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# अमेरिका: राज्य ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ अमेरिकी हिंदू संगठन एचएएफ ने बताया बड़ी जीत



कैलिफोर्निया राज्य सरकार के नागरिक अधिकार विभाग ने कहा कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म का जरूरी हिस्सा नहीं है। इसके साथ ही विभाग ने सिलिकान वैली तकनीकी दिग्गज पर भेदभाव का आरोप लगाने वाली अपनी 2020 की शिकायत में संशोधन किया है।

अमेरिका में हिंदुओं के अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शिकायत में संशोधन को बड़ी जीत करार दिया। एचएएफ ने बताया कि कैलिफार्निया नागरिक अधिकार विभाग ने स्वेच्छा से दिसंबर के पहले सप्ताह में सिस्को सिस्टम्स के खिलाफ शिकायत में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव दायर किया। शिकायत में सिस्को सिस्टम में जाति आधारित भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया गया था। इसमें कहा गया था कि जाति और जाति आधारित भेदभाव हिंदू धर्म की शिक्षाओं और प्रथाओं का अनिवार्य हिस्सा है। हालांकि अब शिकायत में से गलत व असंवैधानिक बात को हटा लिया गया है और यह भारतवंशियों धार्मिक अधिकारों के रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि एचएएफ ने कहा कि नागरिक अधिकार विभाग के बयान के कई हिस्से अभी परेशान करने वाले हैं।

## रक्षा-अंतरिक्ष क्षमताओं को बढ़ावा देने को कर रहे काम : सीडीएस

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया है। बुधवार को उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना चाहिए। वे एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित डेफसैट सम्मेलन और एक्सपो के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। निजी क्षेत्र के अंतरिक्ष उद्यमियों से अपील करते हुए सीडीएस ने कहा कि वे लोग मल्टी-सेंसर उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों के एक मजबूत नेटवर्क को विकसित करने में भागीदार बने ताकि सशस्त्र बलों की खुफिया और निगरानी क्षमता को बढ़ाया जा सके। आगे बोलते हुए उन्होंने यह भी बताया कि रक्षा अंतरिक्ष क्षेत्र में विकसित और आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सशस्त्र बल लगातार काम कर रहे हैं।

# इस साल भारतीयों को अमेरिका के रिकॉर्ड वीसा

*भारत और अमेरिकी के बीच बढ़ती मित्रता के चलते अमेरिकी सरकार ने भारतीयों को रिकॉर्ड संख्या में वीसा जारी करने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में कार्यरत अमेरिकी दूतावास ने वित्त वर्ष 2023 में 11 लाख लोगों को अमेरिकी वीसा जारी किया। जबकि इससे पहले, वित्त वर्ष 2022 में 6.34 लाख और 2021 में 2.56 लाख लोगों को ही वीसा जारी किया गया था।*

**40%** आवेदकों को व्यक्तिगत इंटरव्यू से छूट




- भारतीयों को वीसा में देरी के मुद्दे को 2021 के बाद से पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कई बार उठाया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को 2022 में खुद इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा।
- एक अधिकारी ने बताया कि इसके बाद मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर शुरू हुआ और भारतीयों को वीसा जारी करने में आ रही समस्याओं की पहचान और उन्हें दूर करने की रणनीति तैयार हुई। एडवांस टेक्नोलॉजी और डेटा एनालिटिक्स से वीसा प्रोसेस की इफिशिएंसी बढ़ाई।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय, गृह विभाग, व्हाइट हाउस सभी ने एक साथ मिलकर भारतीयों को वीसा बढ़ाने के लिए तेज रफ्तार से काम किया।
- अमेरिकी विदेश विभाग ने कुशलता से काम करने और क्षमता बढ़ाने के लिए अधिक कर्मचारियों को नियुक्त किया।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से वीसा आवेदन करने वाले कई लोगों के लिए रिमोट इंटरव्यू को मंजूरी दी गई। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय की तरफ से छात्रों, अस्थायी श्रमिकों और कम जोखिम वाले कई आवेदकों के लिए व्यक्तिगत इंटरव्यू की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। इसकी जगह रिमोट इंटरव्यू किए गए। 2023 में गैर- आप्रवासी वीसा प्राप्त करने वाले 40% लोगों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की जरुरत नहीं पड़ी, जिससे उनके स्लॉट उन लोगों के लिए स्लॉट खुल गए, जिन्हें इसकी ज्यादा आवश्यकता थी।



## अफगानिस्तान: गाना सुनना भी गुनाह, 10 को किया गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान ने अपने शासन के बाद आम लोगों पर प्रतिबंध थोपना जारी रखा है। तालिबान ने कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं और हाल ही में गाने सुनने पर लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तखर प्रांत के सूत्रों ने बताया कि अफगानिस्तान के येंगी काला जिले में गाने सुनने और संगीत वाद्ययंत्र बजाने के लिए कम से कम 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि तालिबान ने पिछले दो साल से अफगानिस्तान के लोगों पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है। सूत्रों ने बताया कि लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। बताया गया कि तालिबान के लड़ाकों ने सोमवार को येंगी कला जिले के सफी मंगल गांव में एक घर पर छापा मारा और कम से कम 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

## एक नजर

### ब्रिटेन: भारतीय मूल की राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का निधन

**लंदन।** भारतीय मूल की शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ श्रीला फ्लेदर का 89 वर्ष की उम्र में मंगलवार को ब्रिटेन में निधन हो गया। श्रीला शिक्षिका एवं राजनीतिज्ञ होने के साथ ही हाउस ऑफ लॉर्ड्स में अपनी खूबसूरत साड़ियों के लिए जानी जाती थीं और वह विंडसर की बैरोनेस फ्लेदर तथा बर्कशायर की मेडेनहेड के रूप में एक लाइफ पीयर थीं। लाइफ पीयर वह पदवी होती है जो किसी अन्य स्थानांतरित नहीं की जा सकती। उन्होंने विश्व युद्ध के दौरान लगभग 50 लाख राष्ट्रमंडल सैनिकों द्वारा युद्ध में दी गई सेवा के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप लंदन के हाइड पार्क कॉर्नर में मोरियल गेट्स के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### बर्फबारी से 400 सड़कें जाम, 12 तक मौसम साफ होने की उम्मीद




**शिमला/मनाली।** हिमाचल प्रदेश में कई दिनों से जारी बर्फबारी के बाद बुधवार को धूप निकली तो पारा माइनस में होने के बाद भी मनाली, शिमला, धर्मशाला, कुल्लू में कई पर्यटक उमड़ रहे हैं। हालांकि बर्फबारी के कारण अभी भी राज्य की 400 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 12 फरवरी तक मौसम साफ रहने की उम्मीद है। वहीं अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर 5 फीट बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। एक सप्ताह के भीतर दोनों छोर में बर्फ के ढेर लग गए हैं।

### पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने जर्मनी में कपड़ों के कचरे का बनाया पहाड़



**बर्लिन।** जर्मनी में बर्लिन फैशन वीक के पहले ही दिन विरोध में ग्रीनपीस कार्यकर्ताओं ने बैंडेनबर्ग गेट के बाहर कपड़ों के कचरे का पहाड़ खड़ा कर दिया। ये कपड़े अफ्रीकी देश घाना के अकरा के बाजार से लाए गए थे। यूरोप और अमेरिका अपने कपड़े अफ्रीका में डंप कर देते हैं।

**पड़ोसी देश में मतदान आज**, 5 हजार प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला मतपेटियों में होगा बंद

# ...तो पाक में चुनाव से होगा सत्ता परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए आज मतदान होगा। चुनावी सरगर्मियों का आज अंतिम दिन है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी समेत कई पार्टियां चुनावी मैदान में हैं। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी पीटीआई इस बार के दूर-दूर तक दिखाई नहीं दी। पाकिस्तान के 76 सालों के इतिहास में सबसे घातक और अविश्वशनीय चुनाव माना जा रहा है।

लेकिन पूरी दुनिया को मालूम है कि रिजल्ट क्या आएगा? पाक में नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व वाली हाइब्रिड सरकार बनने के आसार हैं। हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन इस बार चुनाव से पहले की सेना और राजनीतिक दलों का गठजोड़ हो गया है। सरकार किसी की भी बने, लेकिन नियंत्रण सेना के पास ही रहेगा। शाहबाज शरीफ ने स्पेशल इंवेस्टमेंट फैसिलिटेशन काउंसिल (एसआईएफसी) बनाई थी, तब जनरल असीम मुनीर का तर्क यह था कि हमारे मित्र मुस्लिम राष्ट्र केवल सैन्य नेतृत्व वाली व्यवस्था के माध्यम से पाकिस्तान में निवेश करने के इच्छुक हैं।




### 6 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात

पाकिस्तान में लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 6 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस, नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत सशस्त्र बल के जवान मतदान केंद्रों के बाहर ड्यूटी करेंगे। मतदान गुरुवार सुबह आठ बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। पारदर्शी मतपेटियों और अन्य प्रासंगिक चुनाव सामग्री को अंदर डालने से पहले मतपेटियों, मतपत्रों और मतपत्रों पर मुहर लगने पर उनकी गोपनीयता बनाए रखने के लिए विशेष स्क्रीनों के परिवहन की प्रक्रिया देश भर में जिला और उप-जिला स्तरों पर सुचारू रूप से चल रही थी।

### तीन बड़े राजनैतिक किरदारों के समीकरण

बहुमत मिला तो नवाज पीएम, वर्ना शाहबाज : नेशनल असेंबली में पीएमएलएन को बहुमत मिला तो नवाज चौथी बार पीएम बनने का मौका नहीं जाने देंगे। गठबंधन करना पड़ा तो शाहबाज पीएम संभव हैं।

**जरदारी का जोड़-तोड़ में कोई मुकाबला नहीं :** जोड़-तोड़ में आसिफ अली जरदारी का मुकाबला नहीं। पीटीआई के सभी प्रत्याशी निर्दलीय लड़ रहे हैं। इसी दम पर पीपीपी को सरकार बनाने की उम्मीद है।

**इमरान जेल में लेकिन प्रचार में ताकत झोंकी :** पीटीआई के नेताओं को भले ही रैली करने का मौका नहीं मिला हो। इमरान खान सोशल मीडिया और रिकॉर्डेड टेलीफोन मैसेज के जरिए प्रचार कर रहे हैं।

**24.15** करोड़ आबादी के साथ दुनिया का 5वां सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है पाकिस्तान

**5,121** प्रत्याशी नेशनल असेंबली के चुनाव में

**12.8** करोड़ मतदाता
• 266 सांसद बनेंगे

**167** रजिस्टर्ड राजनीतिक दल

**4,806** पुरुष 312 महिला 2 ट्रांसजेंडर उम्मीदवार होंगे शामिल

**90,582** पोलिंग स्टेशन पूरे देश में



किस धर्म के कितने वोटर

| | |
|---|---|
| 96.28% | मुस्लिम |
| 1.59% | ईसाई |
| 1.6% | हिन्दू |
| 0.58% | अन्य |

# चुनाव से एक दिन पहले दहला बलूचिस्तान, विस्फोट में 40 मरे



पशिन में बम विस्फोट के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग।

क्वेटा, एजेंसी

पाकिस्तान में बुधवार को आम चुनाव से पहले बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो अलग-अलग जगह बम विस्फोट हुए हैं।

हमले में 40 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। पहली घटना में, पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। एक घंटे से भी कम समय के बाद, किला अब्दुल्ला क्षेत्र में जमीयत उलेमा इस्लाम (जेयूआई) के चुनाव कार्यालय के बाहर एक और बम विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की जान चली गई और 22 अन्य घायल हो गए। दोनों विस्फोटों की जिम्मेदारी किसी समूह या व्यक्ति ने नहीं ली है।

पांगुर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अब्दुल्ला जेहरी ने कहा, निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर भीषण बम विस्फोट हुआ। इस घटना में कम से कम 27 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बम उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय के बाहर एक बैग में रखा गया था जिसमें टाइमर लगा था। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होना है और इससे पहले बलूचिस्तान में हिंसा चरम पर है।

## जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार आरोपियों से मिले 200 से ज्यादा दस्तावेज, जांच में जुटी ईडी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को कहा कि उसे जबरन वसूली के लिए गिरफ्तार किए गए लोगों से 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात मिले हैं। इन दस्तावेजों की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। आरोपी कथित तौर पर एक रियल एस्टेट डेवलपर से 164 करोड़ रुपये वसूलने की कोशिश कर रहे थे।

पुलिस ने पहले बताया था कि जबरन वसूली के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों रियल एस्टेट डेवलपर को चेतावनी दी थी कि ईडी उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने रियल एस्टेट डेवलपर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा ने जांच के दौरान आरोपियों से विभिन्न मामलों से जुड़े 200 से ज्यादा दस्तावेज और कागजात को जब्त किया है। जिनकी जांच ईडी कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से मिले दस्तावेजों में महादेव सट्टेबाजी एप मामले से जुड़े कागजात भी शामिल हैं। इस मामले में तीस से ज्यादा को लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बांद्रा पुलिस में पिछले महीने भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंबई अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही है।

## ईडी टीम पर हमले की जांच मामले में एकल पीठ के आदेश पर लगाई रोक

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में पिछले माह ईडी के अधिकारियों पर हुये हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस के संयुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के एकल पीठ के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी की अपील पर यह आदेश दिया। ईडी ने अपनी याचिका में मामले की जांच केवल सीबीआई से कराने की अपील की थी।

कथित राशन वितरण घोटाला मामले में पांच जनवरी को ईडी अधिकारियों की एक टीम जब संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास की तलाशी लेने गई थी उसी दौरान भीड़ ने उन पर हमला कर दिया था, जिसमें एजेंसी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

## अदन में एक ही दिन में दो पोतों पर हूती विद्रोहियों का हमला, अमेरिका से भारत आ रहा था एक जहाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हूती विद्रोहियों ने एक ही दिन में दो जहाजों पर ड्रोन से हमले किए। हमले की जानकारी देते हुए ब्रिटिश सेना के मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेएमटीओ) ने बताया कि हमास-इजराइल के युद्ध के बाद हमास के समर्थन में जहाजों को निशाना बनाने के ईरान समर्थित लड़ाकों के अभियान में यह नवीनतम हमला है। यूकेएमटीओ ने बताया कि मंगलवार को यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन के पास जहाज पर हमला हुआ। सुरक्षा फर्म एंब्रे ने इसकी पहचान मार्शल आइलैंड्स के ध्वज और ग्रीक स्वामित्व वाले जहाज के रूप में की है, जो अमेरिका से भारत की ओर आ रहा है।

एंब्रे के मुताबिक जहाज के स्टारबोर्ड की ओर से 50 मीटर दूर जोरदार विस्फोट हुआ था। हालांकि, इससे न तो जहाज के ढांचे को क्षति पहुंची है और न कोई हताहत हुआ है। हमले के बाद हूती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता, ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि विद्रोही बलों ने लाल सागर में दो जहाजों पर हमला किया, जिनमें से एक अमेरिकी और एक ब्रिटिश था। हालांकि, हूतियों ने भारत आ रहे जहाज पर हुए हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अदन में हमले के बारे में एंब्रे ने बताया कि दूसरा हमला ब्रिटिश कंपनी मॉर्निंग टाइड के मालवाहक जहाज पर किया गया जिस पर बारबाडोस का ध्वज लगा है।

## यूएई में मंदिर...



**अबू धाबी :** बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहले हिंदू मंदिर के भव्य उद्घाटन के लिए अबू धाबी पहुंच गए हैं। आध्यात्मिक नेता खाड़ी देश में पहले हिंदू मंदिर के ऐतिहासिक उद्घाटन की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन करेंगे। मोदी अबू धाबी के भव्य शेख जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करने के लिए भी तैयार हैं। 'अहलान मोदी' मतलब 'हैलो मोदी' वाले इस कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। ● एजेंसी



**चिंताजनक** यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट ने जारी की ताजा रिपोर्ट

# कुछ सालों में वैश्विक तापमान में 2° बढ़ोतरी के आसार

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** तमाम कोशिश के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है। अब ताजा रिपोर्ट में बताया है कि अगले कुछ वर्षों में वैश्विक ताप औसत दो डिग्री सेल्सियस पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि जिस ताप को 1.5 पहुचने में तीन सौ साल लग गए, अब अगले कुछ ही सालों में 0.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की ओर अग्रसर है। यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ओसियंस इंस्टीट्यूट में कोरल-रीफ जियोकेमिस्ट मैल्कम मैककुलोच ने रिपोर्ट जारी कर कहा है कि समुद्र के तापमान मापन की नई तकनीक आने से पहले की तुलना में अधिक विश्वसनीय आंकड़े मिलने लगे हैं। संभव है कि पूर्व में तापमान लगभग आधा डिग्री कम आंका गया हो।

गौरतलब है कि, नई तकनीक के अनुसार पृथ्वी में पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस तापमान पार कर चुका है, जो वर्तमान तरीकों की तुलना में समय में बहुत पीछे चला जाता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में सभी देशों ने 1.5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी को जलकयु परिवर्तन का कारण माना था और इसकी रोकथाम के लिए सहमत हुए थे।



### वैश्विक तापमान पर अंकुश के लिए प्रयास जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह का कहना है कि इसमें दोराय नही कि वैश्विक ताप में वृद्धि हो रही। जिसकी रोकथाम के लिए प्रयास किये जाते रहे हैं। मगर सामूहिक प्रयास से ही इस पर अंकुश लगाया जा सकता है।

बता दें कि, ताज़ा आंकड़े कुछ और कहानी बयां कर रहे हैं। सबसे पहले 1850 से 1900 के बीच समुद्र सतह का तापमान का रिकॉर्ड उपलब्ध हुआ था। तभी से वैश्विक ताप में बढ़ोतरी के संकेत मिल गए थे। नई तकनीक में 33 से 91 मीटर समुद्र की गहराई का अध्ययन किया गया । इस हिस्से को महासागर मिश्रित परत कहा जाता है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि समुद्र की सतह का तापमान शीर्ष पर अत्यधिक परिवर्तनशील हो सकता है। मगर 33 से 91 मीटर की परत मिश्रित परत सही आंकड़ा प्रदान करती है। इस आधार पर वैष्विक ताप का आंकलन ताप का नया आंकलन किया गया है। नेचर क्लाइमेट चेंज टुडे में यह शोध प्रकशित हुआ है।

## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत दूसरे को किया जख्मी

न्यूयॉर्क। अमेरिका में भारतीय छात्रों को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इंडियाना राज्य के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में भारतीय छात्र मृत पाया गया। वहीं, एक अन्य भारतीय छात्र पर शिकागो में हमला कर जख्मी कर दिया है। रविवार के बाद से देश में इस तरह की छह घटनाएं सामने आ चुकीं हैं। मीडिया मुताबिक, तेईस वर्षीय समीर कामथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट के अभ्यर्थी थे। वह सोमवार को वॉरेन काउंटी में मृत पाए गए। इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल ने मंगलवार को समीर की मौत की पुष्टि की। एजेंसी ने कहा कि समीर का शव का जंगल में मिला। एक अन्य घटना में, भारतीय आईटी छात्र सैयद मजाहिर पर रविवार को शिकागो में हमला किया गया। अज्ञात लोगों ने उनका पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। दोनों घटनाओं में पुलिस जांच में जुटी है।

# बाड़ेबंदी से एक समूह खुश, नगा-कुकी नाखुश

इंफाल, एजेंसी

▸▸ भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी को लेकर नगा-कुकी संगठन ने किया विरोध



**16** सौ 43 किमी मिजोरम मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश तक लगती है सीमा

भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ेबंदी करने के केंद्र के फैसले का इंफाल घाटी स्थित मैतई संगठनों ने स्वागत किया है। वहीं दूसरी ओर, मणिपुर में नगा और कुकी निकायों ने इसको लेकर विरोध दर्ज कराया है। गौरतलब है कि मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि केंद्र सरकार अभेद्य सीमाएं बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर की लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर फेंसिंग करने का फैसला किया है। इसके साथ ही बेहतर निगरानी सुविधा, सीमा पर एक गश्ती ट्रैक बनाने भी बनाया जाएगा। इस बाड़ेबंदी का उद्देश्य म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकना है।

घाटी स्थित नागरिक निकायों की एक संयुक्त संस्था, समन्वय समिति ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के फैसले का स्वागत किया, लेकिन आगाह किया कि इस प्रक्रिया के दौरान राज्य के किसी भी भूमि क्षेत्र से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

समिति के सहायक मीडिया समन्वयक एम धनंजय ने कहा कि अगर यह 30 साल पहले किया गया होता, तो हमें वह हिंसा नहीं देखने को मिलती, जो हम आज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं की तस्करी होती है, जिससे युवाओं को खतरा है। एम धनंजय ने कहा कि देश की सीमा को फेंसिंग के जरिए बंद किया जाना चाहिए। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस काम को इस तरह से किया जाना चाहिए, कि हमारे भूमि क्षेत्र न छूटे। इंफाल घाटी स्थित मैतेई समूहों की लागातर मांग रही है कि म्यांमार से सटी सीमा को बाड़ लगाकर बंद किया जाए। मैतेई समूहों का यह भी आरोप है कि बिना बाड़ वाली अंतर्रास्ट्रीय सीमा का फायदा उठाकर भारत में नशीले पदार्थों की तस्करी की जा रही है।

बता दें, भारत-म्यांमार सीमा के पास रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्रों में 16 किलोमीटर आने-जाने की अनुमति देती है।